लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 241, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत... 15

www.amritvichar.com

आज का मौसम

29.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 06 : 00 | सूर्यास्त 05 :57

लखनऊ, रविवार, 29 सितंबर 2024

हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला मारा गया

तेल अवीव, एजेंसी

- लेबनान के चरमपंथी संगठन ने भी की पुष्टि

इजराइली सेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने हिजबुल्ला के साथ महीनों से जारी संघर्ष में उसे अब तक सबसे बड़ा झटका देते हुए बेरूत में शुक्रवार को हमला कर चरमपंथी समूह के नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया। इस बीच लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने भी अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक नसरल्ला के मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की। नसरल्ला हिजबुल्ला के साथ लड़ाई में मारा गया चरमपंथी समूह का अभी तक का सबसे ताकतवार नेता है।

इजराइली सेना ने कहा कि जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण

में दहियेह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था, तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार को कहा कि नसरल्ला का खात्मा अंत नहीं है। हलेवी ने कहा कि हिजबुल्ला के नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किए जाने की लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी।

इससे पहले इजराइली सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर शुक्रवार को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक भीषण विस्फोटों से कई ऊंची इमारतें ध्वस्त हो गईं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई और 91 घायल हो गए। नसरल्ला तीन दशक से अधिक समय से हिजबुल्ला का नेतृत्व कर रहा था।

दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत : मोदी

जम्मू में बोले प्रधानमंत्री -हमने गोली का जवाब गोले से दिया, कहा-कश्मीरियों को भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त सरकार की आस

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर 2016 में की गई सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगा। कहा कि इस दिन भारत ने दुनिया को संदेश दिया था कि यह नया भारत है और यह घर में घुसकर मारता है। मोदी ने यहां शनिवार को एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को निशाने पर रखा। इन दलों को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

मोदी ने रैली में दावा किया कि भाजपा के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जम्मू-कश्मीर के लोग तीन परिवारों-कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को वापस नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, आतंकवाद, अलगाववाद एवं रक्तपात नहीं चाहते हैं। इसके बजाय वे शांति और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पीढ़ियों के नुकसान के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार पार्टी है। आजादी के समय से ही पार्टी की गलत नीतियों ने विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया। भाजपा सरकार ने आतंक के आकाओं के दिमाग को ठिकाने पर लाने के लिए गोलियों का जवाब मोर्टार गोलों से दिया। 28 सितंबर 2016 में हमने दुनिया को संदेश दिया था कि नया भारत घर में घुसकर मारता है।

कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों का प्रभाव

मोदी ने आरोप लगाया कि यह वही कांग्रेस है जिसने यह सोचकर सशस्त्र बलों से झूठ बोला कि 'वन रैंक, वन पेंशन' सरकारी खजाने पर बोझ होगा। कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सलियों' के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे चुटकुले सुनाते हैं।

कांग्रेस-नेकां, पीडीपी संविधान की दुश्मन

मोदी ने कहा कि कांग्रेस, नेकां और पीडीपी संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। उन्होंने इन दलों पर विभिन्न वर्गों के लोगों को मताधिकार से वंचित कर आंबेडकर के संविधान की भावना की गला घोंटने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा ने संविधान का सम्मान किया और पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, गोरखाओं और वाल्मीकि को मतदान का अधिकार दिया।

एक नजर

स्टालिन ने बेटे उदयनिधि को बनाया उपमुख्यमंत्री

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया है। शपथग्रहण समारोह रविवार को होगा। हालांकि स्टालिन ने कुछ दिन पहले ही संकेत दे दिया था। 18 सितंबर को उदयनिधि ने भी कहा था कि मुख्यमंत्री उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने पर फैसला लेंगे।

एनआईए का छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापा

कांकेर। एनआईए ने वर्ष 2023 में सेना के जवान की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली, गुमझीर, बड़े तेवरा और ऊपर कामता में आठ से अधिक जगहों पर शनिवार को छापेमारी की है। गत 25 फ़रवरी 2023 को अज्ञात सशस्त्र माओवादियों ने उसेली के वार्षिक मेला में जवान की गोली मार कर हत्या की थी।

दिल्ली में प्रदूषण मुक्ति के लिए धूल रोधी अभियान

नई दिल्ली। सर्दियों के दौरान बढ़ते धूल प्रदूषण को रोकने के लिए, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को शहर की 'शीतकालीन कार्य योजना' के हिस्से के रूप में एक व्यापक 14-सूत्री निर्माण दिशानिर्देश जारी किए।

निर्मला सीतारमण पर एफआईआर

कोर्ट के निर्देश पर प्राथमिकी, इलेक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप

दावा : वित्तमंत्री व अन्य आरोपियों ने आठ हजार करोड़ से अधिक का उठाया फायदा

बेंगलुरु, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।

वित्तमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जद (एस) नेता एवं केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, 'निर्मला सीतारमण को इस्तीफा क्यों देना चाहिए? क्या चुनावी बॉण्ड का पैसा निर्मला सीतारमण के निजी खाते में गया है, जिससे वह इस्तीफा दें? क्या उन्होंने आपकी (सिद्धारमैया) तरह सत्ता का दुरुपयोग कर खुद को फायदा पहुंचाया है?' विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय वित्त मंत्री पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं है और उनके खिलाफ चुनावी बॉण्ड मुद्दे और सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुद्दा (चुनावी बॉण्ड) खत्म हो गया है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है और हमारे नेता (प्राथमिकी के संबंध में) कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दी थी चुनावी बॉण्ड योजना

वर्ष 2018 में शुरू किया गया चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को अनाम दान की अनुमति देता है और आलोचकों का तर्क है कि इस प्रणाली में पूरी तरह से पारदर्शिता नहीं है, जिससे चुनाव अभियानों में अवैध धन का इधर से उधर होने की प्रबल आशंका जताई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गत फरवरी माह में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की सीतारमण के इस्तीफे की मांग

बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि भाजपा ने इस मामले पर क्यों चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि निष्पक्ष जांच करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्तीफा भी हो सकता है। उन्होंने भाजपा के सहयोगी एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत ने चुनावी बॉण्ड घोटाले के सिलसिले में सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कर्नाटक भाजपा उनके इस्तीफे के लिए कब विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अगर निष्पक्ष जांच की जाए तो प्रधानमंत्री को भी पद छोड़ना पड़ेगा। कुमारस्वामी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए, जो जमानत पर बाहर हैं।

मुंबई में आतंकी हमले का खतरा अलर्ट पर सुरक्षाबल

मुंबई। मुंबई पुलिस ने त्यौहारों से पहले आतंकवाद रोधी तैयारियों के तहत पूरे शहर के धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। आगामी त्योहारों और चुनावों को देखते हुए 'मॉक ड्रिल' की जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को देश की आर्थिक राजधानी में अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए भाऊचा धक्का, बरकत अली रोड, जुहू के इस्कॉन मंदिर और जावेरी बाजार जैसे स्थानों पर 'मॉक ड्रिल' किया।

- धार्मिक और भीड़भाड़ वाले स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई

अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर शहर के सभी मंदिरों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने को कहा गया है। मुंबई पुलिस ने कहा कि असामाजिक तत्व आवासीय क्षेत्रों में छिपने की कोशिश कर सकते हैं और इससे शांति भंग होने के साथ मानव जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

कुलगाम में हुई मुठभेड़ दो आतंकी मार गिराए

श्रीनगर, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर पुलिस के एएसपी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक अधिकारी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था।

पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुमताज अली घायल हो गए हैं। आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में सेना के चार जवान भी घायल हुए हैं। कुलगाम मुठभेड़ पर कश्मीर के आईजीपी वीके बिरदी ने कहा कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा बलों को आदिगाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। जब सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो उन पर गोलीबारी की गई।

पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी मारे गए हैं तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मुठभेड़स्थल से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है।

कठुआः आतंकियों के साथ मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद

जम्मू। कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े 5 बजे शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया।

टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयां ठप, बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में ढाई हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन घटा, वैकल्पिक व्यवस्था कर उपलब्ध कराई जा रही बिजली

अमृत विचार : टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। करीब हजार ढाई हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की तीन इकाइयां और हरदुआगंज बिजलीघर की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने तीन अक्टूबर तक इनके चालू होने की संभावना जताई। बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट, सिंगरौली की 500 मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले कई दिनों से खराब चल रही हैं। टांडा की 110 मेगावाट की एक और इकाई के साथ ही रिहंद बिजलीघर की 500 मेगावाट व ऊंचाहार की 210 मेगावाट क्षमता की इकाइयां मरम्मत के लिए पहले से बंद हैं। टांडा इकाई के 14 नवंबर व बाकी इकाइयों के 17 अक्टूबर तक चालू किए जाने का समय तय किया गया है। इस तरह, कुल 11 इकाइयों के बंद रहने से उत्पादन बिजलीघरों में 2520 मेगावाट उत्पादन घट गया है। प्रदेश में शनिवार को अधिकतम बिजली मांग 20,927 मेगावाट रही, जबकि लगभग पांच हजार मेगावाट उत्पादन हो रहा था।

लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

बलिया। बलिया-छपरा रेलखंड पर बलिया-मांझी स्टेशन के बीच शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर बड़ा पत्थर रखा मिला। लोको पायलट की सूझ-बूझ से बड़ी घटना होने से बच गई। लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने बकुला-मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर पत्थर देखा, जिसके बाद उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बाद में पत्थर सेफ्टी गार्ड से टकराने के बाद ट्रैक से हट गया, जिसके बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो सकी। सूचना के बाद छपरा, बलिया, वाराणसी और गोरखपुर के सुरक्षा अधिकारी व इंजीनियरों की टीम कुछ घंटे में मौके पर पहुंच गई। सीओ आरपीएफ, आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह, छपरा प्रभारी और क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. उस्मान, थाना प्रभारी बैरिया रामायण सिंह दलबल के साथ पहुंचे।

- बलिया में ट्रैक पर मिला पत्थर

भुखमरी के कगार पर हैं, पेंशन बहाल करा दें साहब

डीपी शुक्ल, लखनऊ

- वर्ष 1991 में पीलीभीत में हुई मुठभेड़ में बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से लगाई गुहार

अमृत विचार : 'भुखमरी की कगार पर हैं साहब, हमारी पेंशन बहाल हो जाती तो हमें व हमारे परिवार को बहुत राहत मिल जाती' यह गुहार 33 साल पहले पीलीभीत में 10 सिख आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी प्रशांत कुमार से लगाई है। डीजीपी ने उन्हें न्याय का भरोसा दिया है।

बता दें कि 12 जुलाई 1991 को पीलीभीत के जंगलों में एक साथ तीन जगह हुई मुठभेड़ में यूपी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के नेता बलजीत सिंह उर्फ पप्पू समेत 10 सिख आतंकवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ पर सवाल उठे और सियासी हंगामा मचा तो हाईकोर्ट के न्यायाधीश केपी सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग ने जांच की। रिपोर्ट में आयोग ने मुठभेड़ को सही करार दिया तो मारे गए आतंकियों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच हुई। 4 अप्रैल, 2016 को दिए फैसले में सीबीआई कोर्ट ने सभी पुलिसकर्मियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद सुनाई। इस पर आरोपी पुलिसकर्मियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील की। 15 दिसंबर 2022 को दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए मुठभेड़ को सही माना और पुलिसकर्मियों को आवश्यक से अधिक बल प्रयोग करना बताया। यही नहीं, आजीवन कारावास की सजा को निरस्त करते हुए 7 साल की सजा सुनाई। फैसला आने तक 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो चुकी थी। मामले में 57 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए 47 पर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। 47 को बर्खास्त कर दिया गया था।

सजा काटने के बाद 13 बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने बदहाल आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सेवानिवृत्त आईजी बद्री प्रसाद सिंह के नेतृत्व में डीजीपी को प्रार्थना पत्र देकर पेंशन बहाली की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इस संबंध में डीजीपी मुख्यालय विधिक राय लेकर अपनी आख्या शासन को भेजेगा।

> मैं उस वक्त सिख आतंकवाद निरोधक अभियान का पुलिस अधीक्षक हुआ करता था। उक्त मुठभेड़ में बर्खास्त हुए व सात साल की सजा पूरी करने वाले 13 पुलिसकर्मियों के साथ मैं डीजीपी प्रशांत कुमार से 20 सितंबर को मिला और उनकी पेंशन बहाली के लिए निवेदन किया। डीजीपी ने न्याय का भरोसा दिया है।
> -**बद्री प्रसाद सिंह**, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

उपलब्धि पंत विश्वविद्यालय की शोधार्थी को मिली कार्बन नैनो ट्यूब बनाने में सफलता, कृषि रोबोटिक्स को मिलेगा बढ़ावा

देश में बनेगी लीथियम आयन बैटरी, मोबाइल-लैपटॉप होंगे सस्ते

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचार : वह दिन दूर नहीं, जब लीथियम आयन बैटरियों का मुख्य घटक कार्बन नैनो ट्यूब देश में ही बनने लगेगा। पंत विवि की शोधार्थी को इसमें सफलता मिली है, जिसे ताइवान की एनएसटी यूनिवर्सिटी ने चार माह के लिए फेलोशिप दी है।

इस तकनीक से मोबाइल और लैपटॉप की बैटरियां सस्ती होंगी और उनकी स्टोरेज क्षमता बढ़ने सहित खेती भी सरसब्ज होगी, क्योंकि इन बैटरियों का उपयोग अब कृषि संबंधी रोबोटिक्स में भी किया जाने लगा है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सीबीएसएच कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. समीना महताब के मार्गदर्शन में मनीषा पांडे शोधरत हैं। वह लीथियम आयन बैटरियों को बनाने में प्रयुक्त होने वाले कार्बन नैनो ट्यूब को ग्रीन प्रक्रम विधि से विकसित कर रही हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफलता हासिल कर चुकी हैं। मनीषा को नेशनल सुन यटसेन यूनिवर्सिटी (एनएसटीसी) ताइवान में चार माह की फेलोशिप मिली है। इसके तहत वह वहां लीथियम आयन बैटरी और आर्गेनिक इश्यूज ऑफ कार्बन नैनो ट्यूब पर शोध करेंगी। मनीषा नेचुरल रिसोर्सेज से कार्ब नैनो ट्यूब बनाने के बाद पता लगाएंगी कि वह लीथियम आयन बैटरी पर किस तरह काम करती है और बैटरी की स्टोरेज क्षमता कितनी बढ़ सकती है। इससे उद्योगों को खर्चीले लेजर सिस्टम से निजात मिलेगी और उसकी जगह ग्रीन फ्रेंडली विधि से नैनो ट्यूब बनाकर देश में ही लीथियम आयन बैटरी बनाई जा सकेंगी।

क्या है लीथियम आयन बैटरी :

वर्तमान में लैपटाप और मोबाइल में जो बैटरियां प्रयोग होती हैं, वह लीथियम आयन बैटरी होती हैं। इनमें कार्बन नैनो ट्यूब नामक नैनो मैटीरियल का प्रयोग होता है, जिसे अभी लेजर प्रक्रिया से बनाया जाता है। इस प्रक्रिया में ग्रेफाइट पर हाई एनर्जी की लेजर को अप्लाई करते हैं, जिसके बाद उसे आयरन से कैटेलाइज करना पड़ता है। जब यह कैटेलाइज होती है, तब उससे कार्बन नैनो ट्यूब बनती है। इस विधि में कार्बन नैनो ट्यूब तो बनती है, परंतु उसमें ग्रेफाइट की शुद्धता क्षीण हो जाती है। ग्रेफाइट से कार्बन नैनो की उत्पादकता मात्र 28-30 प्रतिशत ही है। यदि ग्रीन प्रक्रम विकसित होता है, तो कार्बन नैनो ट्यूब आसानी से बन सकेंगी। लेजर सेटअप काफी महंगा है। ऐसे में सस्टेनेबल स्माल स्केल पर ग्रीन फ्रेंडली अल्टरनेट कार्बन नैनो ट्यूब बनाया जा सकता है।

> कार्बन नैनो ट्यूब को इंडिया में ग्रीन फ्रेंडली विधि से बनाने में सफलता मिली तो हमारी चीन व अन्य देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। जिससे विदेशी मुद्रा देश में आएगी। अभी लीथियम आयन हमें अन्य देशों से खरीदना पड़ता है, फिर अन्य देश हमसे खरीदेंगे। - **डॉ. एमजीएच जैदी**, प्राध्यापक रसायन विज्ञान विभाग।

विमान यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

नई दिल्ली। एयर इंडिया के एक यात्री ने राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क जाने वाले विमान में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। वहीं, एयर इंडिया ने कहा है कि उसने आगे की जांच के लिए खानपान सेवा प्रदाता के समक्ष यह मामला उठाया है। यात्री ने कहा कि जब हमें यह पता चला तब तक मेरा दो साल का बच्चा आधे से ज्यादा ऑमलेट खा चुका था। इसके परिणामस्वरूप वह बीमार हो गया। यात्री ने एक छोटा वीडियो और तस्वीर भी साझा की। उसने पोस्ट में एयर इंडिया, डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री को टैग किया।

- दिल्ली से न्यूयार्क जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट

दिल्ली में 4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- घर से मिले सल्फास के 3 पैकेट

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज दक्षिण थाना क्षेत्र के रंगपुरी गांव में 46 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। उनके शव किराए के उनके घर से बरामद किए गए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि चार में दो बेटियां दिव्यांग थीं और शवों की हालत से ऐसा लगता है कि उनकी मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। मृतकों की पहचान पिछले 28 साल से वसंत कुंज में इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर में बढ़ई के तौर पर काम करने वाले हीरालाल शर्मा और उसकी चार बेटियों नीतू (26), निक्की (24), नीरू (23) और निधि (20) के रूप में की गई है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि शव शुक्रवार दोपहर को मिले और उन पर चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन घर में सल्फास जहर के तीन पैकेट, पांच गिलास और एक संदिग्ध तरल पदार्थ के साथ एक चम्मच मिली है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है क्योंकि किसी भी तरह की साजिश का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति की दो छोटी बेटियां दिव्यांग थीं जबकि पड़ोसियों ने बताया कि चारों दिव्यांग थीं।

एक नजर

छात्राओं को स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 155 घंटे महासफाई अभियान के तहत शनिवार को नगर पालिका परिषद शाहाबाद द्वारा नेहरू म्यु. कन्या इंटर कालेज में कल्चरल एक्टिविटीज, सफाई अभियान व शपथ आदि का आयोजन कराया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर जोर दिया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान एम्बेसडर अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि, हम अपने देश को भी साफ-सुथरा रखें। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्रधानाचार्या नूरुल हुमा ने किया।

आरआर कॉलेज की विजेता टीम को किया सम्मानित

हरदोई, अमृत विचार। भारत के प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाये जाने के अवसर पर आरआर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सम्भाषण प्रतियोगिता में वोकल फार लोकल विषय में वेशव द्विवेदी ने प्रथम स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रुद्र गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में अर्णव गुप्ता एवं वंश गुप्ता ने स्थान प्राप्त किया। मण्डल स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली आरआर कालेज की क्रिकेट टीम की एमएलसी अशोक अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की ओर से पुरस्कृत किया गया।

विश्व रेबीज दिवस पर कार्यशाला आयोजित

हरदोई, अमृत विचार। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक संवेदीकरण गोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य विभागों के अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 18 हजार से 20 हजार मामले आते हैं, इसमें से 30 से 60 फीसदी मामले 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के होते हैं। यह मुख्यत: 99 प्रतिशत तक कुत्ते के काटने से होता है।

भोजन करने के बाद सात छात्राएं हुई बीमार

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरौलिया-साण्डी का मामला

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने दोपहर का खाना खाया और खाना खाते ही उनका जी मिचलाने लगा, साथ ही उल्टियां होने लगी। एक साथ 7 छात्राओं की तबीयत बिगड़ने से वहां हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बीमार छात्राओं को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

इस बारे में बीईओ साण्डी सीमा गौतम ने सफाई देते हुए बताया कि खाने से नहीं बल्कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते छात्राओं की तबियत बिगड़ी। इसका पता होते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह विद्यालय पहुंचें और वहां छात्राओं के खान-पान को परखा, साथ ही बीमार छात्राओं का हाल-चाल लिया। उन्होंने कहा है कि सारे मामले की जांच कराई जाएगी।

सीएचसी में भर्ती छात्राएं। अमृत विचार

बताया गया है कि शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरौलिया साण्डी की छात्राओं ने पूड़ी के साथ अचार खाया था, खाना खाने के बाद एक-एक 7 छात्राओं का जी मिचलाने लगा और उल्टियां होने लगी। इसका पता होते ही विद्यालय में हड़कंप मच गया। छात्राओं चांदनी पुत्री लालाराम, सोनाली पुत्री प्रदीप, कविता पुत्री शिशुपाल, करिश्मा पुत्री धर्मवीर समेत कक्षा 8 की चार और कक्षा 7 की तीन छात्राओं हालत को देखते हुए एम्बुलेंस-108 की मदद से

▸▸ बीईओ बोलीं, खाने से नहीं मौसम से बिगड़ी तबीयत

उन्हे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस बारे में बीईओ साण्डी सीमा गौतम का कहना है कि छात्राएं खाने से नहीं बल्कि मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते बीमार हुई। वहीं इसका पता होते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह विद्यालय पहुंचें, जहां उन्होंने छात्राओं के खान-पान की व्यवस्था को देखा और बीमार छात्राओं का हाल-चाल लिया। डीएम ने कहा है कि सारे मामले की गहराई से जांच कराई जाएगी, इसके लिए जो भी ज़िम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शहीद की स्मृति में बनाए गए द्वार का लोकार्पण

हरदोई, अमृत विचार। वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान अपना जीवन बलिदान करने वाले ग्राम म्योरा बिलग्राम निवासी अमर शहीद वीर सैनिक जैराम धोबी की स्मृति में उनके पुत्र जगतराम द्वारा निर्मित स्मृति द्वार का अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती व क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा ने लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने अमर शहीद को श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए कहा कि हमारे देश की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले अमर शहीद वीर जैराम को समर्पित इस स्मृति द्वार का लोकार्पण करना मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। इस स्मृति द्वार के माध्यम से हम उनके संघर्ष और बलिदान को सदा याद रखेंगे।

भाई की मौत से दुखी छोटे भाई ने दी जान देने की कोशिश

संवाददाता, हरदोई

▸▸ पिहानी कोतवाली के कुल्लही गांव का मामला

अमृत विचार। कपड़ों की फेरी लगा कर गुज़र-बसर कर रहा बड़ा भाई आर्थिक तंगी से इतना टूट चुका था कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बारे में जब उसके छोटे भाई को फता चला तो उसे इतना सदमा पहुंचा कि पहले तो वह कुएं में कूद गया, वहां से निकाले जाने के बाद उसने भी फांसी लगा कर आत्महत्या करने की कोशिश की। मामला पिहानी कोतवाली के कुल्लही गांव का बताया जा रहा है।

एसएचओ पिहानी सुनील कुमार दुबे ने बताया कि कुल्लही गांव निवासी 36 वर्षीय ऋषि बाजपेई पुत्र रमेश चंद्र बाजपेई फेरी लगाकर कपड़ा बेच कर गुज़र-बसर कर रहा था। उसी बीच उसे आर्थिक तंगी ने जकड़ लिया, जिससे वह परेशान रहने लगा था। शनिवार को ऋषि बाजपेई ने रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस बारे में पता होते ही उसका छोटा भाई श्रीकांत आत्महत्या के इरादे से कुएं में कूद गया। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे बाहर निकाला, तो उसके 10 मिनट बाद उसने घर में फांसी लगा ली, कोई अनहोनी होती, उससे पहले उसे देख लिया गया और फांसी के फंदे से उतारा लिया। ऋषि बाजपेई के परिवार में पत्नी प्रीति एक 5 साल का बेटा अभ्यांश है।

19.70 करोड़ का फर्ज़ी एफडीआर जमा करने का हुआ खुलासा

ज़िला आबकारी अधिकारी ने अनुज्ञापी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सरकारी शराब की दुकानों के आवंटन/नवीकरण के लिए जमा की जाने एफडीआर के फर्जी निकलने से हड़कंप मचा हुआ है। ज़िला आबकारी अधिकारी ने 19 करोड़ 70 लाख की फर्जी एफडीआर जमा करने पर अनुज्ञापी के खिलाफ कोतवाली शहर में धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

ज़िला आबकारी अधिकारी कुंवरपाल सिंह ने कोतवाली शहर में दी तहरीर में कहा है कि कछौना के कछौना-पतसेनी चौराहा की संगीता देवी अग्रवाल पत्नी सुरेश कुमार अग्रवाल देशी शराब की दुकान बेगमगंज और सुमई हरियावां की अनुज्ञापी है। संगीता देवी अग्रवाल ने बेगमगंज शराब की दुकान का वित्तीय वर्ष, 2023-24 और सुमई की शराब दुकान का वित्तीय वर्ष 2024-25 के आबकारी अधिकारी कार्यालय में 19 करोड़ 70 लाख के एफडीआर जमा किए थे। उनकी जांच की गई तो सारे एफडीआर फर्ज़ी निकले। तहरीर में आगे कहा गया है कि जानकारी लेने पर पता चला कि फर्ज़ी एफडीआर बनवाने में संगीता देवी अग्रवाल के पुत्र कुलदीप अग्रवाल का हाथ था। इस तरह सरकारी खज़ाने में की गई इतनी बड़ी धोखाधड़ी का पता होते ही आबकारी महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने दी गई तहरीर के मुताबिक धारा 419/420/467/468/471 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच एसआई मार्कण्डेय सिंह को सौंपी गई है।

फर्जीवाड़े में बैंक कर्मी के शामिल होने की जांच

हरदोई। एफडीआर के फर्जीवाड़े में इस बात की भी जांच की जा रही है कि इस फर्जीवाड़े में बैंक का भी कोई शामिल है या नहीं। जांच के बाद यह पता चल सकेगा कि एफडीआर कुलदीप ने फर्जी तरीके से बनाए या बैंक से कोई सांठगांठ कर फर्जी एफडीआर जारी करा दी।

सीज की गईं आधा दर्जन से अधिक दुकानें

हरदोई। धोखाधड़ी की जानकारी मिलने पर प्रशासन व आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद कुलदीप अग्रवाल व उनके परिजनों द्वारा संचालित आधा दर्जन से अधिक शराब की दुकानों को सीज कर दिया गया।

किशोर से कुकर्म करने का वीडियो वायरल, आक्रोश

पाली, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी किशोर से कुकर्म करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसका पुलिस ने संज्ञान लिया और कार्रवाई की बात कही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मोहल्ले में पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया। मामले को लेकर किशोर के परिजनों सहित मोहल्ले में आरोपी के खिलाफ आक्रोश है।

पाली कस्बे के एक मोहल्ला निवासी 14 वर्षीय किशोर के साथ पड़ोसी युवक नाजिर पुत्र सादिक व असद बाबा पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला इमामचौक ने कुकर्म किया, जिसका आरोपी ने वीडियो भी बनाया। वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर किसी तरह वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित किशोर के परिजनों सहित मोहल्ले में आरोपी के खिलाफ आक्रोश पनप आया, हर कोई आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहे हैं।

बाढ़ से मिल गई निजात लेकिन बढ़ गईं परेशानियां

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

अमृत विचार। नदियों की बाढ़ घटने के बाद बाढ़ ग्रस्त गांवो में तहसील प्रशासन बाढ़ राहत किटों को पहुंचा रहा है। उधर अभी भी क़ई मार्गों पर कीचड़ व क्षतिग्रस्त पुलिया लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं।

एसडीएम संजय अग्रहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के आलमपुर, बारामऊ, अदनिया, करनपुर, नाऊपुरवा, जीवनपुरवा, पियारीपुर, छोछपुर में राजस्व टीम द्वारा सर्वे कर पात्र लोगों को तहसील प्रशासन द्वारा राहत किटें वितरित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति वंचित रह गया है तो वह उन्हें सूचित कर सकता है।

बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को दी गई दवाएं : कटियारी की नदियों में बाढ़ कम होने के बाद पशु चिकित्सा टीम लगातार बाढ़ ग्रस्त गांवों में पशुओं की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए दवाएं वितरित कर रही हैं। शनिवार को पशु चिकित्सा टीम ने बाढ़ ग्रस्त गांव सुदनीपुर, अदनिया, बरगदा पुरवा, जगन्नाथ पुरवा, सिसैया पुरवा, गंगा नगर गांव में 510 बड़े पशुओं, 426 छोटे पशुओं को दवा वितरण एवं 200 पशुओं का टीकाकरण किया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हरिमोहन वर्मा के निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारी सोमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

गांव के रास्ते में भरा कीचड़।

छात्रा से छेड़छाड़, शोहदों को ढूंढ रही पुलिस

हरदोई, अमृत विचार। कोचिंग से वापस घर लौट रही छात्रा से बीच रास्ते में बैठे शोहदे अश्लील गाने गुगुनाते हुए इशारेबाज़ी करने लगे। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हे ढूंढ रही है।

बताया गया है कि हरियावां थाने के एक गांव की छात्रा ने टड़ियावां पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 20 सितम्बर की शाम को वह कोचिंग से पढ़ कर अपने घर जा रही थी। उसी बीच लिलवल रोड पर गढ़ी पुलिया के पास बैठे कोतवाली देहात के गांव गरीब पुरवा निवासी रईफुद्दीन, सरताज और महताब अश्लील गाने गुनगुनाते हुए उससे इशारेबाज़ी करने लगे। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक तीनों मनचलों रईफुद्दीन, सरताज और महताब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों को ढूंढ रही है।

1922 में कलेक्टर इस्टीवर्ट ने की थी जिले में पहले स्कूल की स्थापना

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज जनपदीय इतिहास का प्रथम कॉलेज है, जिसकी स्थापना एक अंग्रेज जिला कलेक्टर द्वारा की गई थी। इसी वजह से इस स्कूल को आज भी अंग्रेजी स्कूल के नाम से पहचाना जाता है। हालांकि इस स्कूल का नाम अभिलेखों में राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज है और नगर पालिका परिषद द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है।

कभी बुरे दौर से गुजर चुके इस इंटर कॉलेज में फिर से रौनक दिखने लगी है। छात्र संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। खत्ता जमाल खां मोहल्ले में स्थापित राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज की स्थापना सन् 1922 यानी देश आजाद होने से पहले अंग्रेज जिला कलेक्टर स्टीवर्ट ने की थी। उस वक्त यहां पर एक भी विद्यालय का संचालन नहीं होता था। स्टीवर्ट ने इस स्कूल का नाम "स्टीवर्ट इग्लोवर्ना क्यूलर" नाम रखा। तब इसमें जूनियर तक ही पढ़ाई होती थी। वर्ष 1947 में देश आजाद होने के बाद राष्ट्रपिता म्युनिसिपल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से इस स्कूल को मान्यता मिली और उसका संचालन नगर पालिका परिषद को सौंप दिया गया। सन 1961 में यहां के लोकप्रिय चेयरमैन सज्जाद खां ने इंटर कॉलेज की मान्यता दिलवाई। तब इस स्कूल का नाम राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज हो गया। इकलौता कॉलेज होने की वजह से यह इंटर कॉलेज दूर-दूर ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य जनपदों में भी काफी प्रसिद्ध था। यहां की छात्र संख्या भी रिकॉर्ड तोड़ रही है। एक वक्त था कि इस स्कूल में एडमिशन प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को सिफारिश करवानी पड़ती थी। वक्त बदलता गया, स्कूलों की संख्या बढ़ती गई।

शाहाबाद में अंग्रेज कलेक्टर द्वारा स्थापित राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज।

शासकीय स्कूल होने की वजह से स्कूल के टीचरों में राजनीति हावी हो गई और इस स्कूल की छात्र संख्या लगातार गिरती गई। आलम यह हुआ कई वर्ष तक इस इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र ही नहीं बनाया गया क्योंकि इसके पास फर्नीचर और व्यवस्थित कमरों का अभाव बन गया। 2020 में गोविंद वाजपेई ने जब प्रधानाचार्य पद का पदभार ग्रहण किया तब उन्होंने इस कॉलेज पर ध्यान दिया जिस समय उन्होंने पदभार ग्रहण किया था, उस वक्त कॉलेज में छात्रों की संख्या 100 भी पूरी नहीं थी, लेकिन उनके आने के बाद उनकी मेहनत रंग लाई। पढ़ाई पर ध्यान दिया गया लोग फिर से राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज की ओर आकर्षित हुए। आज इस कॉलेज में 643 छात्र संख्या है।

हरियावां की अल्कोहल फैक्ट्री में मजदूरों का हो रहा उत्पीड़न

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

▸▸ मजदूरों का पैसा खा जाते हैं ठेकेदार, मांगने पर करते हैं मारपीट

अमृत विचार। डीसीएम श्री राम ग्रुप स्थानीय चीनी मिल की अल्कोहल फैक्ट्री में मजदूरों का उत्पीड़न हो रहा है। चाहे वह काम को लेकर हो या पैसे को लेकर कई बार मजदूरों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से तो या तो नौकरी (मजदूरी) से निकाल दिया गया या उसे दर-दर कई महीनों पैसों के लिए फैक्ट्री के चक्कर लगाने पड़े। ठीक ऐसा ही मामला गुरुवार को उठा जब पैसा मांगने गए मजदूरों से फैक्ट्री के ठेकेदार द्वारा मारपीट कर उल्टा स्थानीय थाने में शिकायत की गई।

मजदूर पंकज पाल, राहुल गुप्ता सहित करीब चार मजदूर अपनी मजदूरी का पैसा मांगने गए तो हर महीने हर बार की तरह ठेकेदार ने पैसा देने से मना कर दिया। जब मजदूरों द्वारा विरोध किया गया तो ठेकेदार के गुर्गे (गुंडे) मुकेश कुमार, चंद्रभूषण और अशोक साथ करीब आधा दर्जन गुर्गों ने लोहे की राड लेकर मजदूर पंकज पाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। जैसे तैसे पंकज व अन्य साथियों ने भागकर जान बचाई। साथ ही पैसा मांगने आए मजदूर राहुल को उल्टा घसीटकर थाने ले गए मारपीट, पैसा छीनने जैसे निराधार आरोप लगाने लगे। तभी प्रभारी निरीक्षक को देखकर मजदूर राहुल ने रुंधे गले से अपनी आपबीती बताई कि एक माह में करीब 25 ड्यूटी का पैसा मांगा तो उसे निकाल दिया और करीब बीते चार-पांच माह में वह दसों बार फैक्ट्री के दौड़ लगा चुका है आज वह जब आया तो उसके साथ मारपीट और गाली गलौज कर उसे ही उल्टा थाने लाया गया है। साथ ही उसने सीसीटीवी फुटेज दिखवाने की बात कही।

प्रभारी निरीक्षक ने घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए कड़ी फटकार लगाकर बेबस मजदूर के पैसे दिलवाए। पैसे पाकर मजदूर की आंखों में आंसू निकल आए। उसने प्रभारी निरीक्षक दिनेश यादव धन्यवाद देते हुए जीभरकर दुआएं दीं।

वर्ग पहेली-206

बाएं से दाएं

1.1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।

3.1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।

5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।

8.1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

ऊपर से नीचे

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।

4. सूर्यकांत मणि।

6. ऊँचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।

7.1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



वर्ग पहेली -205 का हल

		1 नि	2 गो	ड़ी		
	3 द		पी		4 ति	
	नु		चं		र	
	5 ज	6 ल	द		मि	
7 चु		8 प	न	9 भ	रा	
10 क	रें	सी		र		
ना			11 चौ	त	नी	

सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		4		2			3	
3		9		5		1		7
		6					8	
9	3				1		2	4
	8						6	
2	6		7				5	9
	9					5		
1		8		3		2		6
	7			8		4		

सुडोकू - 118 का हल

2	8	6	3	9	7	4	5	1
5	4	7	1	8	6	3	2	9
9	1	3	5	2	4	6	8	7
8	9	5	4	7	3	2	1	6
6	7	2	8	1	9	5	3	4
4	3	1	2	6	5	9	7	8
3	5	9	7	4	1	8	6	2
1	6	8	9	3	2	7	4	5
7	2	4	6	5	8	1	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 16.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।

चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- मघा पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्र रहना होगा। दूसरों की गलतियां गिनाने के बजाय सही सलाह देकर समझाने का प्रयास करें। प्रेम विवाह में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।

वृष — आज नए लोगों के साथ संपर्क प्रगाढ़ होंगे। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं वरना समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन में किसी कारण को लेकर तनाव को सकता है।

मिथुन — आज घर के कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आप लोगों के मन के विचारों को समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

कर्क — आज आपको आराम पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए। हृदय रोगियों को परेशानी हो सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ कड़ाई से पेश आ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव रहेगा।

सिंह — आज व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। नए रचनात्मक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है।

कन्या — आज मानसिक तनाव आपको परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। बदलता मौसम आपको सर्दी-जुकाम से पीड़ित कर सकता है। परिवार के लोगों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा।

तुला — आज आपके लिए दिन बहुत ही शुभ है। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगा। आपकी तार्किक क्षमता आपको सभी जगह सफलता प्रदान करने में मदद करेगी।

वृश्चिक — आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। पैतृक संपदा में वृद्धि होगी। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार बनाएंगे। सीनियर्स आपसे काफी प्रभावित रहेंगे।

धनु — आज सहयोगियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव कम होगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में लाभ कमाने के नए मौके खोज लेंगे।

मकर — आज आप स्वयं को काफी समय देंगे। चलते कार्यों में अचानक विघ्न आ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भावनाओं में आने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। फिलहाल आपका समय ठीक नहीं है, इसीलिए लोगों से सलाह न लें।

कुंभ — आज लोक कल्याण के कार्यों में आप रुचि लेंगे। सरकारी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। दिनचर्या काफी व्यवस्थित और संतुलित रहेगी। एकांत में बैठकर आत्मविश्लेषण कर सकते हैं। व्यापार में कमजोर पहलुओं को दूर करने में सफलता मिलेगी।

मीन — आज गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। मित्रों के साथ आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की बिगड़ी हुई स्थितियां आपके नियंत्रण में आ जाएंगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 09.25
- बच्चन पांडे — रात : 07.20

&pictures
- आचार्य — सुबह : 09.45
- खिलाड़ी 786 — शाम : 05.28

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड — रात : 09.43
- सैन एंड्रियास — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- राधे — सुबह : 09.15
- स्कंदा — रात : 08.00

ZEE ACTION
- देवी — सुबह : 10.26
- हॉलीडे — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।

पति- कैसे?

बीवी- अब देखो ना जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी- तुम मुझे कितना प्यार करते हो?

पति-72 फीसदी मेरी जान...

पत्नी -100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?

पति- पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न।

एक नजर

जिला उद्योग बंधु की बैठक 30 को

हरदोई, अमृत विचार। उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र हर्ष प्रताप सिंह ने बताया कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 सितम्बर को स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है।

स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए रवाना हुई अलीशा

हरदोई, अमृत विचार। बलिया में 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो

प्रतियोगिता के लिए जिले से बालिका वर्ग में अलीशा अब्दुल्ला का चयन किया गया है। शुक्रवार को प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गई। उसे भेजने आए इमरान ताइक्वांडो क्लब के संरक्षक इमरान खान ने बताया कि वह शहर के श्री वेणी माधव बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 6 की छात्रा है। अलीशा के साथ-साथ जिले से आईआर इंटर कॉलेज संडीला के रुद्र प्रताप गौतम का भी स्टेट के लिए चयन हुआ है।

मारपीट कर दी जानमाल की धमकी, दो के खिलाफ रिपोर्ट

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। थाने के भेलखड़ा की रहने वाली सूरजवती ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 20 सितंबर को उसके पुत्र मिथिलेश की साइकिल गांव के रहने वाले रजनीश ने तालाब में फेंक दी। इस पर वह दूसरे दिन रजनीश के घर उलाहना देने जा रही थी। भेलखड़ा तिरहा के पास आरोपी रजनीश और उसके साथी संदीप ने उसको गालियां दीं। आरोपियों पर पिटाई कर धमकाने के मामले दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर एसआई पंकज को जांच सौंपी गई है।

किसानों पर कहर बरपा गई बारिश

खेतों में किसानों की फसलें गिरीं, भारी नुकसान की आशंका

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। टिप-टिप हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों पर कहर बरपा दिया। बेमौसम बरसात से खेतों में किसानों की फसलें गिर गयी हैं। जिसके कारण धान की फसलों में भारी नुकसान की आशंका बनी हुई है।

गौरतलब है कि गत जुलाई माह में गर्रा नदी आयी भयंकर बाढ़ से किसानों की फसलें पहले ही खराब हो गयी थी। बाढ़ के बाद किसानों ने जैसे तैसे दोबारा धान की फसलों को तैयार किया, लेकिन दो दिन से तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर हो रही बरसात ने किसानों को दोबारा बड़ी चोट दी है। छुट्टा जानवरों से जूझते हुए किसान एक पन्नी के सहारे बरसात की भीषण अंधेरी रात में खेतों में बैठकर धान की फसल को तैयार कर रहा था लेकिन इन्द्र देव के कोप के कारण धान की फसल जमीन में गिर गयी है। फसल में नुकसान होने से किसानों के सामने भारी आर्थिक संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

बारिश से खेतों में गिरी धान की फसल। अमृत विचार

तहसील शाहाबाद क्षेत्र गांव गुजीदेई में किसान लालाराम यादव, लक्ष्मीकांत पाठक, अजीत पाठक, ओमपाल,छंगा ,दमगढा में जागीर सिंह, राजीव यादव, राकेश, सोनपाल समेत सैकड़ों किसानों की धान की फसल जमींदोज हुई है। इसी प्रकार परेली में विनोद पाठक, हरि ओम पाठक, लालू शुक्ल, आलमवीर सिंह, ज्ञानसिंह, सरदार मान सिंह समेत सैकड़ों किसान प्रभावित हुए हैं। तेज हवा और बारिश से क्षेत्र के आगमपुर,पेडहथा, सिकंदरपुर, रनुआपुर, गहोरा,तडेर, समेत सैकड़ों गांवों में धान की फसल गिरने से हजारों किसान प्रभावित हुये हैं। कुल मिलाकर बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों को पूरी तरह से तोड़ दिया है।

मामूली विवाद में फायर, युवक घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

▸▸ **आरोपी सहित दोनों पक्षों के कई लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में**

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धर्मापुर में दो पक्षों में हुए वाद विवाद में एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे दूसरे पक्ष का युवक घायल हुआ है। घायल को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।

क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर शिव गुलाम निवासी सुबोध कुमार पुत्र राधेश्याम जो कि तहसील में मुंशी है। शुक्रवार को तहसील से अपने गांव के राजपाल पुत्र रामलाल की मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने घर जा रहा था। उसी मोटरसाइकिल में राजपाल का भांजा मिथलेश कुमार पुत्र जयराम निवासी ग्राम बिहगवां थाना बेहटागोकुल जनपद हरदोई भी बैठा था। रास्ते में ग्राम बद्दापुर के पास मोटरसाइकिल पंक्चर हो गयी। पीछे से धर्मापुर निवासी नीरज अपना किराने की दुकान का सामान लेकर गांव के ही रजनीश उर्फ नन्हे के ई-रिक्शा से आ रहा था। सुबोध कुमार ने ई-रिक्शा चालक से राजपाल व मिथलेश कुमार को ले चलने के लिए कहा। रिक्शा चालक ने बैटरी डाउन होने की बात कहकर मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षो में विवाद हो गया।

सुबोध कुमार व रजनीश उर्फ नन्हे दोनों शराब के नशे में भी थे। इसके बाद सुबोध कुमार अपने घर चला गया और अपने गांव से अपने पिता व चाचा व कुछ अन्य लोगों को लेकर ग्राम धर्मापुर रजनीश उर्फ नन्हे के घर उलाहना देने गया, तो वहां पर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। रजनीश उर्फ नन्हे ने अपने मकान की छत पर चढकर तमंचे से दो फायर कर दिये, जिससे सुबोध के चाचा सन्तोष रैदास के पीठ में व सिर के दाहिनी तरफ गोली के कुछ छर्रे लग गये।

रजनीश ने पीआरबी पर सूचना दी कि सुबोध कुमार व उसके पक्ष के लोगों के द्वारा फायरिंग की गयी। गोली लगने से घायल के भतीजे सुबोध कुमार से लिखित प्रार्थना पत्र लेकर कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने फायर करने वाले आरोपी रजनीश सहित दोनो पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

रेल इंजन के आगे लेट कर युवक ने दी जान

संवाददाता, हरदोई

▸▸ **दो टुकड़ों में शव पड़ा देख कर स्टेशन पर मची भगदड़**

अमृत विचार। महाराज गंज का रहने वाला युवक रेलवे स्टेशन पर पहुंचा और प्लेटफार्म नंबर-2 पर कपलिंग करने के लिए जा रहे रेल इंजन के आगे लेट गया, नतीजतन वह दो टुकड़ों में कट गया। इसका पता होते ही रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को लगभग 11 बजे एक 34 वर्षीय युवक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पहुंचा और रेल इंजन के आगे लेट गया। घटना का पता चलते ही वहां लोगों में भगदड़ मच गई। छानबीन के दौरान युवक के पास से जो आधार कार्ड बरामद हुआ, उसके मुताबिक युवक का नाम अजय पुत्र भयन्नू था, वह महाराज गंज ज़िले के हथियावां करमहवा थाना महोतनवां का रहने वाला था। फिलहाल उसके घर वालों को सूचना दे दी गई है। युवक घर से क्या कह कर निकला था और उसने ऐसा कदम क्यों उठाया? उसके घर वालों के आने के बाद ही इन सवालों का जवाब मिल सकेगा। सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

प्रतिदिन दो शिकायतों के निस्तारण की हो समीक्षा

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों के साथ वर्चुअल बैठक की। जिलाधिकारी एमपी सिंह ने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाये। जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जांच के लिए अवश्य जाये। निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करने के पहले एल1 स्तर पर जांच कर ली जाये। कब्जे और पैमाइश की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाये। निस्तारणकर्ता अधिकारी कम से कम दो शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा अवश्य करें। प्रत्येक तहसील में ग्राम विवाद रजिस्टर बनाया जाये।

शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार करें : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। थाना बेहटा गोकुल में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन फरियादियों को दिया।

थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के राजस्व व पुलिस कार्मिकों से पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष एवं नियमानुसार करें और कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शाहाबाद दीक्षा जोशी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना दिवस में शिकायतें सुनते डीएम एमपी सिंह व साथ में एसपी नीरज जादौन।

सांडी संवाददाता के अनुसार तहसीलदार की उपस्थित में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। थाना परिसर में तहसील दार अमित यादव की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें जमीन सम्बन्धी 6 शिकायतें आयी, जिसमें से एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

हरपालपुर संवाददाता के अनुसार थाना समाधान दिवस में पीसीएस अधिकारी प्रशिक्षु एसडीएम माधव उपाध्याय ने लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका गुणवत्ता पूर्ण समय से निस्तारण करने के सम्बन्धित कर्मियों को निर्देश दिए। यहां कुल 11 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें राजस्व विभाग की 8 तथा पुलिस विभाग की 3 शिकायतें आईं। सभी शिकायतों को निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्दश दिए गए। उधर अरवल थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार आभा चौधरी ने लोगो की शिकायतें सुनीं।

थाना दिवस

▸▸ **फरियादियों को दिया शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन**

जंगली जानवर ने बकरे को बनाया निवाला, दहशत

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बम्हनौआ पेंग गांव में जंगली जानवर ने एक बकरे को निवाला बना लिया। सुबह उसके अवशेष पड़े मिले तो ग्रामीणों में दहशत फैल गई। आसपास जंगली पशु के पंजों के निशान मिले हैं। वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया।

शुक्रवार की रात रामौतार पुत्र छोटेलाल का पालतू बकरा बरामदे में बंधा था। सुबह बकरा नहीं दिखा तो खोजबीन शुरू की। घर से थोड़ी दूर पर बकरे के अवशेष पड़े मिले। वहीं पर किसी जंगली जानवर के पंजों के निशान भी मिले। ग्रामीणों ने बताया कि रात में किसी जानवर के गुर्राने की आवाजें सुनाई दी थी। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी चंद्रप्रकाश पांडे व वन दरोगा अनुज ने अपनी टीम के साथ गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया कि मौके पर मिले पदचिन्ह किसी जंगली सियार के हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने व किसी जंगली जानवर के दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने के लिए कहा।

सियार के मिले पदचिन्ह।

बीच रास्ते में रोक कर की युवक की पिटाई

हरदोई, अमृत विचार। मज़दूरी कर घर वापस लौट रहे युवक को कुछ शराबियों ने रास्ते में रोक कर उसे गाली-गलौज करते हुए उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के हर्रई निवासी उपदेश ने पुलिस को बताया कि वह 19 सितम्बर को वह जिगिनिया कला से मज़दूरी कर अपने घर वापस लौट रहा था। उसी बीच बरौली पुलिया के पास उसी के गांव के दीपू बाल्मीकी, कनियावाला और मझिले जो कि शराब के नशे में धुत थे, उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटते हुए धमकाने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच एसआई नरेंद्र दुबे को सौंपी गई है।

इंस्पेक्टर, एसआई समेत 4 निलंबित

संवाददाता, हरदोई

▸▸ **रात की गश्त में हुई चूक, कपड़े की दुकान में हुई चोरी**

▸▸ **एसपी की चेतावनी के बाद भी नहीं चेती बिलग्राम पुलिस**

अमृत विचार। बैरियर, पिकेट और रात की गश्त में लगातार चौकसी बरतने की चेतावनी के बाद भी बिलग्राम पुलिस नहीं चेती और कपड़े की दुकान में चोरी हो गई, साथ ही एक सराफा की दुकान में चोरी का प्रयास हुआ। एसपी ने इसे इलाकाई पुलिस की लापरवाही मानते हुए एसएचओ बिलग्राम, एक एसआई, एक हेड कांस्टेबिल और एक कांस्टेबिल को निलंबित करते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की लापरवाही के बारे में ज़िला कमांडेंट को चिट्ठी लिखी है।

बताते चलें कि शुक्रवार की रात चोरों ने बिलग्राम कस्बा में कपड़े की दुकान में चोरी को अंजाम दिया और एक सराफा दुकान में प्रयास किया। इसके लिए एसपी नीरज कुमार जादौन ने सीओ बिलग्राम को जांच सौंपी, उसके बाद सीओ की जांच रिपोर्ट आने पर इसके लिए इलाकाई पुलिस को ज़िम्मेदार माना और एसएचओ अनिल कुमार,एसआई शिवेंद्र राय,हेड कांस्टेबिल प्रदीप शुक्ला और कांस्टेबिल सुरेंद्र कुमार को निलंबित करते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड कमलेश के बारे में ज़िला होमगार्ड कमांडेंट को चिट्ठी लिखी है। एसपी श्री जादौन बैरियर, पिकेट और रात की गश्त में बराबर मुस्तैदी बरतने की चेतावनी देते रहें हैं। जांच में आया है कि रात की गश्त में पूरी लापरवाही बरती गई।

उमाकांत दीपक को सौंपी गई ज़िम्मेदारी

हरदोई। एसपी नीरज कुमार जादौन ने एएचटी के प्रभारी इंस्पेक्टर उमाकंत दीपक को बिलग्राम कोतवाली का एसएचओ की ज़िम्मेदारी दी है।

एसपी ने फिर जारी की चेतावनी

हरदोई। एसपी जादौन ने निर्देशित किया है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों/दायित्वों के प्रति उदासीनता/शिथिलता न बरते और अगर ऐसा होता है तो उसके खिलाफ कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

सार-संक्षेप

जब्त की गई कच्ची शराब को किया गया नष्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के माल खाने में माल मुकदमाती कच्ची शराब रखी हुई थी। जो टपकने और चूने लगी थी, जिससे संक्रामक रोग बढ़ने का खतरा पैदा हो गया था। न्यायालय से अनुमति लेने के बाद 63 लोगों से जब्त की गई कच्ची शराब को कोतवाली पुलिस द्वारा नष्ट कर दिया गया। हेड मोहर्रिर सत्यवीर सिंह ने बताया शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से कच्ची शराब कारोबारियों से पकड़ी गई कच्ची शराब जिसे न्यायालय में दाखिला कराकर तकनीकी परीक्षण कराया जा चुका था। माल खाने में माल मुकदमाती थी। यह कच्ची शराब काफी दिनों की हो जाने की वजह से सड़ने लगी थी और चूने लगी थी, जिससे पुलिसकर्मियों में संक्रामक रोग फैलने की आशंका थी। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत न्यायालय से परमिशन लेने के बाद प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह की मौजूदगी में नष्ट कर दिया गया। हेड मोहर्रिर सत्यवीर सिंह ने बताया बदबू आने की वजह से पुलिसकर्मियों का बैठना मुश्किल था।

सम्मानित किए गए छात्र-छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष।

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरदोई, अमृत विचार। सेवा पखवाड़ा विकसित भारत 2047 के तहत डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का परिणाम निकालने के लिए स्वयं मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा ने निबन्ध कापियां और पोस्टर देखे तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय बच्चों का निर्णय कर पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बब्बन ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुड्डू व भाजपा युवा नेता मुकुल सिंह आशा के साथ निबंध प्रतियोगिता में अव्वल रहीं जिज्ञासा सिंह के अलावा द्वितीय स्थान पर रही प्रियांशी सिंह व तृतीय स्थान पर रहे विनय प्रताप सिंह तथा चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल रहीं अपर्णा शुक्ला के अलावा द्वितीय स्थान पर रहीं आरुषि व तृतीय स्थान पर रहीं दीपिका को प्रशस्ति पत्र ,मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी भूमिका सिंह के अलावा शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

सुंदरकांड पाठ के साथ पठकाना रामलीला की शुरुआत

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। संगीतमय सुंदरकांड पाठ की सुन्दर पृष्ठभूमि से श्री रामलीला मेला का 88वें वर्ष का उद्घाटन सम्पन्न हो गया। सर्वप्रथम संगीतमय सुन्दरकांड पाठ हेतु शाहजहांपुर से आए अश्वनी शुक्ला सहित भक्तदल ने हनुमान प्रतिमा पर डॉ. दीपक मिश्रा द्वारा पूजन अर्चन पूर्ण विधि विधान से कराया। पूजन अर्चन में समिति अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू समेत महामंत्री अनमोल गुप्ता, रामनाथ त्रिपाठी, ऋषि मिश्रा, आशीष मोहन तिवारी, अरुण अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी ओमदेव दीक्षित आदि बहुत से सहयोगीगण उपस्थित रहे। सभी ने संगीतमयी सुन्दरकांड पाठ के तदुपरान्त एक साथ हनुमान जी की आरती की और इसी के साथ रामलीला के प्रथम दिवस के कार्यक्रम के समापन की घोषणा कर दी गई। 28 सितंबर को होने वाले सामाजिक नाटक "गृहदाह कफन" के मंचन किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अचानक हरदोई मीटिंग में जाने के कारण नहीं पहुंच सके।

सुंदरकांड का पाठ करती शाहजहांपुर की मंडली।

डॉ. एके तिवारी को किया गया सम्मानित

हरदोई, अमृत विचार। प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के तहत कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई-प्रथम को जनपद के विकास खण्ड-हरियावां एवं टडियांवां में चल रही एससीएसपी योजना के सराहनीय कार्य एवं परियोजना के सफल संचालन हेतु केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. एके तिवारी को प्रदेश के 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों की सरदार बल्लभ भाई पटेल, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला में मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि एवं कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, द्वारा प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे केन्द्र के समस्त स्टाफ एवं जनपद के कृषकों का उत्साहवर्धन हुआ है तथा प्रदेश स्तर पर जनपद हरदोई का भी सम्मान बढ़ा है। इससे जिले के अनुसूचित जाति के कृषकों एवं कृषक महिलाओं को केन्द्र द्वारा जनपद में चलाई जा रही परियोजना से आगामी वर्षों में भी प्रशिक्षण, नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रदर्शन, परीक्षण आदि के माध्यम से आय दोगुनी करने में काफी सहायता होगी।

छह ट्रेनों के ठहराव की मांग, मिला आश्वासन

रेल मंत्री से सांसद जयप्रकाश रावत ने की मुलाकात

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। आंझी शाहाबाद रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने तथा स्टेशन पर 6 ट्रेनों के ठहराव स्वीकृति प्रदान करने को लेकर रेल मंत्री से मुलाकात की है। सांसद ने क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया है कि रेल मंत्री द्वारा यह सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वसन दिया गया है।

सांसद जयप्रकाश रावत ने पहली बार शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की आंझी शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर छह ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और आंझी रेलवे स्टेशन पर त्रिवेणी एक्सप्रेस, अवध आसाम एक्सप्रेस, बाघ एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस, देहरादून वाराणसी देहरादून एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। इसके साथ ही सांसद जयप्रकाश रावत ने अमृत भारत स्टेशन योजना में शाहाबाद आंझी शाहाबाद रेलवे स्टेशन को शामिल करने की मांग की है। सांसद द्वारा पहली बार ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल मंत्री से मुलाकात कर पत्र दिया गया है। इससे पहले क्षेत्र के लोगों ने तमाम बार सांसद जयप्रकाश रावत से ट्रेनों के ठहराव के लिए निवेदन किया था, लेकिन उन्होंने कभी भी क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया। इस बार सांसद चुने जाने के बाद उनमें क्षेत्र के प्रति समर्पण की भावना दिख रही है और उन्होंने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। रेल मंत्री से मिलकर शाहाबाद में ट्रेनों के ठहराव के लिए दिए गए पत्र के बाद फिलहाल ऐसा ही लग रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर मांग पत्र देते सांसद जयप्रकाश रावत ने। अमृत विचार

डीएम ने की गांधी जयंती को लेकर बैठक

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि 1 अक्टूबर को समस्त अधिकारी व कर्मचारी श्रमदान करें। 2 अक्टूबर को गांधीजी के प्रिय भजन का प्रसारण किया जाये। गांधी जयंती के अवसर गांधी, शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाये। स्टेडियम में पैदल चाल प्रतियोगिता करायी जाये। स्कूलों में दोनों महापुरुषों के बारे में बताया जाये। विभिन्न विभागों द्वारा गांधी भवन परिसर में स्टॉल लगाया जाये। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाये। कुष्ठ रोगियों को फल व वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

मृत्यु से न डरें, रहें तैयार : कविचंद्र

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश ग्राउंड के योगेश पैलेस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे कथाव्यास संत कविचंद्र दास ने कहा कि मृत्यु से डरना नहीं चाहिए,बल्कि मृत्यु की तैयारी करनी चाहिए। किसी की कोई कामना ना हो,या सारी कामनाएं भरी पड़ी हों, अथवा मोक्ष की कामना हो, हर परिस्थिति में तीव्रता से भगवान का ही भजन करना चाहिए।

भागवत कथा सुनाते कविचंद्र दास।

देवताओं से मांगने में और भगवान से मांगने में बहुत अंतर है। देवता यदि कुछ देते हैं तो दुकानदार की तरह देते हैं, जबकि भगवान कुछ देते हैं तो पिता की तरह देते हैं। देवता कुछ देते हैं तो कामना बढ़ जाती है, जबकि भगवान कुछ देते हैं तो कामना कम हो जाती है। देवताओं की पूजा में बहुत सारी सामग्री लगती है, किंतु भगवान केवल पत्र पुष्प से प्रसन्न हो जाते हैं। अपनी सभी इंद्रियों से भगवान की सेवा करनी चाहिए। जिस भी इंद्रिय से भगवान की सेवा नहीं की जाती, वह अगले जन्म में रोगग्रस्त मिलती है।

कथा में अमित गुप्ता, प्रभाकर अग्निहोत्री, अनुराग दीक्षित, राजेश गुप्ता, अरविंद अवस्थी, राजू तिवारी, भरत पाण्डेय, अलोक गुप्ता, पियूष भारद्वाज, अरविन्द मिश्रा, रामसेवक शर्मा, मंजू गुप्ता, अजय मिश्रा, नीतू द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

बुरा हाल | पोस्टमार्टम हाउस में खुल्लमखुल्ला हो रही वसूली

पोस्टमार्टम हाउस में वीडियोग्राफी के नाम पर लिए जा रहे 35 सौ रुपये

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पोस्टमार्टम हाउस को सुर्खियों में रहने की आदत सी पड़ गई है। कहीं वसूली तो कहीं डेड बाडी से लूट और अब पोस्टमार्टम के दौरान होने वाली वीडियोग्राफी के नाम पर लूट किए जाने का मामला सामने आया है। वैसे तो सरकारी खर्च पर डेड बाडी की वीडियोग्राफी की जाती है, ऐसा सिर्फ सुनने में नहीं आया बल्कि आंखों से देखा गया है कि बहन की डेड बाडी के साथ आए उसके भाई से 35 सौ रुपये मांगे गए। जबकि सीओ सिटी अंकित मिश्रा का कहना है कि इस तरह से वीडियोग्राफी के नाम पर पैसे वसूलना बेहद शर्मनाक हरकत है।

बतातें चलें कि पाली थाने के दहिरापुर मढ़ैया निवासी राहुल की पत्नी सुमन की बुधवार को ज़हर से मौत हो गई थी। उसके भाई आकाश निवासी मोहल्ला अल्हापुर सैदीखेल कस्बा शाहाबाद ने कोई आरोप नहीं लगाया था। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए गुरुवार की रात उसका पोस्टमार्टम कराया था। आकाश का कहना है कि पोस्टमार्टम के दौरान की गई वीडियोग्राफी के नाम पर उससे 35 सौ रुपये मांगे गए। आकाश का कहना था कि ऐसा करने के लिए उसने कोई तहरीर नहीं दी, लेकिन उसे बताया गया कि पुलिस ऐसा कराती है। आकाश का कहना है कि इसके लिए वहां काफी बहसबाज़ी भी हुई, लेकिन फिर उसने डेड बाडी के साथ आए अपने रिश्तेदारों से उधार ले कर वहां तैनात फार्मासिस्ट के हाथों में 35 सौ रुपये दे कर अपना पीछा छुड़ाया। जब इस बारे में सीओ सिटी अंकित मिश्रा को बताया गया तो उन्होंने कहा कि वीडियोग्राफी पुलिस कराती है और उसका खर्च भी वही उठाती है तो फिर डेड बाडी के साथ आए उसके घर वालों से पैसे क्यों लिए जा रहें है। उन्होंने इस तरह की हरकत को शर्मनाक बताया है। सारा खर्च पुलिस खुद उठाती है। बात बिल्कुल साफ हो गई है कि वीडियोग्राफी का भुगतान पुलिस के खाते से होता है,लेकिन उसके नाम से पोस्टमार्टम हाउस में खुल्लमखुल्ला लूट हो रही है।

एक हज़ार की होती है कटौती

पोस्टमार्टम के दौरान होने वाली वीडियोग्राफी के नाम पर जो 35 सौ रुपये वसूले जाते हैं। उसमें से एक हज़ार रुपये की कटौती कर बाकी रुपये फोटो ग्राफर को दिए जाते हैं। फिर उसके बाद उन रुपयों में से नाश्ता-पानी के नाम पर भी काट लिए जाते हैं। कहा जा रहा है कि कटौती किए जाने वाले एक हज़ार रुपये सीधे फार्मासिस्ट की जेब में जाते हैं।

सीएमओ ने फिर नहीं उठाया फोन

सीएमओ डॉ .रोहिताश्व को कई बार काल की गई, लेकिन एक बार भी उन्होंने काल को रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

वीडियोग्राफी के नाम पर लिए गए रुपये किए वापस

शुक्रवार को पाली थाने के भरखनी निवासी सुशील की 27 वर्षीय पत्नी सोनी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पुलिस उसकी डेड बाडी ले कर पोस्टमार्टम हाउस पहुंची,लेकिन वहां बताया गया कि पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी के लिए 35 सौ रुपये जमा करने होंगे। 'मरता क्या न करता' सुशील ने कुछ लोगों से दो हज़ार रुपये उधार लिए और वहां कमरें में बैठे फार्मासिस्ट को दे दिए और डेड बाडी का पोस्टमार्टम शुरु हो गया। उसके बाद रुपये लेने वाले को पता चला कि रुपये लिए जाने की शिकायत की जा सकती है। इस घुड़की के बाद तुरंत ही लिए गए दो हज़ार रुपये वापस लौटा दिए गए। वीडियोग्राफी के नाम पर रुपये ले कर उन्हे वापस करने से और पुख्ता हो गया है कि पोस्टमार्टम हाउस पर किस तरह से वसूली की जा रही है।

विकास की तस्वीर में गुम हुए बांसुरा गांव के घर

बदहाल हालात: रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के गांव में खोदे गए नाले में भरे पानी से गिरे लोगों के घर और नींव

मोमिना।

याकूब।

रहमत आली।

तालिब।

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

▸▸ एक माह पूर्व जिला पंचायत द्वारा खोदा गया था नाला, कार्य न होने से भरा पानी

अमृत विचार: रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के बांसुरा गांव में निर्माणाधीन नाले में भरे पानी की जद में आकर 8 लोगों के मकान और शौचालयों को नुकसान पहुंचा है। खोदे गए गहरे नाली में मकान के अचानक बड़े हिस्सों के धंसने से लोग बाल-बाल लोग बच गए। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि नाले को अधिक चौड़ाई से खोदने के कारण ऐसा हो रहा है।

जिला पंचायत निधि से बांसुरा में 210 मीटर लंबा नाला निर्माण होना है। मोमिना के मुताबिक, एक माह पूर्व मकानों के करीब जेसीबी से गड्ढे खोदे गए। उस दौरान उनकी चौड़ाई अपेक्षा से अधिक कर दी गई। याकूब के मुताबिक, नाला डेढ़ मीटर चौड़ाई का खोदा जाना था लेकिन 4 मीटर के करीब इसे खोदकर चौड़ा कर दिया। एक सप्ताह पूर्व इसकी और खुदाई कर दी गई। बीते दिन तेज बारिश में गड्ढों में पानी भर गया। रात के अंधेरे में इसी गहरे गड्ढों में भरे पानी और सीलन के कारण मोमिना के घर के आगे की बाउण्ड्री वाल गिर गई। मकान की नीव भी नाले में समा गई। ऐसे में मकान गिरने के करीब है। याकूब का सहन नाले में समा गया। वहीं रहमत अली के मकान की नींव गिर गई। तालिब का शौचालय और टैंक गिर गया। अकबर अली का शौचालय और स्नानागार चपेट में आकर ढह गया। रज्जन, शौकत और छोटकन्ना का बाहरी हिस्सा चपेट में आया है।

नाले में धंसी नींव और लटकीं दीवारें। अमृत विचार

खोदे गए नाले में धंसे मकान के कमरे। अमृत विचार

नाले से निकली सिल्ट से चोटिल हो रहे लोग: नाला खोदने के दौरान नाले के बाहर कार्य करने वाले सिल्ट छोड़ गए। दो दिनों से हो रही बारिश के चलते सिल्ट सड़कों पर फैल गई। ऐसे में कई लोग चोटिल हुए हैं।

जिला पंचायत सदस्य कर चुके हैं शिकायत: जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुरशुद्दीन का कहना है कि उन्होंने एक सप्ताह पूर्व मानकता से इतर खोदे गए नाले की शिकायत की थी। आरोप है कि निर्माण कार्य में अनियमितता की जा रही थी। इसको लेकर जेई जितेंद्र पाल ने मौका मुआयना किया था।

वही इस संबंध में अवर अभियंता जिला पंचायत जीतेंद्र पाल का कहना है कि निर्माण कार्य नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा था। इस कारण उसे रुकवा दिया गया है। ठेकेदार को नोटिस दी गई है। जिन लोगों के मकान गिरे हैं। पीड़ित लोगों के लिए जिला पंचायत सदस्य के अनुमोदन पर मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

खंदक में फिसली वैन बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

खंदक में फंसी स्कूली वैन। अमृत विचार

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार: जिले के संदना इलाके में बच्चों को लेकर जा रही स्कूली वैन फिसलकर खंदक में जा गिरी। ऐसे में वाहन सवार बच्चे बाल-बाल बचे। खबर पाकर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक संदना थानाक्षेत्र के कल्ली स्थित रामसेवक विष्णु गोपाल पब्लिक स्कूल है। इसी में पढ़ने वाले बच्चे स्कूली वैन से विद्यालय जा रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक, अचानक वैन अनियंत्रित होकर खंदक में जा पहुंची। किसी तरह बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। प्रत्यक्षदर्शी लोग बताते हैं कि बच्चे सकुशल हैं, किसी को चोटें नहीं आई हैं। वहीं हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर मौका-मुआयना किया है।

एक नजर

आंगनबाड़ी सहायिका को पीटा, मुकदमा दर्ज

महमूदाबाद, सीतापुर : दबंगों द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका को घर में घुस कर उसे लाठी-डंडों और ईंट से बुरी तरह पीटने का आरोप लगाया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दो महिलाओं समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच जारी है। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बम्भौरी गांव निवासी सुशील कुमार की पत्नी मीना कुमारी आंगनबाड़ी सहायिका हैं। इनका आरोप है कि वे अपने घर शाम में काम कर रही थीं, तभी गांव के ही प्रमोद, नरेंद्र और इनकी पत्नी सुषमा बेटी ब्यूटी लाठी- डंडों के साथ आ धमके और मीना पर हमलावर हो गए। आरोप है कि इस दौरान दबंगों ने जमकर पिटाई शुरू कर दी। ईंट से भी प्रहार कर दिया। जिससे मीना के हाथ में काफी चोट आ गई। मीना ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि दो महिलाओं समेत चार लोगों पर मार पीट का केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। वहीं पीड़ित महिला ने जल्द कार्रवाई की मांग की है।

समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के समान अवसर दिए जाने चाहिए: न्यायालय

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति के एक मामले पर की टिप्पणी

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि जिस उम्मीदवार के पास अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता है, वह अन्य सभी मानदंडों को पूरा करने पर पदोन्नति का हकदार है। यह मायने नहीं रखता है कि यह मानदंड सेवा से पहले पूरे किए गए थे या सेवा के दौरान पूरे किए गए। पदोन्नति के नियमों को उदारतापूर्वक लागू किया जाना चाहिए, जिससे कर्मचारियों में ठहराव न आए और उनका मनोबल बढ़े।

कोर्ट ने यह माना कि समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के समान अवसर दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में विपक्षी के तर्क का खंडन करते हुए कहा कि स्टोरकीपर के पद का नियमों में उल्लेख न होने के कारण याची को पदोन्नति के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। समान या एक ही कैडर में आने वाले कर्मचारियों को सेवा में अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए समान अवसर दिए जाने चाहिए।राजकुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने विपक्षियों को याची की पदोन्नति के संबंध में उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया। दरअसल याची स्टोरकीपर ग्रेड-1 के पद पर कार्यरत है। जूनियर इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के लिए उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि उपरोक्त पद के लिए उपलब्ध 5% कोटा केवल ड्राफ्ट्समैन/ड्रेसर/क्लर्क/प्रयोगशाला सहायकों की श्रेणी में आने वाले कर्मचारियों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है, जिनके पास इंजीनियरिंग में आवश्यक डिप्लोमा है और जिन्होंने 5 साल की नियमित सेवा पूरी कर ली है। याची के पदोन्नति के अनुरोध को इस आधार पर भी खारिज किया गया कि उसने सेवा में प्रवेश करने से पहले अपना डिप्लोमा हासिल कर लिया था। अस्वीकृति आदेश को चुनौती देते हुए याची ने तर्क दिया कि किसी उम्मीदवार को सेवा अवधि के दौरान या उससे पहले अपेक्षित योग्यता हासिल कर लेने पर अयोग्य घोषित करना हाई कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के विपरीत है। याची ने आगे तर्क दिया कि स्टोरकीपर का पद ग्रुप- सी कर्मचारियों की श्रेणी में आता है, इसलिए उसकी पदोन्नति के आवेदन पर विचार किया जाना चाहिए। याची की नियुक्ति की परिस्थितियों की जांच करते हुए कोर्ट ने माना कि उम्मीदवार को नियमों के अनुसार आवश्यक शैक्षिक मानदंड पूरा करना चाहिए।

खाना बनाते समय सिंलेडर में हुआ विस्फोट

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

विस्फोट के बाद आग की लपटों में घिरा घर। अमृत विचार

आग से जलकर मलबे में बदला सामान।

▸▸ विस्फोट से चार लाख सामान खाक, बाल-बाल बची महिला व पड़ोसी की हालत बिगड़ी

अमृत विचार: रामपुर मथुरा इलाके के पाण्डेपुरवा में गैस रिसाव के बाद सिलेंडर में आग लग गई। तेज लपटों के बीच सिलेंडर में विस्फोट हो गया। ऐसे में घर में रखी नकदी, सामान और गहने जलकर नष्ट्र हो गए। हालांकि हादसे में महिला बाल-बाल बच गई, जबकि परिवार को बचाने एक पड़ोसी की हालत खराब हो गई। पड़ोसी को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के पाण्डेपुरवा में अरुण अवस्थी और मनोज अवस्थी एक साथ परिवार सहित रहते हैं। इनका गांव में कच्चा घर है। अरुण के मुताबिक, देर रात पत्नी अनीता खाना बना रही थी। इसी दौरान सिलेंडर के पाइप से गैस रिसने लगी, जब तक वो गैस बंद करती, लपटें पाइप के सहारे सिलेंडर तक पहुंच गई। फिर तेज आवाज के साथ सिलेंडर फट गया और दूर जाकर गिरा। अफरातफरी के बीच पड़ोसी और इलाके के बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। पड़ोसी अवधेश पाण्डेय ने किसी तरह जल रहे सिलेंडर में लगी आग को बुझाया, ऐसे में उसकी तबियत बिगड़ गई। उधर, लपटों की चपेट में आकर घर में रखी एक लाख की नकदी, गहने, कपड़े, खाद्य सामग्री सहित कुल चार लाख का सामान जलकर नष्ट्र हो गया। दमकल वाहन ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बिगड़ी हालत के बीच अवधेश स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। जहां उसका उपचार हो रहा है। चिकित्सक का कहना है कि हो सकता है कि अवधेश गैस की चपेट में आ गया हो, इस कारण उसे सांस लेने और आंखों से दिखने में दिक्कत आ रही हो। वहीं हादसे में पड़ोस में रहने वाले रामसहारे के घर की एक दीवार पर हल्की दरारें आई हैं।

नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन पर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया लाइनमैन

झुलसे लाइनमैन को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस।

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर

▸▸ हादसे में गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर

अमृत विचार: नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन पर विद्युत कार्य करते हुए एक रेलवे कर्मचारी हादसे का शिकार हो गया। बताते हैं कि रेलवे स्टेशन पर सुबह से विद्युत आपूर्ति बाधित थी। इसी दौरान हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए हरदोई जनपद स्थित बालामऊ से 45 वर्षीय हरिपाल और उसका सहयोगी सर्वेश नैमिष आया था। सर्वेश के मुताबिक, विद्युत लाइन पर काम करते समय अचानक तारों में करंट आ गया। जिसकी चपेट में आकर हरिपाल बुरी तरह झुलसकर नीचे गिर गया। हादसे से रेलवे स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने उसे एंबुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां कुछ देर चले उपचार के बाद हरिपाल को सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने गिरफ्तार किए चार वांछित

सीतापुर: जिले के चार थानाक्षेत्रों से पुलिस ने चार वांछित गिरफ्तार किये गए। पिसावां पुलिस द्वारा आरोपी मदारी पुत्र भवानी निवासी ग्राम सतनापुर को कठिना नदी, ग्राम हुसैनपुर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। आरोपी कुएं में गिरने के कारण हुई मौत के मामले में निरुद्ध था। थाना थानगांव पुलिस द्वारा वांछित अखिलेश यादव निवासी ग्राम समलिया मजरा सरैया छतौना को गिरफ्तार किया गया। सदरपुर पुलिस द्वारा सकरन थाना क्षेत्र के मंडोर निवासी जंगली की गिरफ्तारी की गई। थाना मछरेहटा पुलिस सूरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, टिकैतनगर, बाराबंकी (स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0)

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराबंकी कि निस्प्रयोग्य सामग्री की नीलामी दिनांक 03/10/24 प्रात: 11:30 की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले।

स्वास्थ विभाग बाराबंकी

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2167753 व इंटरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1280522 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र कहीं वास्तव में खो गया है। **वैभव कुमार पांडेय पुत्र दिनेश कुमार पांडेय निवासी मालवीय नगर जनपद –गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रोनन बटव्याल पुत्र बिरेन्द्र नाथ बटव्याल, निवासी– 559/खा–417, न्यू श्री नगर, नजदीक सेंट ऐन्स डे स्कूल, चंदर नगर, आलमबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226005** मेरे पौत्र का नाम आदित्य बटव्याल (Aditya Batabyal) था किन्तु ज्योतिषीय सलाह से नाम बदलकर शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) हो गया है। जो कि मेरे पौत्र के आधार कार्ड में दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरे पौत्र को उसके वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा तथा जहां कहीं भी आदित्य बटब्याल (Aditya Batabyal) दर्ज है उसके स्थान पर वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) लिखा, पढा जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अनुक्रमांक 2120984 , वर्ष 2011, एवं इण्टरमीडियट अनुक्रमांक 1549516 , वर्ष 2013का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रियंका पुत्री दर्शन, निवासी ग्राम व पोस्ट कूम्ही, कादीपुर, सुल्तानपुर।, उत्तर प्रदेश।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक 30/09/2024 दिन सोमवार को साय 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा ब्लाक दरियाबाद तहसील राम सनेही घाट जनपद बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है। **मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752**

सूचना

मेरे पुत्र सौरभ कुमार राव के स्कूल के अभिलेखों में त्रुटिवश पिता का नाम संतलाल राव (Santlal Rao) व माता का नाम सुनीता राव (Sunita Rao) अंकित हो गया है। सही नाम पिता का नाम संतलाल राम (Santlal Ram) व माता का नाम सुनीता राव (Suneeta Rav) अंकित किया जाय। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **–संतलाल राम पुत्र राम समुझ, निवासी टाइप 2 क्वाटर नं0 694, जी0सी0, सी0आर0पी0एफ0 बिजनौर, लखनऊ**

सूचना

मैं राम बाबू पुत्र पन्ना लाल रस्तोगी निवासी वार्ड नं 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा का निवासी हूं यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में राम बाबू उर्फ कौशल किशोर अंकित है जबकि मेरा सही नाम राम बाबू ही है। राम बाबू और कौशल किशोर दोनो नाम मेरा ही है अब मुझे राम बाबू के नाम से ही जाना जाय। **राम बाबू पुत्र पन्ना लाल निवासी वार्ड न 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती शुभावती शुक्ला, पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला, स्थायी निवासिनी ग्राम–ठिहौरा, मजरा बौना भारी, विकास खण्ड व तहसील सिधौली, थाना अटरिया, जिला सीतापुर, हाल निवासिनी–मकानं–537भ/309, भरत नगर, थाना–मडियाँव, तहसील व जिला लखनऊ,** मेरा सही एवं वास्तविक नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला (SUBHAVATI SHUKLA) पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला है। मेरे पहचान पत्रों व सरकारी कागजातों में जहाँ–जहाँ मेरा नाम सोभावती, सोभावती शुक्ला या सोभारानी, सोभारानी शुक्ला दर्ज पाया जाय, वहाँ–वहां मेरा सही नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला, पढ़ा, जाना व समझा जाय।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई राशन किट

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार: राजस्व विभाग द्वारा वंचित बाढ़ पीड़ितों को ब्लॉक परिसर में राहत सामग्री का वितरण किया गया। पिछले कई दिनों सरयू नदी में आई बाढ़ के कारण लगातार बाढ़ पीड़ितों को राशन किट का वितरण किया जा रहा है।

केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से देश व प्रदेश के जिलों में बाढ़ पीड़ितों को राहत देने का काम तेजी से कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को अंगरौरा के 105 बाढ़ पीड़ितों को राशन किट का वितरण किया गया। साथ ही अखरी ग्राम सभा के 16 बाढ़ पीड़ितों को राशन किट वितरित की गई। वहीं राहत सामग्री पाकर लोगों को चेहरों पर खुशी की लहर दिखाई दी।

बाढ़ पीड़ितों को राहत किट बांटते तहसीलकर्मी। अमृत विचार

बारिश तोड़ रही किसानों की कमर, खेतों में गिरी धान की फसल

अमृत विचार टीम, सीतापुर

अमृत विचार: यूपी में मौसम के बदलाव से जहां किसानों के चेहरों पर रौनक नजर आई है, तो वहीं दूसरी तरफ बारिश के साथ में तेज हवाओं के चलने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी साफ दिखाई पड़ने लगी हैं। बारिश के साथ चल रहीं हवाएं किसानों की कमर तोड़ रही है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अभी आगे भी बरसात होने की सम्भावना है।

रामपुर मथुरा संवाददाता के अनुसार, सोहरिया निवासी सरदार नछत्तर सिंह ने बताया कि गन्ने की फसल काफी अच्छी थी। 12 बीघा गन्ने की फसल में लगभग 7 बीघा गन्ना तेज हवा के कारण गिर गया है। धान की फसल तैयार खड़ी थी। 6 बीघा के लगभग धान भी गिर गया है,

राजमल।

नछत्तर सिंह।

मौसम विभाग के अनुसार आगे भी बारिश होने के आसार

भागीपुर निवासी राजमल ने बताया कि धान की फसल तैयार खड़ी थी, हवा चलने के कारण गिर गई। कुछ गन्ना व केला की खेती करने वाले किसानों को भी काफी नुकसान हुआ है।

इमलिया सुल्तानपुर संवाददाता के अनुसार, दो दिनों से हवा के साथ लगातार हो रही बारिश से गन्ने व धान की फसल धराशायी हो रही है। वहीं तिलहन सहित अन्य फसलों को भी तेज बारिश के साथ चल रही हवाएं नुकसान पहुंचा रहीं हैं। जिससे जिले के किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गयी है।

वहीं एडीएम नीतीश कुमार का कहना है कि बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक टीम सक्रिय है। जो लोग बंधे पर हैं। उन्हें खाद्य सामग्री बाढ़ राहत चौकियों पर दी जा रही है। फसलों के नुकसान का आंकलन लेखपाल टीम बनाकर कर रहे हैं।

बारिश व तेज हवाओं से गिरी धान की फसल। अमृत विचार

एक नजर

राजस्व टीम पर फायरिंग करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

सीतापुर : शहर से लगे भगवानपुर में राजस्व टीम पर हमला करने के मामले में कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें पांच नामजद और 20-25 अज्ञात लोग शामिल हैं। लेखपाल राहुल तिवारी का आरोप है कि नायब तहसीलदार सदर राजस्व टीम के साथ अतिक्रमण हटाने गए थे। इसी दौरान महिलाओं ने हमला कर दिया। जिससे जेसीबी चालक का सिर फट गया। बाद में विपक्षीगणों द्वारा फायरिंग भी की गई। ऐसे में राजस्व टीम बाल-बाल बची। देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। कोतवाल नगर अनूप शुक्ला का कहना है कि लेखपाल राहुल तिवारी की तहरीर पर नादिर, अब्दुल वाहिद, आजम, नाजिम, रुकसार सहित 20-25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

तालगांव की बोर्ड बैठक में तीखी नोकझोंक

तालगांव, सीतापुर : विकास खण्ड परसेण्डी में बोर्ड कमेटी बैठक का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद राकेश राठौर शामिल हुए। बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई। परसेण्डी ब्लॉक पर आयोजित बैठक शुरू होते ही सांसद राकेश राठौर ने जन प्रतिनिधियों से जुड़े मुद्दे उठाने शुरू कर दिये। ऐसे में जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र चन्द्र प्रजापति का कहना था कि यदि पहली बैठक निरस्त की गयी, तो दूसरी बैठक में कोरम की कोई आवश्यकता नहीं है। सांसद राकेश राठौर की दो टूक के बाद सभी खामोश हो गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, लहरपुर विधायक अनिल कुमार वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, धनन्जय सिंह रहे।

समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए

सीतापुर : शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बंधु, सिंगल विण्डों, निवेश मित्र एवं एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं की समीक्षा की। कहा कि निर्देश दिए कि व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मानवता ही है सबसे बड़ा धर्मः बजरंग मुनि

खैराबाद, सीतापुर : महर्षि श्रीलक्ष्मण दास उदासीन आश्रम बड़ी संगत का गुरु पर्व धूमधाम से मनाया गया। वैदिक विधि विधान से संप्रदाय आचार्य श्रीचंद के विग्रह का पूजन महंत बजरंग मुनि के द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं ने आचार्य की समाधियों का दर्शन पूजन किया। आश्रम में गुरुओं की समाधि पूजन के साथ आस्था का शिखर परिभाषित हुआ। इस अवसर पर महंत बजरंगमुनि ने कहा कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है तथा हम सभी को हमेशा मानवतायुक्त व्यवहार करना चाहिए। तभी प्रभु प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर महाराज बजरंगमुनि ने वैदिक विधि विधान से संप्रदाय के आचार्य श्रीचंद्र के विग्रह सहित गुरुओं की समाधि का पूजन किया। कहा कि उन्हें याद करना साधन सिद्ध के युग का स्मरण है। महंत पूरन मुनि, हटौरा संगत महन्त अन्तदेव, महंत गोविंद दास, महंत शिवराम दास, महंत विद्या दास, गोपाल मुनि, महंत श्याम मुनि, महंत रमेश, गंगा दास, नेक रामदास आदि रहे।

पुल के पास नहर पटरी से फिर शुरू हुआ रिसाव

26 अगस्त को नहर पटरी कटने से 50 से अधिक गांव हो गए थे जलमग्न, अधिकारियों ने शुरू किए बचाव कार्य

संवाददाता पहला / बिसवां सीतापुर

अमृत विचार: बिसवां तहसील क्षेत्र में रुसहन पुल के करीब शारदा सहायक नहर से एक बार फिर रिसाव शुरू हो गया। खेतों में पानी भरने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर एसडीएम बिसवां मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर हालात का जायजा लिया और नहर विभाग के अधिकारियों को बुलाकर बचाव कार्य शुरू कराए गए।

रुसहन पुल के करीब इससे पहले भी रिसाव हुआ था। 26 अगस्त को अचानक नहर पटरी कटने से 50 से अधिक गांव जलमग्न हो गए थे। हजारों बीघा फसल बर्बाद हुई। बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को निकालने के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीम कई दिनों तक लगी रही। बड़ी संख्या में पलायन कर चुके ग्रामीण अभी फिर से बस नहीं पाए, कि एक बार फिर नहर के किनारे से बड़ी तेजी से रिसाव शुरू हो गया। ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर बाद एसडीएम बिसवां मनीष कुमार को जानकारी दी तो वे नहर विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण अनिल का कहना था कि पानी पांच दिनों से रिस रहा है। शिकायत के बावजूद किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। राकेश का मानना है कि बरसों पुरानी नहर की पटरियों की जब मरम्मत सही से नहीं होगी तो हालात ऐसे ही बने रहेंगे। उधर खेतों में भरते पानी के बीच लोगों में दहशत बढ़ गई है। कई लोग अचानक आ जाने वाले आफत से बचने के लिए पलायन और सामान हटाने की बात भी कर रहे थे। बढ़ती समस्या के बीच एसडीएम की उपस्थिति में नहर विभाग के जेई कमलेश कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य कर्मियों ने मरम्मत और राहत के कार्य शुरू किये।

रुसहन पुल के करीब गड़रियन पुरवा की ओर जाता पानी। अमृत विचार

ग्रामीण बोले- पिछले 4 दिन से निकल रहा पानी

रिसते पानी को बंद करने का निर्देश देते एसडीएम बिसवां। अमृत विचार

शिकायतों के बाद भी नहीं ली जा रही सुधिः बड़ी संख्या में रुसहन गांव के बाहर लोग जमा थे। सभी का कहना था कि शिकायतों के बावजूद किसी ने इसको गंभीरता से नहीं लिया। चार दिनों के भीतर पानी रिसने में तेजी आ गए। इससे पहले भी ऐसा ही कुछ हुआ था जब नहर पटरी कट गई थी।

पूर्व में विभाग ने साही पर किया था दोषारोपणः पूर्व में हुए हादसे का जिम्मेदार नहर विभाग की ओर से साही जानवर को बनाया गया था। कहा था कि जांच में पता चला है कि साही ने ही बड़ा गड्ढा खोद दिया, उस समय ग्रामीणों ने इन दावों का विरोध भी किया था। इस बार फिर विभाग समस्या उत्पन्न करने वालों को ढूंढ़ रहा है।

> मौके पर एसडीएम बिसवां मौजूद हैं। नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा रिसाव वाले स्थान को बंद कराने का प्रयास किया जा रहा है, किसी भी गांव में पानी नहीं पहुंचा। स्थितियों पर नजर रखी जा रही है।
>
> -नीतीश कुमार, एडीएम।

फिर से बाघ ने एक गोवंश को बनाया शिकार

पग चिह्नों की जांच करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

संवाददाता नेरी, सीतापुर

अमृत विचार: महोली क्षेत्र के भगवानपुर ग्रांट में बाघ ने फिर एक गोवंश को अपना शिकार बना लिया। वन विभाग ने पग चिह्नों के आधार पर बाघ के होने की पुष्टि की है। वहीं बाघ होने की पुष्टि पर गांव के लोगों में दहशत फैल गई है।

जानाकारी के मुताबिक भगवानपुर ग्रांट के कुछ किसान अपना खेत देखने गये थे। इसी बीच राकेश भारती के खेत में लोगों ने छुट्टा गोवंश का शव पड़ा पाया। वहीं लोगों को खेत के पास में ही बाघ के पग चिह्नों दिखाई दिए। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कॉबिंग की। पग चिह्नों के आधार पर बाघ के होने की पुष्टि की। वहीं वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह ने बताया कि पग चिह्नों बाघ के ही हैं। उन्होंने बाघ होने को लेकर ग्रामीणों को अत्यधिक सतर्क रहने की सलाह दी है।

महोली क्षेत्र के इलाके का मामला, लोगों में फैली दहशत

गांव को रोशन कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

संवाददाता महमूदाबाद सीतापुर, अमृत विचार : महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र में इन दिना मटमैला गैंग सहित कई अन्य अफवाहें गर्म हैं। ऐसे में कुछ लोग आगे आए हैं। ग्राम सभा कटरा पोस्ट बिलौली बाजार के प्रधान अनिल सिंह ने इलाके एलईडी बल्ब लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम शुरू किया है। इनका कहना है कि अफवाहों से दूर रहकर खुद से सतर्क बने। महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र के कासां, खेरिया, कटरा, रघुवापुर, रामाभारी, लौना गांव में मटमैला गैंग का दावा हुए पर्चे चिपके मिले थे। महमूदाबाद, रामपुर मथुरा, रामपुर कला थानाक्षेत्रों में कई चोरी की वारदातें भी हुईं। ऐसे में कुछ घटनाओं के खुलासे भी हुए। वहीं समाजसेवी नदीम अहमद का मानना है कि अब सोशल साइट्स काफी सक्रिय हो गई हैं। इस पर सभी को अफवाहों से दूर रहने की मुहिम चलानी चाहिए।

आज होगा विदाई यात्रा का आयोजन

रामपुर मथुरा, सीतापुर: आचार्य 108 विमर्श सागर महाराज, संघस्थ शिष्या विमर्शानुरागनी विशु दीदी एवं नगर गौरव प्रतीक्षा दीदी सहित सभी दीक्षार्थी बहनों एवं भैया के गोद भराई एवं बिनौली विदाई यात्रा का आयोजन रविवार को रामपुर मथुरा में किया जाएगा। सकल जिनागम पंथी समाज द्वारा 13 बाल ब्रह्मचारी दीक्षार्थी दीदी व ब्रम्हचारी भैया की विदाई यात्रा का भव्य स्वागत चौका नदी स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार सुबह 8 बजे किया जाएगा।

शीश नवाकर दिया स्वच्छता का संदेश

शहीद स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

डीएम ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश।

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार: नगर विकास राज्यमंत्री और प्रशासनिक अमले ने मिलकर शहीदों को याद करते हुए शीश नवाए, फिर स्वच्छता अभियान की शुरुआत शहर के प्रमुख स्थानों पर झाड़ू लगाकर की। स्वच्छता की शपथ ली और लोगों को इसके प्रति जागरूक भी किया। वहीं जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने सफाई करते हुए जिलेवासियों को स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया।

नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने लालबाग स्थित शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके साथ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल भी थीं। स्वच्छता अभियान की शुरुआत लालबाग के शहीद पार्क में झाड़ू लगाकर किया गया। फिर प्रमुख चौराहों पर सफाई अभियान चला। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने प्रमुख स्थानों पर झाड़ू लगाई और रैली निकलाकर लोगों को अभियान को लेकर जागरूर किया। प्रशासन की ओर से निकाली गई रैली जो प्रमुख चौराहों से होती हुई गुजरी। बाद में स्वच्छता की शपथ ली गई। जगह-जगह लोगों को जागरूक भी किया गया।

इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शहर के लालबाग स्थित शहीद पार्क से स्वच्छता अभियान की शुरुआत

जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने सफाई करते हुए लोगों को किया जागरूक

पकड़ा गया खीरी का जालसाज, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: शहरी क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों पर कागजों का खेल जारी है। पकड़ा उस समय गया, जब पुलिस अधीक्षक की ओर से थानावार निर्देश जारी किए गए। बिसवां से लखीमपुर खीरी निवासी जालसाजी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से नकली आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य सामान बरामद हुए हैं।

क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया है कि बिसवां पुलिस टीम ने लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र स्थित फुसही ड्योढ़ी निवासी श्रीराम पुत्र शिववचन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक अदद आधार कार्ड जिस पर नाम श्रीराम पुत्र रामचरन मकान नं. 7, मोहल्ला पडाना टोला जोशीमठ, जोशीमठ जनपद चमोली, उत्तराखण्ड अंकित मिला। एक फर्जी पैन कार्ड जिस पर तीरथ राम पुत्र रामचरन अंकित है। बरामद हुआ। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उसने ठगी में बिसवां कस्बे के मोहल्ला शेखसरांय निवासी राजकुमार सहित एक अन्य व्यक्ति को अपने साथ शामिल किया। फिर मृत ग्रामीण तीरथराम पुत्र रामचरन निवासी बद्रीनारायण बन कर बैनामा करने तथा 6 लाख रुपये हिस्सा देने को कहा था। बताया कि इससे पहले राजकुमार उर्फ छोटकन्ने फर्जी बैनामा कर रुपये कमा चुका है। फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेजों के सहारे नसीम को राजकुमार के साथ मिलकर 1,13,250 रुपये का ई-स्टाम्प खरीदकर उस पर फर्जी डीड तैयार करवाकर रजिस्ट्री करने जा रहा था। इसी दौरान राज-फाश होने पर गिरफ्तार कर लिया गया।

बिसवां पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मृत ग्रामीण की जमीन की कराने जा रहा था रजिस्ट्री

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में छात्रों ने दिया साक्षात्कार

प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता सांडा, सीतापुर, अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र सकरन में शनिवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत 146 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा दो चरण में संपादित हुई पहले चरण में उत्तीर्ण 25 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार किया गया। इसमें संध्या देवी, शुभम, शशी वर्मा, मोहम्मद शाद, गायत्री सफल हुए। सकरन के खण्ड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। ब्लॉक स्तर पर प्रतिभा दिखाने वाले मेधावियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वहां बेहतर प्रदर्शन करने पर उन्हें राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने पर तर्कशीलता, टीम वर्क, प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा। परीक्षा में एआरपी विनोद कुमार, डॉ. संघ प्रिय गौतम, राजेश वर्मा, बृजेश कुमार के साथ शिक्षक धीरेंद्र पटेल, चिन्मय मिश्र, सौरभ शुक्ला, पूजा सरोज, दीपिका पांडेय द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

थाना समाधान दिवसः जमीन, पैमाइश के बढ़े मामले

खैराबाद थाने पर शिकायत सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार : जिले के सभी थानों पर संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक खैराबाद थाना समाधान में शामिल हुए। यहां अधिक संख्या में मामले राजस्व से जुड़े सामने आए, निस्तारण को लेकर निर्देश दिये गए। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस खैराबाद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को एक - एक सुना। जमीन के विवाद, पैमाइश आदि की समस्याओं को अधिक आता देख राजस्व विभाग व पुलिस विभाग को डीएम ने कड़े निर्देश जारी किये। भूमि विवाद से जुड़े मामले में दोनों पक्षों को न्यायालय के निर्णय का इंतजार करने के लिए कहा गया। विवाद न करने की सलाह दी गई। चाचा-भतीजे के बीच गलियारे के विवाद का हल आपसी सहमति के आधार पर करने के लिए कहा गया। इस दौरान एसपी चक्रेश मिश्रा ने राजकीय व सुरक्षित जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कर कब्जा मुक्त कराये जाने के निर्देश दिये। अन्य थानों पर भी थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

20-20 गैंग सरगना समेत छह शातिरों को दबोचा

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी व लूट की योजना बना रहे छह शातिरों को दबोचा। पकड़े गए शातिरों में 20-20 गैंग का सरगना भी शामिल है। शातिरों को पकड़ने में दरोगा के साथ हमराह फोर्स भी शामिल रहा। पकड़े गए आरोपितों पर बाराबंकी, लखनऊ के विभिन्न थानों सहित महमूदाबाद कोतवाली में मुकदमें दर्ज हैं। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि कोतवाल अनिल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के भेथरामाधव स्कूल के समीप बाग में शातिर चोरी को लूट तथा चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर एसआई देवेंद्र त्रिपाठी, शिवम सिंह और हमराह फोर्स ने बाग में चोरी और लूट की योजना बना रहे शातिरों की घेराबंदी की और उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम महेंद्र गौतम उर्फ माही पुत्र भीखलाल निवासी हसुवापुर थाना बड्डूपुर जिला बाराबंकी, समी पुत्र राज निवासी अजीजनगर थाना मड़ियांव जिला लखनऊ, महेश रावत पुत्र पंचम निवासी भोलापुर थाना बीकेटी जिला लखनऊ, कुलदीप गौतम पुत्र गुड्डू निवासी बरगादी थाना बीकेटी जिला लखनऊ, ललित वर्मा पुत्र रामलखन व आशीष वर्मा पुत्र सुरेंद्र निवासी कस्बा व थाना बड्डूपुर जिला बाराबंकी बताया।

लापरवाही तालगांव के लोगों ने सफाई कर्मियों को बढ़ाए जाने की मांग की, साप्ताहिक बाजार होने के बाद सड़कों के इर्द-गिर्द बढ़ जाती गंदगी

8 हजार की आबादी के बीच साफ-सफाई की व्यवस्था ध्वस्त

संवाददाता तालगांव, सीतापुर

अमृत विचार: विकाख खण्ड क्षेत्र परसेण्डी की ग्राम सभा तालगांव में साफ-सफाई एक अहम मुद्दा बन चुकी है। तालगांव में 8 हजार की आबादी के बीच साफ-सफाई की व्यवस्था ध्वस्त होने के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है। ऐसे में इलाके के लोगों ने सफाई कर्मियों को बढ़ाए जाने की मांग की है।

तालगांव करीब आठ हजार से अधिक की आबादी वाली ग्राम सभा है। साफ-सफाई का मुद्दा इन दिनों अहम हो चला है। डॉ. एहतिशाम शानू कहते हैं कि नालियों की रोजाना सफाई न होने से नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। इन दिनों वैसे भी ग्रामीण अंचलों में तेज बुखार हावी है। इसलिए रोजाना सफाई आवश्यक है। नाहिद अख्तर का मानना है कि यहां साप्ताहिक बड़ी बाजार लगती है। बाजार खत्म होने के बाद पसरी गंदगी सड़कों से घर तक पहुंच जाती है। लोगों को परेशानी होती है। सफाइकर्मियों की संख्या बढ़ानी आवश्यक है। प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हारून से बात की गई तो उन्होंने बताया बड़ी ग्राम सभा होने के बावजूद केवल एक सफाईकर्मी हैं। वो ब्लाक के रोस्टर के हिसाब से एक या दो दिन ही काम कर आना होता है। सप्ताह में 5 दिन तो रोस्टर में निकल जाते हैं। सफाईकर्मी ललित कुमार ने बताया कि इतनी बड़ी आबादी के बीच अकेले कहां तक सफाई करें, ग्राम सभा सहित 5 मजरे, स्कूल, बाजार और ब्लाक पर सफाई की जाती है। ऐसे में एक दिन सफाई करने के बाद 15 दिन बाद रोस्टर आता है, तब तक फिर गन्दगी फैल जाती है।

मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे जमा कचरा। अमृत विचार

> रोस्टर के हिसाब से सफाई कराई जाती जिसमे 7 से 8 कर्मचारियों की टीम जाती है। अगर सफाई नहीं हुई है, तो पुन: रोस्टर लगवाया जाएगा। पूर्व में किस रोस्टर के हिसाब से कार्य कराया जाता रहा है, उसकी जानकारी नहीं है।
>
> -मनोज कुमार, , प्रभारी एडीओ पंचायत।

प्रशिक्षु आईएएस ने जाना कसमंडा के इलाकों का हाल

कमलापुर, सीतापुर: विकास क्षेत्र कसमंडा मुख्यालय का निरीक्षण प्रशिक्षु आईएएस/ खण्ड विकास अधिकारी नितिन सिंह ने किया। टूटी बाउंड्री वॉल देखकर गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूलने की हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक मुख्यालय में जितने भी कर्मचारी बैठते हैं, सभी विभागों पर नाम पट्टिका लगाएं। उन्होंने साधन सहकारी समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लॉक के सामने चल रहे स्वामी विवेकानंद स्कूल का भी हाल जाना व भूगर्भ विभाग के पीजा मीटर को देखकर उसे सही कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र जारी करने का आदेश दिया है।

एक नजर

28 लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 280 ग्राम मार्फीन बरामद की। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 28 लाख रुपये बताई जाती है। जनपद में मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बड्डूपुर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर बाबादीन उर्फ मो. अहमद पुत्र हामिद निवासी ग्राम सोहीपुर दीपपनाह थाना घुंघटेर को ग्राम कतुरीकला के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 280 ग्राम मार्फीन अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 28 लाख रुपये बरामद की गई। इसके विरुद्ध थाना बड्डूपुर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

अचानक तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : अचानक तबीयत बिगड़ने से एक युवक की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रसौली कस्बे के ग्रीन गार्डन में रहने वाले संजीव सिंह चौहान का 23 वर्षीय पुत्र अभिषेक सिंह किसी कार्यवश घर से निकला था। शहर के सीमा क्षेत्र पर चौपुला के पास युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई, वहां पर मौजूद तीन अन्य दोस्त उसे लेकर जिला अस्पताल गए। जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

कच्ची शराब के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना बदोसराय पुलिस टीम ने अभियुक्त राममनोज पुत्र बेनी प्रसाद निवासी ग्राम तवकलपुर थाना रामनगर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दस पाउच कच्ची शराब बरामद की। इस संबंध में थाना बदोसरांय पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

भारी बारिश से बिगड़ गए हालात सड़कें जलमग्न, फसलें तबाह

24 घंटे में 23 मिली हुई बरसात, रामनगर में छप्पर गिरने से दो मवेशियों की मौत

त्रिवेदीगंज के तेजवापुर पंचायत में लेटी धान की फसल। अमृत विचार

बंकी रेलवे क्रॉसिंग पर जलभराव की स्थिति। अमृत विचार

जलालपुर मोहल्ले के सरकारी स्कूल में भरा पानी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: बारिश और तेज पछुआ हवाओं का असर गहरा गया है। शहरवासी जलभराव की समस्या से जूझे तो सड़कें व गलियां गड्ढायुक्त हो गईं। धान की फसल तेज हवा से खेतों में लेट गई जिससे उसके तबाही के आसार बढ़ गए हैं। उधर रामनगर में छप्पर दीवार समेत गिर गया जिससे नीचे दबकर एक गाय व बछिया की मौत हो गई। अब किसानों को मुआवजा दिए जाने और राजस्व की वसूली रोके जाने की मांग उठने लगी है।

बीते 24 घंटे में जिले में 24 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। गुरुवार की शाम से ही बदले मौसम ने शहरवासियों को उमस से राहत दिला दी। पारा लुढ़कने से लोगों को एकबारगी सर्दी का एहसास हुआ। बारिश के बाद नाले-नालियां उफना गईं और उनका पानी मार्गों पर बहता नजर आया। शहर की सड़कें पहले ही खस्ताहाल थीं सो बरसात बाद इनमें जलभराव हो गया। बंकी रेलवे क्रॉसिंग पर जलभराव के चलते लोग परेशान दिखे। लखपेड़ाबाग से सटे जलालपुर मोहल्ले के सरकारी स्कूल में पानी भर गया। फसल गिरने से बाली के सड़ने का खतरा बढ़ गया है। अगेती फसल खराब होने की आशंका से किसान परेशान हैं।

छप्पर गिरने से दो मवेशियों की मौत: रामनगर थाना अंतर्गत ग्राम गोबरहा निवासी रामफल की गाय व बछिया शुक्रवार की रात बंगला में बंधी थी। लगातार हो रही बारिश व तेज हवाओं के चलते अचानक बंगले की पक्की दीवार छप्पर समेत गिर गई। जिससे मलबे में दबकर दोनों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही लोग मौके पर पहुंचे और मवेशियों को बाहर निकाला। हल्का लेखपाल को दी मामले से अवगत कराया गया।

भाकियू की मांग, किसान को मिले मुआवजा

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा ने शनिवार को उप निदेशक कृषि को मांगपत्र सौंपा। बताया कि धान की फसल पूरी तरह तैयार है लेकिन बरसात और तेज हवाओं के चलने से फसल खेतों में गिर गई जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने कर्ज लेकर खाद और बीज का इंतजाम कर सिंचाई करवाई थी लेकिन बरसात ने भारी नुकसान पहुंचाया है। युवा मंडल अध्यक्ष कपिल वर्मा ने कहा कि बरसात से प्रभावित किसानों से केसीसी, कृषि लोन, बैंक लोन विद्युत बकाया आदि की वसूली न की जाए। इस मौके पर जिला महामंत्री चौधरी कमालुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, मसौली ब्लाक अध्यक्ष अंकित वर्मा, तहसील सदर प्रभारी मोहम्मद इस्माइल, विजय कुमार वर्मा, संदीप वर्मा उपाध्यक्ष वसी अंसारी, इलियास अहमद, मोहम्मद अकील अंसारी, विनोद बाथम, मो. जुनैद, धीरज कुमार, मुन्ना आदि रहे।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

बाराबंकी, अमृत विचार: शहर कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने दुपट्टे से बने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दानियालपुर के रहने वाले राजेश की पत्नी अंकिता वर्मा घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में फांसी के फंदे से लटक गई। पति राजेश टेल्को में कर्मचारी हैं जो ड्यूटी पर गये थे। वह शुक्रवार की शाम घर वापस लौटा। आवाज लगाते हुए जब ऊपरी मंजिल पर गया तो हक्का बक्का रह गया। उसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता के इस कदम को लेकर परिजन कुछ बता नहीं सके।

67 सफाईकर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: ब्लॉक सभागार में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें सैकड़ों सफाईकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट देकर प्रोत्साहित भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत खंड विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह व सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव ने किया। बीडीओ ने कहा पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सफाईकर्मियों के हेल्थ चेकअप को सुनिश्चित करने के दिशा में यह एक अहम कदम है। इसका उद्देश्य सभी ऐसे कर्मियों के लिए है जो लगातार पंचायत में स्वच्छता बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग देते हैं। वहीं, एडीओ पंचायत ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान न केवल समाज को स्वच्छ रखने का अभियान है बल्कि स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य एवं उनकी सुरक्षा का भी ख्याल रखने का अभियान है। उधर, सीएचसी सूरतगंज कस्बे के डॉ. प्रदीप यादव ने 67 सफाईकर्मियों का रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच व हृदय परीक्षण किया। सफाईकर्मियों को भी दवाएं दी गयीं।

स्वदेशी उत्पाद ही सबसे बेहतर

संवाद में चर्चा

निंदूरा, बाराबंकी

अमृत विचार: स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत वोकल फॉर लोकल संवाद संभाषण व आत्म निर्भर भारत निबंध स्पर्धा का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सबसे पहले विद्यार्थियों में संवाद हुआ। सभी ने वोकल फॉर लोकल पर संभाषण द्वारा विचार रखे। संभाषण से एक बात सामने आई कि वोकल फॉर लोकल अर्थात् देश को आत्मनिर्भर बनाकर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना और उनका प्रचार करना। जब भी देश में कोई आपदा आई है, स्वदेशी वस्तुएं ही काम आई हैं। बच्चों ने कोरोना काल में स्वदेशी वस्तुओं के महत्व का जिक्र किया। स्पर्धा में नंदनी कक्षा 12 ब ने प्रथम, राजनंदनी कक्षा 12 ब ने द्वितीय तथा राशि सैनी कक्षा 11 ब और निशा रावत कक्षा 12 अ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आत्मनिर्भर भारत निबंध में नैनसी नौ ब ने प्रथम, बब्बी नौ ब ने द्वितीय और अनुश्री और अमित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विधार्थियों को शिव दयाल जायसवाल ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नीलेश कुमार सिंह, योगिंदर कौर, अंकित वर्मा, स्वेता उपाध्याय, रेखा वर्मा, हरीश अवस्थी, नीरज रहे।

छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

ऐतिहासिक देवा मेले की तैयारियों में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : ऐतिहासिक देवा मेला इस बार 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। 10 दिवसीय मेले के सांस्कृतिक मंच पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को श्रृंखला में पिरोने का काम शुरू हो गया है। बड़े कलाकारों को बुलाने के लिए देवा मेला समिति द्वारा इवेंट मेकर की तलाश शुरू कर दी गई है। अब तक आधा दर्जन इवेंट मेकर के आवेदन आ चुके हैं। जल्द ही किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी।

देवा मेला प्रदर्शनी एवं महोत्सव के मंच पर हर वर्ष बड़े व नामचीन कलाकार आते रहे हैं। जल्द ही कलाकारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। देवा मेला को लेकर जिला प्रशासन की देखरेख में तैयारियां शुरू करा दी गयी हैं।

जल्द ही तय होगा इवेंट मेकर का नाम

देवा मेला प्रदर्शनी एवं महोत्सव समिति के सचिव व एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अभी कलाकारों को लेकर कोई बातचीत फाइनल नहीं हुई है, लेकिन इवेंट मेकरों के पांच से छह आवेदन आए हैं। जल्द ही किसी एक के नाम को तय कर, उनके द्वारा कलाकारों को बुलाया जाएगा।

आज मनाई जाएगी भगत सिंह की जयंती

बाराबंकी, अमृत विचार: सिद्धौर ग्राम पंचायत उसमानपुर हनक बुद्ध विहार में 29 सितंबर को शहीद भगत सिंह जयंती समारोह व मेले का आयोजन दि बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा किया जायेगा। इसमें बुद्धजीवी, सामाजिक विद्वान वक्ता, उपासक, अधिकारी, कर्मचारी समेत हजारों की संख्या में जनता होगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जमुना प्रसाद कनौजिया एंड पार्टी प्रस्तुत करेगी। मनोज कुमार एंड पार्टी कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। सोने लाल यादव एंड पार्टी, महिपाल सिंह आल्हा गायक और सत्यम जादुगर शहीद भगत सिंह के जन्मोत्सव पर जादू दिखाएंगे।

मीना व शिक्षिका का मनाया जन्मदिन

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार: शिक्षा क्षेत्र देवा के प्राथमिक विद्यालय कुसुम्भा में एक अलग नजारा देखने को मिला। बच्चों व विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय की अध्यापिका मंजू वर्मा एवं मीना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा विद्यालय को गुब्बारे से सजाया गया।

मीना एवं शिक्षिका मंजू वर्मा ने केक काटकर एकदूसरे का मुंह मीठा कराया। बच्चों के लिए विद्यालय परिवार के सहयोग से स्पेशल व्यंजन की व्यवस्था की गई। मीना एक काल्पनिक चरित्र है जो शिक्षा के प्रति जागरूक है उसकी पूरी कहानी बच्चों को बताई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं मिशन हरियाली के संयोजक पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह द्वारा जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण संकल्प को दोहराते हुए एक नया संदेश दिया। सभी को अपने जन्मदिन पर एक पौधा रोपित करना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। कंपोजिट विद्यालय मलूकपुर की शिक्षिका सीता वर्मा ने शिक्षिका मंजू वर्मा को पौधा उपहार में भेंट किया। कार्यक्रम में सौम्या वर्मा, साक्षी, महक, मुस्कान, रितिका, राही, मयंक, अतुल सिद्धार्थ चौधरीराज, विजय प्रताप सिंह, सीता वर्मा, शशिबाला, मंजू वर्मा और प्रज्ञा राज आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय कुसम्भा में मनाया जा रहा जन्मदिन। अमृत विचार

सार-संक्षेप

न्याय व्यवस्था को दी जा रही चुनौती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता अयोध्या मण्डल द्वारा अनियमित तरीके से जिला सहकारी बैंक के तेरह में से बारह संचालकों को अयोग्य घोषित किए जाने का मामला विभिन्न याचिकाओं के माध्यम से उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं सहकारी न्यायाधिकरण में न्यायार्थ प्रस्तुत होने के बावजूद निर्वाचन प्रक्रिया जारी रखना, देश की न्याय व्यवस्था को खुली चुनौती देने जैसा है। उक्त स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ सहकारी नेता धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसी स्थिति में यह सब हो रहा है, जबकि इसी मामले की उच्चतम न्यायालय में दायर एसएलपी में स्थगन आदेश भी दिया जा चुका है।

महाविद्यालय में शुरू हुईं मिड टर्न परीक्षाएं

रामनगर, अमृत विचार : पीजी कॉलेज रामनगर में स्नातक व परास्नातक मिड टर्न परीक्षाएं शनिवार से प्रारंभ हो गईं। इस बात की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने बताया कि मिड टर्म सेमेस्टर बीए प्रथम तृतीय व पंचम व एमए प्रथम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शुरु हो गई है। जो पांच अक्टूबर तक चलेंगी। परीक्षा प्रभारी प्रो. सुनीत कुमार सिंह, सह प्रभारी डॉ. मनोज कुमार सिंह व मुख्य नियंता डॉ. रामकुमार सिंह के निर्देशन में परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं। जिसकी देखरेख में डॉ. अखिलेश वर्मा, डॉ. विश्वास मिश्रा, डॉ. सुनीत जायसवाल, ओम कुमार वर्मा, अमरजीत सिंह, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. सरोज, डॉ. शैलजा दीक्षित सहित विद्यालय के सभी कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

निबंध में प्राची तो संभाषण प्रतियोगिता में सैफ अव्वल

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली में शनिवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत आत्म निर्भर भारत विषय पर निबंध एवं लोकल फॉर लोकल विषय पर सम्भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्राची राजपूत को प्रथम, जैमिनी को द्वितीय एवं यशस्वी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सम्भाषण प्रतियोगिता में सैफ अली को प्रथम, कशिश को द्वितीय एवं पूर्वी को तृतीय स्थान हासिल हुआ। प्रतिभागी छात्र छात्राओं को जिला पंचायत सदस्य राम सिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने पुरस्कृत किया तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय बहादुर ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस मौके पर शिक्षिका विजय लक्ष्मी सिंह, श्रीधर पाठक, शिवा कान्त वर्मा, राघव राम, सत्यप्रकाश तिवारी, उमा सिंह, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मनोज कुमार ने किया।

105 का खाद्य पंजीकरण, 10 को मिले लाइसेंस

शिविर में मौजूद सहायक आयुक्त खाद्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : शहर के नवीन मंडी परिसर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नए पंजीकरण के साथ कई नए कारोबारियों को लाइसेंस भी दिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शनिवार को नवीन मंडी परिसर में आयोजित शिविर में पंजीकरण व लाइसेंस जारी किए गए। इस दौरान खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में जहां 105 खाद्य कारोबारियों ने अपना पंजीकरण कराया वहीं 10 लोगों ने लाइसेंस प्राप्त किए। इस दौरान श्री सिंह ने बताया कि कारोबारियों की सहूलियत को देखते हुए तहसीलवार ऐसे ही शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें 4 अक्तूबर को फतेहपुर, 15 अक्तूबर को हैदरगढ़, 19 को रामसनेहीघाट और पांच नवंबर को सिरौलीगौसपुर तहसील में शिविर का आयोजन होगा। इससे पहले विभाग द्वारा जैदपुर, धनोखर चौराहा व तहसील- रामनगर में लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें 300 से अधिक रजिस्ट्रेशन व 35 लाइसेंस मौके पर ही जारी कर खाद्य कारोबारकर्ताओं के मध्य वितरित किया गया।

प्रतिदिन एक वार्ड चिन्हित कर चलेगा सफाई अभियान

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : संचारी रोग की रोकथाम के लिए एसडीएम के आदेश पर नगर पंचायत ने माइक्रो प्लान तैयार किया है। इसके तहत प्रतिदिन एक वार्ड को चिन्हित कर साफ सफाई, दवा का छिड़काव, फॉगिंग के साथ नालों की मरमत की जायेगी। लगातार बारिश होने के कारण संक्रमण रोग फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिसे लेकर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा के आदेश पर नगर पंचायत फतेहपुर के अध्यक्ष ने माइक्रो प्लान तैयार कराया है। इस प्लान के तहत नगर पंचायत के 19 वार्डो में एक से 30 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक दिन एक वार्ड को चिन्हित कर वहां नाले नालियों की साफ सफाई का कार्य होगा। जिन स्थानों पर जल भराव की समस्या है वहां जल निकासी का काम होगा।

पूजन पंडालों में अवश्य लगवायें सीसीटीवी

पीस कमेटी की बैठक

देवा/रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र एवं दशहरा पर्व को लेकर कोतवाली देवा और रामनगर थाना परिसर में में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। अधिकारियों ने अपील की कि पर्वों को भाईचारे के साथ मनाएं। पंडालों में सीसीटीवी अवश्य लगवायें।

देवा में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम सदर आर.जगत सांई ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा में यदि किसी को कोई समस्या है तो उसको अवगत करा दें जिससे उसका निदान किया जा सके। विसर्जन के लिए दुर्गा प्रतिमा निर्धारित घाट व निर्धारित मार्गों से ही लेकर जाएं। सीओ नगर सुमित त्रिपाठी ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी मैसेज को बिना सोचे-समझे सोशल मीडिया पर वायरल न करें। इंस्पेक्टर देवा अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि आपके आसपास क्षेत्र में यदि कोई भी व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक मुस्तकीम अहमद, एसएसआई रणजीत सिंह, चौकी प्रभारी मित्तई अखिलेश प्रजापति, कस्बा इंचार्ज शैलेश कुमार यादव, एसआई सुमित कुमार वर्मा, अर्जुन सिंह, अतुल कुमार और जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

देवा थाने में बैठक करते एसडीएम आर.जगत साईं, सीओ सुमित त्रिपाठी।

वहीं रामनगर थाना परिसर पर एसडीएम पवन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। पूर्व में निर्धारित स्थानों पर ही पंडालों में मूर्तियों की स्थापना करें और साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखें। बगैर अनुमति के कोई नई परंपरा न शुरू करें। पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं। सीओ जगतराम कनौजिया कहा कि नशे की हालत में लोगों को पंडाल में न आने दें। थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय ने कहा कि थाना क्षेत्र में 82 स्थानों पर अनुमति के साथ कार्यक्रम संपन्न होंगे तथा मूर्ति विसर्जन के लिए चार घाट बनाए गए हैं। इस मौके पर एसएसआई प्रमोद यादव समेत कई पुलिसकर्मी व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

फर्जी प्लाट बनाकर महिला की जमीन कब्जाई, केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जालसाज ने पहले तो एक महिला को प्लाट बेचा। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति के साथ कागजों में हेरफेर कर एक फर्जी प्लाट बनाकर बेच दिया और महिला के प्लाट के आधे हिस्से पर कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहर कोतवाली के आजादनगर की विनीता बाजपेई का कहना है कि उन्होंने विभोर श्रीवास्तव उर्फ सोनी से 2016 में 2800 वर्ग फिट प्लाट खरीदा था। बाउंड्रीवाल भी बनवा ली थी। वर्तमान में विभोर ने अनुज के साथ मिलकर पल्हरी में गाटा संख्या 25, 33, 45 मिलाकर एक फर्जी प्लाट बना डाला। अनुज ने अपने रिश्तेदार के नाम रजिस्ट्री भी करा दी। इस फर्जी प्लाट के माध्यम से उसके आधे प्लाट पर बाउंड्री तोड़कर अपनी बाउन्ड्री बना ली। फर्जी प्लाट की दाखिल खारिज तहसील नवाबगंज द्वारा 26 सितंबर 2023 को निरस्त कर दी गयी। इस कब्जे को लेकर कई बार कहने के बाद भी अनुज अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी देता है। विभोर अपना घर छोड़कर फरार है। महिला का आरोप है कि विभोर ने 20 से 25 प्लाटों में हेराफेरी की है। थाना जहांगीराबाद में विभोर के विरुद्ध बहुत लोगों ने शिकायती पत्र दिए लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

अस्पताल में मरीजों की भरमार, मलेरिया के 50 मामले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : मौसम में हुए बदलाव का असर दिखने लगा है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही। वहीं डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों ने भी पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। अब तक मलेरिया के 50 केस सामने आ चुके हैं। एक दिन की ओपीडी में ही सैकड़ों मरीज पहुंच रहे। सुबह अस्पताल का गेट खुलने से पहले ही मरीजों का आना शुरू हो जा रहा। पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपने मर्ज के उपचार के लिए डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे। आलम यह कि पर्चा बनवाने व दवा लेने के लिए लगी कतार को घंटों बीत जाते हैं तब जाकर नंबर आ रहा। सबसे ज्यादा मरीज बुखार, जुकाम जैसे मर्ज के आ रहे। वहीं डेंगू मरीजों के लिए वार्ड तैयार कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. बृजेश कुमार ने बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधा व दवा मिल रही, इसलिए संख्या भी बढ़ रही।

हादसों को दावत दे रही रेलिंग विहीन पुलिया

संजय वर्मा, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: लगता है कि सिंचाई विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। नहर पर बनी पुलिया रेलिंग विहीन है। कई हादसे पूर्व में हो चुके हैं फिर भी विभाग ने नहीं चेता। पुलिया विगत तीन दशकों से अपने मरम्मत की बाट जोह रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद नहर पर बने पुल की ओर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ध्यान देना उचित नहीं समझा।

विकास खंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत राजमार्ग से निकलने वाली लगभग नौ किमी लंबी वाया तेजवापुर भीतरी संपर्क मार्ग पर आधा दर्जन ईंट-भट्ठे व आधा दर्जन से ज्यादा परिषदीय व निजी विद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त इस मार्ग पर लगभग दो दर्जन गांव व तीन पंचायतें स्थित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया व ट्रकों के अतिरिक्त ट्रैक्टर इस मार्ग से गुजरते हैं। पुल पर रेलिंग न होने के चलते दर्जनों बार वाहन सवार पुल से नीचे गिर चुके हैं। इस बारे में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता रवि प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि पुल की चौड़ाई बढ़ाए जाने के लिए दूसरी बार ड्राइंग बनाकर स्वीकृति के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति मिलते ही पुल व रेलिंग का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

नहर पर बनी रेलिंग विहीन पुलिया। अमृत विचार

एक नजर

भाई ने की आत्महत्या बहन को लोगों ने बचाया

रामनगर, अमृत विचार : डूडा कॉलोनी में बहन के साथ रह रहे एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से आहत बहन ने भी आत्महत्या की कोशिश की लेकिन लोगों ने बचा लिया। रामनगर स्थित डूडा कॉलोनी में अंकित नाम का एक युवक बहन बबली के साथ रहता था। वह ऑटो चलाता था। शनिवार को उसने कॉलोनी के अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना के समय बहन पड़ोस में गई थी। लौटकर देखा तो भाई फांसी के फंदे से लटका था। आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़कर उसे उतारा। थोड़ी देर बाद बहन ने भी जान देने की कोशिश की लेकिन उसे बचा लिया गया।

वांछित लालू और मुलायम समेत तीन गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त लालू यादव, मुलायम यादव व नितिन यादव को गिरफ्तार किया।

जिलाधिकारी ने आवंटित भूमि का किया निरीक्षण

बाराबंकी, अमृत विचार : डीएम सत्येन्द्र कुमार ने शनिवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी लोनिवि की उपस्थिति में लखनऊ-माती-देवा मार्ग पर स्थापित औद्योगिक क्षेत्र व थाना माती के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने औद्योगिक क्षेत्र में सुगम आवागमन एवं जलनिकासी के उचित प्रबंध के लिए दिशा-निर्देश दिए।

सड़क हादसों में मजदूर समेत दो की मौत

लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर भिलवल चौराहे पास डिवाइडर से टकराई कार

त्रिवेदीगंज/मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार: अलग-अलग सड़क हादसों में एक मजदूर समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक के पिता बनारस जिले में यातायात उपनिरीक्षक पद पर तैनात हैं। उसके साथ कार पर सवार अन्य युवक का उपचार जारी है।

लोनीकटरा थाना क्षेत्र में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद करीब एक बजे भिलवल चौराहे पर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चला रहे आजमगढ़ के थाना जीयनपुर क्षेत्र के ग्राम नरहन के रहने वाले अमरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ प्रियांशु 20 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में बैठा रिश्तेदार आदित्य सागर सिंह (26) पिंडौरी जनपद मऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि कार सवार अमरेन्द्र बनारस अपने पिता से मिलने जा रहा था। उसके पिता सीपी सिंह बनारस में ट्रैफिक पुलिस मे उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं।

भिलवल चौराहे पर हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

दूसरी घटना मसौली थाना क्षेत्र में हुई। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली का रहने वाला चंद्रेश कुमार वर्मा 40 पुत्र रमेश चंद्र एस कुमार फैक्ट्री में श्रमिक था। वह शुक्रवार की देर रात बाइक से घर वापस लौट रहा था, ग्राम पिपरौली के पास डीसीएम ने सामने से टक्कर मार दी। उसे गंभीर दशा में लोगों की सहायता से एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीण अंचलों की सड़कें खस्ताहाल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार: ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों की हालत बड़ी खराब है। काफी दिनों से खराब पड़ी सड़कों पर अब चलना भी दुश्वार हो गया है। अधिकारी अनदेखा करते हुए मरम्मत भी नहीं करा रहे हैं।

मामला ग्राम पंचायत सकौली का है। हैदरगढ़ मार्ग से जुड़ी सकौली जाने वाली सड़क ऊबड़-खाबड़ हो चुकी है। इसकी शिकायत ग्रामीणों और जिला पंचायत सदस्य ने लोक निर्माण विभाग में की। इसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीण अवधेश शर्मा, राम सिंह रावत, मदनचंद्र त्रिवेदी, उदयराज यादव, आकाश सिंह, राजेश गौतम, राजकुमार मिश्र, अरविंद विश्वकर्मा आदि ने बताया कि सड़क को पहली बार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाया गया था। पूरे प्रताप, पूरे भट्ट, पूरे औदान, बड़ी छुलिहा, छोटी छुलिहा, सकौली, अहिरनपुरवा और ठाकुरद्वारा के ग्रामीणों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। सड़क हल्की सी बारिश होने पर तालाब बन जाती है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अरविंद मिश्रा ने बताया मार्गों की पैचिंग के लिये फंड आया है। बारिश खत्म होने के बाद मार्गों की रिपेयरिंग कराई जाएगी।

सकौली को जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क। अमृत विचार

चोर खोल ले गए सौर ऊर्जा पंप के पैनल, सप्लाई बंद

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत नेरा कबूलपुर व नरेंद्रपुर मदरहा में जल जीवन मिशन अंतर्गत अन्य पंचायत की भांति मेघा कंपनी द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई थी। कहीं-कहीं लीकेज की समस्या आ रही थी, परंतु लगभग तीन माह पहले दोनों पंचायत से पंप के संचालन हेतु लगाए गए सौर ऊर्जा पैनल रातों-रात चोर खोलकर चंपत हो गए। तीन महीना बीतने को है उत्तरदाई कंपनी मेघा ने अभी तक पुनः सोलर पैनलों की स्थापना नहीं करवाई है। परिणाम स्वरूप करोड़ों की लागत से दोनों पंचायत में स्थापित करवाए गए नलकूप, जिनसे ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति की जानी है, ठप पड़े हैं। अमृत विचार ने नरेंद्रपुर मदरसा स्थित उक्त निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया। जहां अर्धनिर्मित पानी की टंकी बिना सोलर पैनल के मिली। ग्राम प्रधान मीरा त्रिपाठी ने बताया कि चोरों द्वारा सोलर पैनल खोल जाने के बाद कार्यरत सभी मजदूर भी यहां से भाग गए। इस घटना को तीन माह लगभग बीतने को है। अभी तक मेघा कंपनी ने सोलर पैनल दोबारा लगवाने की जहमत नहीं उठाई है।

बेटियों ने कहा, बनेंगी डॉक्टर और इंजीनियर

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से पूछे सवाल

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार: विकास खण्ड देवा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुजीबपुर का जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में उपस्थित छात्राओं से सवाल जवाब किये।

छात्राओं से जिलाधिकारी ने पूछा कि पढ़ लिखकर क्या बनोगे तो अधिकतर बच्चों ने डॉक्टर व इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद स्मार्ट क्लॉस पहुंचकर बच्चों से डिजिटल पढ़ाई के बारे में जानकारी ली एवं एक छात्रा से कंप्यूटर ऑन करवाकर देखा। जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को शाबाशी दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी। साथ ही आने वाले जाड़े के मौसम को देखते हुए छात्राओं को मिलने वाली रजाई, गद्दे, चादर, तकिया आदि को भी देखा। विद्यालय के वार्डेन को निर्देशित किया कि बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई से कोई समझौता न करें, इसके साथ ही साफ सफाई सम्बंधित अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, बीएसए संतोष देव पांडेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवा राम नारायण यादव सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

बच्चों से बातचीत करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

सामुदायिक स्थलों के परिसरों में की सफाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: स्वच्छता पखवाड़े के तहत इन दिनों पूरे जिले में गांव-गांव, शहर-शहर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत मंजीठा स्थित श्री नाग देवता मंदिर, परिषदीय विद्यालय और जल संस्थान परिसरों में जागो री जागो संस्था की बेटियों द्वारा झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई तथा बेटियों के साथ "एक पेड़ मां के नाम" के तहत 100 पौधे लगाने के कार्यक्रम में सहायक एडीपीआरओ राम आसरे और जिला परियोजना समन्वयक उद्धव राय द्वारा पौधे रोपित किया गया। पौधों की उपलब्धता वन विभाग द्वारा की गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वज्जू , मनोज कुमार सचिव ग्राम पंचायत, घनश्याम खंड प्रेरक, अब्बास प्रबंधक आगा खां फाउंडेशन, वालेंटियर गीता देवी, शोभा, राजिया, काजल, पारुल ने कार्यक्रम में सहभागिता कर बेटियों का उत्साहवर्धन किया। जागो री जागो संस्था निदेशक चंद्र प्रकाश वर्मा ने बताया की पंचायती राज विभाग की देखरेख में 14 सितंबर से 01अक्टूबर के तहत स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवारा, स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

सफाई अभियान में शामिल बेटियां। अमृत विचार

ब्लॉक परिसर में की साफ-सफाई

हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार ब्लॉक मुख्यालय पर शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बीडीओ द्वारा सफाईकर्मियों के बीच पीपीई किट का वितरण किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी टिकरहुआ एवं अन्य अधिकारियों सफाई कर्मियों द्वारा विकास खंड परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई।

नए वित्तीय वर्ष की बनेगी कार्ययोजना

बाराबंकी, अमृत विचार: सीडीओ अन्ना सुदन की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट के लोक सभागार में पंचायत विकास व वार्षिक कार्य योजना 2025-26 तैयार किए जाने को लेकर जिला क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति बैठक हुई। उन्होंने कहा दो अक्टूबर से 31 मार्च के मध्य जन योजना अभियान का आयोजन करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की नियोजन प्रक्रिया शुरू की जाए। सामाजिक व आर्थिक विकास के दृष्टिगत ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायतों द्वारा तैयार वार्षिक कार्य योजना को सक्षम समिति से अनुमोदन के पश्चात ई-ग्राम स्वरोजगार पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

थाना समाधान दिवस में आई 110 शिकायतें, 64 निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: सितंबर के अंतिम शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 110 शिकायती पत्र आए, इनमें 35 प्रकरणों का मौके पर व 29 का टीम भेजकर निस्तारण कराया गया।

निंदूरा प्रतिनिधि के अनुसार डीएम सत्येन्द्र कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं को समय सीमा में शीघ्रता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। जो भी फरियादी शिकायत लेकर आता है, उसे निस्तारण से संतुष्टि मिलना आवश्यक है।

थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुल चार शिकायते आई थीं, जिनमे से तीन राजस्व से संबंधित और एक पारिवारिक कलह की थी। दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो गया तथा दो राजस्व विभाग की शिकायतों में टीम भेजी गई हैं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, उमरा चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता, लेखपाल सर्वेश कुमार, प्रिंस, कपिल देव, भूपेंद्र त्रिवेदी, मोहम्मद हसन, फैसल प्रधान आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त कुल 110 प्रार्थना पत्रों में से कुल 64 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। इनमें मौके पर 35 का व 29 का सम्बन्धित घटनास्थल पर जाकर निस्तारण कराया गया। शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर प्रत्येक थानों से कम से कम 3-3 टीमों करीब कुल 72 टीमों को निस्तारण के लिए मौके पर भेजा गया।

खेल को कभी अलविदा नहीं कह पाए छोटेलाल चौधरी: राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: फुटबाल और हॉकी के बेहतरीन खिलाड़ी, खेल और साहित्यिक विधा के मर्मज्ञ वयोवृद्ध समाजसेवी छोटेलाल चौधरी के निधन पर महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा गांधी भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया।

शनिवार को गांधी भवन में आयोजित शोकसभा में क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा ने कहा कि साठ के दशक में जनपद के दिग्गज खिलाड़ियों में शुमार रहे छोटे लाल चौधरी फुटबाल और हॉकी के बेहतरीन खिलाड़ी थे।

▸▸ छोटेलाल चौधरी के असामयिक निधन से शोक में डूबा एमजी स्पोर्ट्स क्लब

उन्होंने 88 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। छोटेलाल चौधरी बाराबंकी में कॉमरेड क्लब से हॉकी और फुटबाल खेला करते थे। यूपी पुलिस के लिए भी उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित किया और राज्य सरकार को कई पदक दिलाए। वह जनपद स्तरीय बेहतरीन एथलीट भी थे। छोटेलाल चौधरी के निधन पर क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी हाजी सलाहउद्दीन किदवई ने भी दुख जाहिर किया और कहा कि उनका जाना खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

इस मौके पर उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के प्रार्थना की। शोकसभा में विनय कुमार सिंह, धनंजय शर्मा, हुमायूं नईम खान, साकेत संत मौर्य, मृत्युंजय शर्मा, अशोक शुक्ला, पाटेश्वरी प्रसाद, समाजसेवी सतीश जायवाल, सभासद मनीष गौतम, विजय पाल गौतम, सीनियर हॉकी खिलाड़ी विजय अवस्थी, निसार अहमद, राम आशीष वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पीड़ितों ने घेरा विधायक आवास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जमा भुगतान को वापस लेने के लिए ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन द्वारा कई दिनों से किए जा रहे धरना प्रदर्शन के बाद शनिवार को सभी पीड़ितों ने सदर विधायक के कार्यालय और आवास का घेराव किया। इस दौरान कार्यालय पर मौजूद मिले सदर विधायक को ज्ञापन सौंपा।

शहर के गन्ना संस्थान परिसर में ठगी पीड़ितों ने अपनी तीन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन सत्याग्रह जारी कर रखा है। शासन-प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेशक की जमा राशि का दो से तीन गुना 180 कार्य दिवस में भुगतान किया जाए, निर्दोष एजेंट को सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और पुर्नवास का अधिकार दिया जाए समेत कई अन्य मांगे शामिल हैं। इसी क्रम में शनिवार को आंदोलित संगठन के पीड़ितों ने सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव के कार्यालय व आवास के घेराव किया और इस दौरान अपने कार्यालय में मौजूद मिले विधायक यादव को पीड़ितों ने ज्ञापन दिया। इस मौके पर लायक राम वर्मा, चंद्रशेखर, रामकुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र वर्मा, कमाल अहमद, रामचंद्र, ललित कश्यप, संदीप श्रीवास्तव, शिवानंद वर्मा, विवेक आदि रहे।

विधायक सुरेश यादव को ज्ञापन सौंपते पीड़ित। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सरयू में शिकार के लिए समिति के गठन को लेकर हुई बैठक

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : सरयू नदी में शिकार के लिए मत्स्य विभाग की ओर से समिति का गठन होना है। इसको लेकर शनिवार को लालपुर करौता के पंचायत भवन में बैठक आयोजित हुई। इसमें मछुआरा समुदाय के लोगों ने मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय लाल निषाद के समक्ष अपनी-अपनी समस्या रखी। बैठक में मौजूद सैलक जलालपुर गांव के राम प्रकाश निषाद और गोवा मंझारा के शेर बहादुर ने नई समिति कैसे गठित की जाए इसकी संपूर्ण जानकारी ली। तो अकौना पंचायत के प्रधान राम अवध निषाद व बल्लोपुर गांव के रामबालक ने अधिकारी से किलोमीटर की दूरी कम होने पर वसूले जा रहे लगान को भी कम करने के अनुरोध किया। क्योंकि पहले सरयू नदी में शिकार के लिए आठ से दस किमी की दूरी का लगान भी उतना लिया जाता था, जो अब पांच किमी के दूरी का लिया जा रहा है। अधिकारी ने सभी की बात आगे पहुंचाए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पति राममूर्ति निषाद एवं समिति के अध्यक्ष नेम कुमार निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आधार कार्ड सही कराने के लिए लग रही भीड़

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-केवाईसी को जरूरी कर दिया गया है। इसके चलते आधार कार्ड में खामियों को लेकर लोगों की भीड़ आधार केंद्रों पर लग रही है। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ तहसील मुख्यालय पर बीएसएनल कार्यालय, पोस्ट ऑफिस, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक एवं ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ही आधार सेंटर चलाने की अनुमति है। इनमें ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संचालित आधार केंद्र लगभग डेढ़ साल से बंद है। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विद्यालय में हजारों की संख्या में पढ़ने वाले छात्राओं का आधार अपडेट करने के लिए केंद्र का संचालन शुरू किया गया था। कहने को तो बीएसएनल ऑफिस के अलावा ग्रामीण बैंक और पोस्ट ऑफिस में भी नए आधार बनाने और आधार को अपडेट करने के लिए केंद्र खोले गए हैं परंतु बैंक और पोस्ट ऑफिस में खुले केंद्रों पर सुस्त गति से आधार कार्डों का अपडेशन और नए आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से जरूरतमंदों को पूरे दिन लाइन में लगने के बाद निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तमाम प्रयासों के बाद भी आधार कार्ड अपडेट करने वाली मशीनों की तकनीकी कमी दूर नहीं हो सकी है।

रोजगार सेवकों का मुख्यमंत्री वादा निभाओ आंदोलन चार को

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी आकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम रोजगार सेवक संगठन की बैठक बंकी ब्लॉक सभागार में हुई। इसमें चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री वादा निभाओ आंदोलन को लेकर चर्चा हुई। आकाश त्रिपाठी ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान पर ग्राम रोजगार सेवकों के सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने मानदेय वृद्धि, ईपीएफ भुगतान और मानव संसाधन नीति लागू करने सहित कई घोषणाएं की थीं। तीन साल बीतने के बाद भी सरकार ने इन घोषणाओं पर अमल नहीं किया। इससे परेशान रोजगार सेवक प्रांतीय आवाहन पर जिला मुख्यालय पर चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री वादा निभाओ आंदोलन करेंगे। रोजगार सेवक गन्ना दफ्तर में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपेंगे। जिला महामंत्री दिलीप यादव ने कहा कि उसी दिन सभी विकास खंडों में रोजगार सेवक बैठक कर ईपीएफ की धनराशि खातों में जमा न होने से संबंधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपेंगे। जिला संगठन प्रभारी जमनेश कनोजिया ने कहा कि जिले से बार बार निर्देश प्राप्त होने के बाद भी ब्लॉकों में रोजगार सेवकों को ईपीएफ की धनराशि नहीं मिल रही है।

जिलास्तरीय स्पर्धा को पांच विद्यार्थी चयनित

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार: राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र मसौली पर हुई। चयनित छात्रों को बीईओ फिजा मिर्जा ने प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। उप्रावि के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम की ब्लॉक स्तरीय क्विज स्पर्धा में प्रारंभिक चरण में 25 बच्चों को चयनित किया गया।

अंतिम चरण में पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसमें कंपोजिट विद्यालय करपिया के कक्षा छह के छात्र अंकित व कक्षा आठ के आदर्श राज, उप्रावि न्योला करसण्डा के कक्षा आठ की छात्रा संजना, उप्रावि अमदहा कक्षा आठ के छात्र दिवान, उप्रावि बड़ागांव की छात्रा सुरभि को चयनित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पांच छात्रों का चयन किया गया है। चयनित छात्रों के विद्यालयों के विद्यालय प्रबन्ध समिति के खातों में मॉडल बनाने के लिए तीन हजार रुपए की धनराशि जिला स्तर से भेजी जाएगी। जिससे विद्यालय स्तर पर ही शिक्षकों के सहयोग से मॉडल का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर एआरपी डॉ. बनवारी लाल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार वर्मा, विवेक गुप्ता, संजय श्रीवास्तव और उमेश वर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

छात्रा को सम्मानित करतीं बीईओ फिजा मिर्जा। अमृत विचार

स्वच्छता के प्रति रहें सजग: अंगद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार: भारत के हर नागरिक को स्वच्छता अपनानी चाहिए। ये बात राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पीएमश्री सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने कही।

उन्होंने कहा सरकार स्वच्छता को लेकर संजीदा है। देश के हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास साफ-सफाई रखे और लोगों को जागरूक भी करे। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने छात्रों को स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का स्लोगन चरितार्थ करने के लिए छात्रों को संदेश दिया। इस मौके पर छात्राओं ने शानदार नृत्य पेश किया। स्पर्धा में चाहत यादव व अनिरुद्ध प्रताप सिंह प्रथम स्थान पर रहे। निबंध में खुशी मौर्य व आदर्श कुमार प्रथम रहे। संभाषण में नंदिनी दुबे व अरुण कुमार प्रथम रहे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अंगद सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य नंदिता सिंह और ज्योति द्विवेदी सहित कई शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

छात्रा को पुरस्कृत करते एमएलसी व डीआईओएस।

स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित देश


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था"।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दंडित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है,लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्र जीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष संबंधों पर वैदिक काल में काफी चिंतन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिंतन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्र जीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नीहीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।" ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिलकर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है, लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखंड अस्तित्व हैं। कहा गया है, "इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।"

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं,जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधू को आशीर्वाद दिया गया है और नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, "यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।" यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, "अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधे कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, "यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?" गार्गी ने तमाम सवाल पूछे थे। उनमें से एक सवाल यह भी था कि, "सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।" उत्तर दिया, "जल पर।" फिर पूछा गया कि, "इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?" गार्गी ने उत्तर के बाद कहा, "जल किसमें आधारित हैं?" गार्गी ने पूछा, "इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, "ब्रह्म किस पर आधारित हैं"। याज्ञवल्क्य ने कहा, "ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। हे गार्गी ब्रह्म को लेकर सवाल नहीं पूछा करते। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। इस संसार के सभी कारक तत्व ब्रह्म में ही सक्रिय हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत है"।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते तत्रदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता हैं। अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, "तुम ऋक हो। मैं साम गान हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।" भारतीय संस्कृति में मां सर्वोत्तम अनुभूति है। वह जननी है और स्त्री है। हम हिन्दू समाज के लोग अवतारवाद भी मानते हैं। संसार में अवतरित होने के लिए एक मां की आवश्यकता होती है। भगवान भी अपने अवतार में मां को ही माध्यम बनाता है। हम भारत के लोग मां का विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के लोकजीवन को स्त्री अपमान की वर्तमान घटनाओं को लेकर सजग रहना चाहिए। देश को इस समय एक सशक्त स्त्री विमर्श की आवश्यकता है।

समाज में स्त्री की स्वतंत्रता

मेरे ख्यालों में स्त्री की सबसे सशक्त छवि तब उभरती है जब मैं उसे अपने एकांत में सिर्फ खुद के लिए सुकून से बैठा देखूं। अपने में खोए हुए कुछ गुनगुनाते, कुछ ऐसा सोचते कि दृढ़ता से होठ भिंच जाएं या पांच बरस की एक छोटी सी बच्ची की तरह खेलते हुए-किसी भी चीज से, लेकिन सच तो यह है कि मैंने अपने आसपास कभी किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा। परंपरागत परिवारों से आई या छोटे शहरों की स्त्रियां अपने परिवार के लोगों के साथ होती हैं। महानगरों में भी वो कभी अकेले नहीं दिखतीं। उनके साथ उनका कोई पुरुष या स्त्री दोस्त होता है। अकेली सड़क पर वे कानों में हेडफोन लगाए किसी से बतियाती हुई जाती हैं। किसी कॉफी हाउस या रेस्त्रां में कोई अकेली स्त्री दरअसल किसी का इंतजार कर रही होती है या फिर उसकी कॉफी के दौरान कोई न कोई उसके फोन पर होता है।


डॉ. बीएन सिंह
बीएचयू, वाराणसी

अकेले निकलने वाली कामकाजी स्त्रियां भी अकेले कहां होती हैं? वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही होती हैं। समय से दफ्तर पहुंचने की हड़बड़ी में होती हैं या घर लौटने के निर्धारित समय से देर हो चुकी होती है। उनका आगत उनके वर्तमान में शामिल रहता है हमेशा। वे या तो कहीं जा रही होती हैं या कहीं से लौट रही। आगे बढ़ने के लिए उनके पांव हवा में उठते ही कोई 'अन्य' दूसरे छोर पर मौजूद होता है। वे जैसे खला में एक सफर तय करती हैं किसी और के अधूरेपन को भरने के लिए। मैंने किसी स्त्री को अकेले बैठकर कुछ सोचते भी नहीं देखा। उसे सोचने के लिए कोई चाहिए। वे गौर से सामने वाले की प्रतिक्रियाओं को सुनती हैं और फिर अपना फैसला सुनाती हैं। वह जो चाहती है उसकी पुष्टि किसी और से करती है और उसकी 'चाहना' अक्सर उसकी नकारात्मक प्रतिक्रियाओं में निकलती है। वह अपनी खुशी और अपने दुःख में भी किसी के साथ होना चाहती है। उसके लिए साथ के बिना ये दोनों ही अधूरे हैं। खुशी के रंग हल्के पड़ जाते हैं और दुःख उमड़ता ही नहीं कि बाहर बह निकले और मन को हल्का कर दे।

स्त्री अपने एकांत को सबसे छुपाती है। इस तरह उसका एकांत एक रहस्य बन जाता है। उसके छोटे-छोटे राज कभी खुलते नहीं हैं। जब खुलते हैं तो सिर्फ उनका एक हिस्सा जगमगाता है बाकी रहस्य में आवरण से ही ढका रहता है। जैसे लगता है कि स्त्री का सबसे निजी सुख बहुत अमूल्य सी चीज है, जिस पर सूरज की रोशनी नहीं पड़नी चाहिए नहीं तो वह भाप की तरह उड़ जाएगा। ठीक इसी तरह जब स्त्री अपने दुःख में बिल्कुल अकेली हो जाती है तब वह नहीं चाहती कि उसका दुःख कोई और देखे। वह खुद को दुनिया की नजरों से छिपाकर रो लेती है, अपनी स्मृतियों को तहस-नहस कर देती है, अपनी यादों को खुरच-खुरचकर मिटा देना चाहती है। यहां उसे किसी का साथ नहीं चाहिए। वह कभी नहीं चाहती कि इन जख्मों को कोई देखे। वह अंतिम समय तक अपने भीतर के नन्हें से स्वाभिमान को मरने नहीं देना चाहती। इसीलिए अपने अस्तित्व के लिए जब वह संघर्ष कर रही होती है तब भी उसको अकेलापन चाहिए, किसी का साथ नहीं।

अपनी अंतिम लड़ाई, अंतिम संघर्ष, दर्द की अंतिम लहर में स्त्री अकेली होती है। दांत भींचकर, उभरी हुई नसों और माथे पर आए पसीने के साथ वह लड़ती है, बहुधा जीतती है, कई बार हार भी जाती है। मैंने किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा तो किसी स्त्री को हारते भी नहीं देखा। उसकी हार दिखती भी है तो उसमें हमारी कायरता के प्रति एक उपहास होता है। स्त्री को हारने के लिए मजबूर करना एक किस्म की कायरता है, जैसे प्रकृति का विध्वंस करना। पर सवाल वही है, अपने दुःख और संघर्ष में अकेली हो जाने वाली औरत अपनी खुशियों के साथ कब स्वतंत्र होगी? कब अपने अकेलेपन के प्रति आत्मविश्वास से भरी होगी? वह भीतर से कब इतनी हल्की और मुक्त हो सकेगी जैसे प्रकृति में उसके जैसी तमाम सुंदर चीजें हैं।

लाहौर नेशनल कॉलेज में भगत सिंह- छबील दास

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था।

भगत सिंह जहां एक जोशीला इंकलाबी था वह एक बहुत अच्छा विद्यार्थी भी था। उसके अध्यापक होने के नाते मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि उसे पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। भगत सिंह को पढ़ने का बेहद शौक था। जब किसी भी किताब का नाम उसके सामने लिया गया तो उसने फौरन उसे पढ़ने की फरमाइश की। वैसे तो भगत सिंह ने न जाने इतिहास की कितनी ही किताबें पढ़ डाली होंगी,लेकिन मुझे अभी तक याद है कि उसे जो किताब सबसे ज्यादा पसंद थी वह 'क्राइ फॉर जस्टिस' थी। भगत सिंह ने लाल पेंसिल से इस किताब के बहुत हिस्सों पर निशान लगाए थे। इनसे पता चलता था कि उसके हृदय में बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की भावना किस तरह कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह पुस्तक लाजपतराय भवन लाहौर में हमारे घर में वर्षों तक रही। स्वयं मेरे बच्चों विजय, संतोष और मनोरमा ने कई बार इस किताब को लेकर मुझसे ढेरों सवाल पूछे। मेरे बच्चे भी यह जानना चाहते थे कि भगत सिंह को कौन-सी किताब पसंद थी और क्यों?

मैंने नेशनल कॉलेज में और बाहर भी भगत सिंह को हमेशा हंसते हुए देखा, लेकिन उस हंसी के पीछे भी उसका पक्का इरादा और अपने मकसद को पूरा करने की भावना झलकती थी। लगता था कि भगत सिंह को जीवन के सांसारिक बंधनों से गहरी चिढ़ थी इसलिए उसने कभी शादी करवाने की हामी नहीं भरी। भगत सिंह को विश्वास था कि शादी का बंधन इंकलाब के रास्ते में बहुत भारी रुकावट है। मुझे याद है एक बार लाहौर में दरिया रावी में मैं और भगत सिंह कश्ती की सैर कर रहे थे, मेरी तरह भगत सिंह को भी दरिया में कश्ती की सैर का बहुत शौक था। उस वक्त शाम का अंधेरा होने ही वाला था। भगत सिंह ने हंसते हुए मुझसे पूछा- "गुरुजी सुना है आप शादी कर रहे हैं? क्या यह खबर ठीक है"। जब मैंने कहा, 'हां' तो भगत सिंह एकदम से कहने लगा "फिर इंकलाब कैसे आएगा? आप घर गृहस्थी में पड़ जाएंगे या मुझ जैसे नौजवानों को इंकलाब का सबक पढ़ाएंगे? मैंने महसूस किया भगत सिंह को मेरी शादी करने का फैसला पसंद नहीं आया"।

हमारे सौभाग्य में जिन दिनों देशभर में महात्मा गांधी तथा स्वराज्य आंदोलन की लहर मची हुई थी, उन्हीं दिनों विदेशी विशेषतः आयरलैंड तथा सोवियत रूस से धड़ाधड़ राजनीतिक लिटरेचर, किताबें, टेक्स्ट, अखबारों और मैग्जीनों का आना शुरू हो गया था। आयरिश लिटरेचर तो केवल यही नारा लगाता था कि किसी भी देश अथवा जाति को आजादी प्राप्त करने के लिए बंदूकों, पिस्तौलों, बमों तथा हवाई जहाजों की भारी जरूरत होती है। भारत में अंग्रेजी शासन अपनी फौजों तथा छावनियों से सशस्त्र सैनिकों तथा टैंकों द्वारा स्थापित हुआ है और अब तक चल रहा है। बाइबिल में स्पष्ट घोषणा दी गई है कि 'इफ यू हैव फेथ इन द सोर्ड, बाई द सोर्ड यू शैल बी पनिश्ड' अर्थात यदि तुम तलवारों और बंदूकों द्वारा किसी को गुलाम बनाते हो तो समय और अवसर आने पर वही लोग तुमसे अधिक तेज शस्त्रों व बंदूकों से तुम्हें अपने हाथ से धकेल कर बाहर करेंगे। अतः यदि सचमुच ही भारत की जनता अपनी दासता का जुआ अपनी गरदन से उतार फेंकना चाहती है तो किसी न किसी ढंग से अणु शस्त्र प्राप्त करे। वे साधन बेग-बारो-स्टील अर्थात कहीं से मांगकर, उधार लेकर अथवा जबरदस्ती कहीं से चुराकर अथवा लूटकर प्राप्त करें।

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मियों की गतिविधियों की बातें वह मुझसे नहीं करता था,क्योंकि वह सभी गुप्त कार्रवाहियां थीं,जो आर्मियों के सदस्यों के बीच की बातें थीं। मैं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सदस्य नहीं था। जब भी हम असहयोग आंदोलन की प्रगति और गांधी के विषय में बातचीत करते तो भगत सिंह उत्तेजित होकर गांधीजी की आलोचना करता। गांधीजी के प्रति भगत सिंह का रवैय्या सुभाष चंद्र बोस की तरह था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी से कहा था-"बापू, आइए हम वही भाषा सीखें जो अंग्रेज समझते हैं। अहिंसा और जुर्म सहने की फिलोस्फी अंग्रेजों की समझ में नहीं आ सकती। उनका साम्राज्य ताकत के सहारे टिका हुआ है। हमारे पास भी अगर वैसे ही हथियार हों तो निःसंदेह हमारी विजय होगी। अंग्रेज चार करोड़ हैं और हम चालीस करोड़ हैं।'' भगत सिंह भी इसी तरह का दृष्टिकोण रखता था।

भगत सिंह के साथ मेरी अंतिम भेंट जनवरी के प्रथम सप्ताह 1929 में कलकत्ता में हुई। वह अप्रैल 1929 को गिरफ्तार कर लिया गया था। भगत सिंह ने अपने केश कटवा दिए थे। वह कोट-पैंट और हैट पहनता था। मैं भी कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गया हुआ था। भगत सिंह से मेरी मुलाकात कांग्रेस अधिवेशन में नहीं, बल्कि एक दोस्त के घर हुई थी। मैं पोर्टिको में खड़ा था। भगत सिंह तेजी से आया और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चला गया। उस समय मेरी भगत सिंह से बातचीत नहीं हुई। हमने एक दूसरे की ओर देखा। उसने मुझे नमस्ते की और वह गायब हो गया। उसके बाद भगवती चरण मेरे पास आए और कहने लगे "गुरुजी, आपने भगत सिंह को देख लिया है। कृपया यह रहस्य किसी को न बताएं कि आपने उसे कलकत्ता में देखा था।" मुझे समझ में आ गया कि क्या बात थी। भगवती चरण, भगत सिंह से पढ़ाई में एक साल सीनियर था।

लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और भगवती चरण अक्सर मेरे कमरे में आया करते थे। साथ ही गुसलखाना था,जिसमें वे नहाते थे। मुझे बहुत से लोगों से पता चला कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की शाखाएं बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में थीं। दिल्ली और महाराष्ट्र में भी उनका प्रभाव था। राजगुरु तो महाराष्ट्र के रहने वाले थे।

स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं धर्म

वार्ता में शब्द और अभिप्रेत अर्थ का अपरिहार्य संबंध है। वक्ता जिस अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, श्रोता उससे भिन्न अर्थ ग्रहण करता है तो वार्ता असंभव हो जाती है। ऐसी वार्ता वार्ता के लिए नहीं वितंडावाद के लिए होती है। 'सनातन' नाम का कोई धर्म विशेष नहीं है। कारण, सनातन संज्ञा शब्द है ही नहीं, विशेषण है। सनातन का अर्थ है- नित्य, निरंतर, शाश्वत, स्थायी, पुरातन। ये सभी अर्थ विशेषण हैं।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

'एष धर्मः सनातनः' का तात्पर्य यह नहीं कि यह सनातन नामक धर्म है। इसका तात्पर्य है कि यह धर्म नित्य और पुरातन है। कौन सा धर्म नित्य और पुरातन है? कोई धर्म विशेष नहीं, जो भी नित्य और पुरातन है वह। या किसी भी धर्म का जो घटक नित्य और पुरातन है,वह। केवल धर्म नहीं, संसार और अस्तित्व भी सनातन हो सकता है। सांख्य, मीमांसा, वेदांत, बौद्ध, जैन दर्शन व्यक्त या अव्यक्त रूप में सृष्टि को सनातन मानते हैं। डार्विन के विकासवाद और स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग के पहले, (मसीहाई धर्मों को छोड़कर) सृष्टि को सभी सनातन मानते थे। सूर्य और चंद्र को भी सनातन मानते थे। 'यावत् चंद्रदिवाकरौ' का यही निहितार्थ था/है। जब और जहां धर्म शब्द अस्तित्व में आया तब और वहां किसी अन्य धर्म का प्रचलन नहीं था कि उसे कोई नाम देना पड़ता। वह बस धर्म था। धर्म माने ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः। जिसके द्वारा लोक या संसार को धारण किया जाता है, संसक्त रखा जाता है या जो लोक या संसार को धारण करता है, संसक्त रखता है वह धर्म है।

धर्म का यह अर्थ संसार या ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में है, जिसमें मनुष्य भी आता है। वेदों में धर्म से पहले ऋत शब्द का इस्तेमाल होता था, जो सत्य का पूरक था। ऋत माने उचित, सही, स्थिर और निश्चित नियम। बाद में ऋत की जगह धर्म का प्रयोग होने लगा, किंतु अर्थ वही उद्दिष्ट रहा। मनुष्य के विशेष संदर्भ में धर्म का अर्थ है आद्य गुण, कानून, नैतिक नियम। पद्मपुराण के अनुसार धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ, जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ न करो। इस तरह तीन पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम का तात्पर्य हुआ धर्मानुरूप (नैतिकता की सीमा में) अर्थ (जीविकोपर्जन) और धर्मानुरूप काम (दैहिक सांसारिक एषणाओं की पूर्ति)। वस्तुतः धर्म कोई स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं है, यह अर्थ और काम का नियामक है, इसलिए प्रथम है। इसका फलित है अनैतिकता और अति का निषेध।

संगीत लोकवार्ता

संगीत (गायन-वादन नृत्य) की तीन धाराएं प्रवाहित हो रही हैं- एक को राज दरबार में प्रश्रय मिला था, इन्द्र के दरबार से लेकर विक्रमादित्य, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन, देवगिरि के यादव-नरेश, अलाउद्दीन खिलजी, मेवाड़ के राणाकुंभा, मुगलदरबार, रीवा के राजा रामचंद, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह, ग्वालियर दरबार मानसिंह तोमर और मुहम्मद शाह रंगीले तक। गोपालनायक, अमीरखुसरो, बैजूबाबरा, बख्शू, तानसेन, अदारंग, सदारंग दरबार के ही गायक तो हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दरबारों में राग मालाओं का विकास हुआ। दूसरी धारा को आप अध्यात्म अथवा भक्ति की धारा कह सकते हैं। सामगान प्रकृति पूजा का गान है। गीतगोविंद के गायक जयदेव, पदावली के गायक विद्यापति, मध्यकालीन भक्ति-आंदोलन की वह धारा, जो स्वामी हरिदास, कुंभनदास, परमानंददास, सूरदास, गोविंद स्वामी आदि के स्वरों में स्फुरित हुई।

तीसरी धारा लोकजीवन में बहती रही है। राग आसावरी, बिहाग, मल्हार, काफी, मालकोस, बिलाबल, रामकली, भीमपलासी, दरबारी, कालिंगड़ा, मारूबिहाग, भैरव, भैरवी, तोड़ी, गूजरीतोड़ी आदि के स्रोत लोक में हैं,लेकिन इन तीन धाराओं में भिन्न-भिन्न युगों में संगीत की वे धाराएं भी अंतर्भुक्त होती रहीं, जो अन्य देशों से आने-वाले जनसमूहों और जातियों, परंपराओं के साथ भारत में आती रहीं, जैसे ईरानी-संगीत। पश्चिमी संगीत की धाराएं आज भी यहां आ रही हैं और यहां के संगीत में अंतर्भुक्त हो रही हैं। अमीर खुसरो इस अंतर्भुक्ति का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

आस्तिकता और नास्तिकता

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं।

अमर बलिदानी भगत सिंह सदैव नमन के योग्य हैं। वह आस्तिक थे या नास्तिक बहुधा भगत सिंह के लिए इस विषय में वाद-विवाद होते हुए अक्सर देखा जाता है। ऐसा विवाद संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि उन्होंने जेल से एक लेख लिखा था- "मैं नास्तिक क्यों हूं"। ईश्वर के संबंध में विचार, उस पर विश्वास करना अथवा न करना, किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत विचार होते हैं या व्यक्तिगत विचार होने चाहिए। किसी व्यक्ति के सामाजिक रूप से अच्छा या बुरा व्यक्ति होने का उसके ईश्वर में विश्वास करने या न करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। ईश्वर में विश्वास करने वाला कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अच्छा अथवा बुरा हो सकता है और इसी प्रकार उसमें विश्वास न करने वाला व्यक्ति भी।

किसी व्यक्ति का सामाजिक महत्व और उसकी सामाजिक महानता उसकी मानवता, देश और समाज के प्रति भावना और उसके इनके प्रति सार्वजनिक विचारों और कार्यों से निर्धारित होती है-उसके ईश्वर में विश्वास करने अथवा न करने से नहीं। इसलिए हमें किसी व्यक्ति की आस्तिकता अथवा नास्तिकता देखने को केवल इतना ही महत्व देना चाहिए। हमें इसे केवल उसके व्यक्तिगत विचारों के रूप में देखना चाहिए और इसे उसके सामाजिक रूप से अच्छे अथवा बुरे होने से नहीं जोड़ना चाहिए। किसी व्यक्ति की महानता अथवा लघुता दिखाने के लिए यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि वह आस्तिक अथवा नास्तिक था या है। क्या भगत सिंह के देश-प्रेम के विचारों पर इस बात से कोई अंतर पड़ता था कि वह ईश्वर पर विश्वास करते थे अथवा नहीं? वह उस पर विश्वास करते रहे हों अथवा नहीं, यदि उनके मन में देश-प्रेम की भावनाएं थीं तो क्या वास्तविक महत्व उनका ही नहीं है? समाज और देश के लिए क्या आस्तिक अथवा नास्तिक होने का महत्व है अथवा समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की भावनाओं का? मैं ईश्वर पर विश्वास करता हूं अथवा नहीं, क्या इस बात का इस पर रत्ती भर भी कोई प्रभाव पड़ता है कि मैं एक अच्छा चिकित्सक हूं अथवा नहीं या मैं एक अच्छा इंसान हूं अथवा नहीं? वास्तविक महत्व किस बात का है? ईश्वर है अथवा नहीं, इसका महत्व वहां तो हो सकता है, जहां इस ब्रह्मांड के मूलभूत कारणों को देखने में इसकी आवश्यकता हो। यदि हमें यह सच्चा ज्ञान प्राप्त करना हो कि इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई - क्या इसे किसी अलौकिक शक्ति ने केवल अपनी इच्छा से पैदा किया है अथवा यह क्वांटम नियमों का उत्पाद है-वहां या इस प्रकार के अन्य प्रश्नों को हल करते समय, तो ईश्वर की अवधारणा का महत्व हो सकता है अन्यथा सार्वजनिक जीवन में इसका क्या महत्व है? हां, व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कैसे भी विश्वास रखने के लिए स्वतंत्र है बशर्ते उनका कोई बुरा प्रभाव समाज पर न पड़ रहा हो।

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं। अभी आस्तिकों द्वारा अपने विचारों से विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को एक अपशब्द और व्यंग्य के रूप में नास्तिक शब्द से संबोधित किया जाता है। वह किसी अलौकिक शक्ति में विश्वास न रखते हुए केवल इस संसार की बेहतरी चाहने वाले लोगों को, 'चार्वाक' जैसे शब्दों से भी संबोधित करते हैं। ऐसे लोग स्वयं से विपरीत विचार रखने वालों व्यक्तियों को हेय नजर से देखना तो बंद नहीं करेंगे, लेकिन उनके विचारों से सहमत न होने वाले लोग नास्तिक शब्द को एक गर्व के रूप में ले सकते हैं - जैसे गांधी जी ने जेल जाने को भय और घृणा के पर्याय से हटा कर देश-सेवा और गर्व का पर्याय बना दिया था। मनवता ने इस विषय में विभिन्न धारणाओं और विश्वासों में अंतर के कारण जितना रक्तपात देखा है, उतना संभवतः किसी अन्य अंतर के कारण नहीं। इतिहास साक्षी है कि इस विषय में अपने विश्वासों को लेकर समाज में कितने अन्याय, कितनी हत्याएं और कितने युद्ध हुए हैं, कितने धर्म-युद्ध, जेहाद और क्रूसेड्स हुए हैं। मैं तो यहां तक कहूंगा कि इस प्रकार के रक्तपात में जितना रक्त आस्तिकों ने बहाया है, उतना नास्तिकों ने नहीं। इसका कारण यह है कि आमतौर पर आस्तिक अपने विश्वासों के प्रति कट्टर होते हैं और वह दूसरों के भिन्न विचारों को सहन नहीं कर पाते हैं, जबकि आम तौर पर नास्तिक तर्कशील होते हैं। क्या तमाम बलि प्रथाओं के पीछे आस्तिक लोग ही नहीं थे? मैं जानता हूं कि मेरे इन विचारों पर अनेक असहमतियां आ सकती हैं। मेरा कहने का अर्थ केवल यह है कि क्या हम अपनी सोच एक व्यापक स्तर पर नहीं रख सकते हैं? क्या हम सार्वजनिक रूप से उन गुणों को अधिक महत्व नहीं दे सकते हैं, जो मानवता के हित में हों? क्या हम आस्तिकता और नास्तिकता जैसे विषयों को केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं कर सकते हैं? क्या हमें ऐसा नहीं करना चाहिए?

बैंक की एफडी में निवेश का समय

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन इसमें रोजगार पैदा करना एक बड़ी चुनौती भी है। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च से ग्रोथ रेट को बल मिला है, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट में कमी और बैंक डिपॉजिट में धीमी ग्रोथ से आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। बैंक कर्ज तभी दे पाएंगे, जब उनके पास कर्ज बांटने जितना पैसा रखा हो, लेकिन डिपॉजिट की कमी और लोन बांटने के अनियंत्रित नियमों ने आर्थिक विकास को धीमा कर दिया है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन सबके बीच, घरों की बचत का निवेश शेयर मार्केट और पूंजी बाजार में बढ़ रहा है। समझने की जरूरत है कि ये पूरा घटनाक्रम भारत के आर्थिक विकास और अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित कर सकता है, लेकिन अभी भी सीनियर सिटीजन का रुझान बैंक एफडी की ओर ही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बैंक की एफडी में 43 प्रतिशत निवेश सीनियर सिटीजन का ही है, विगत कुछ वर्षों में देश के बैंकों ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर आकर्षण पैदा किया है, किंतु हाल में यूएस में ब्याज दरें घटने का क्रम देखा जा रहा है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में भारतीय बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि जब बैंकों को फंड्स की जरूरत होती है तो बैंक ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं, किंतु हो सकता है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट कुछ कम कर दे तो ब्याज दरें कम भी हो सकती है।

इस समय यह दरें पीक पर है (कुछ बैंक 8 प्रतिशत तक दे रहे हैं) आने वाले त्योहारी सीजन के बाद इनके कम होने की संभावना लग रही है। ऐसे में यह सही समय होगा जब दो साल की एफडी में सुरक्षित निवेश किया जाए। खासकर वो लोग जो एफडी के ब्याज पर निर्भर है वो इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। आज भी लो रिस्क लो गेन,और हाई रिस्क हाई गेन को कहावत सही लगती है।

दोगुना से ज्यादा हुई एमबीबीएस की सीटें

5,390 से बढ़ाकर 78 मेडिकल कॉलेजों में 11, 200 की गईं सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की योजना के तहत साढ़े सात सालों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 39 से 78 हो गईं तो एमबीबीएस सीटों की संख्या 5,390 से बढ़कर 11 हजार 200 और पीजी की तीन हजार 781 सीटें हो चुकी हैं। अकेले सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5,150 सीटें हो चुकी हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश के 14 सरकारी और 25 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल पांच हजार 390 सीटें थी। इनमें सरकारी कॉलेजों में पांच हजार 150 सरकारी सीटें और 6050 सीटें प्राइवेट कॉलेज की हैं। इसी तरह 2016 में पीजी की 1,344 सीटें थी, जो कि बढ़कर तीन हजार 781 हो चुकी हैं। इनमें सरकारी कॉलेजों में 1,759 और निजी कॉलेजों की 2022 सीटें हैं। इस सत्र 2024-25 में राज्य के 12 नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है। पहले चरण की काउंसिलिंग में अधिकांश सीटें भर चुकी हैं।

बागपत, हाथरस और कासगंज में भी होगा मेडिकल कॉलेज

डीजीएमई ने बताया कि सोनभद्र के मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए केंद्रीय मंत्री से दोबारा अपील की गई। अमेठी में मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है। अगले साल, सत्र 2025-26 में 100 सीटों की लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त करने के लिए एनएमसी, नई दिल्ली का पोर्टल खुलते ही आवेदन किया जाएगा। पीपीपी मोड अंतर्गत मऊ में कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज निर्माणाधीन है। इस कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी के लेटर ऑफ परमिशन की जरूरत पड़ रही है। पीपीपी मोड के वायबिलिटी गैप फंडिंग स्कीम के तहत बागपत, हाथरस व कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

ग्रेडिंग में फेल हो गए प्रदेश में सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय

15 अगस्त के बाद विद्यालयों में हुई थी परीक्षा, मूल्यांकन में एक भी स्कूल ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं आया

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय ग्रेडिंग में फेल हो गए। विद्यालयों में न तो छात्रों की हाजिरी संतोषजनक मिली है और न ही अध्यापकों की। साफ-सफाई, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी यह विद्यालय फिसड्डी साबित हुए हैं।

शैक्षणिक सत्र (2024-25) के पहले मूल्यांकन में इसका खुलासा हुआ है। 43 विद्यालयों में एक भी विभाग की ओर से तय मानकों को पूरा नहीं कर पाए हैं। 'ए प्लस या ए' श्रेणी में विद्यालय नहीं आ सके हैं।

पढ़ाई की स्थिति सुधारने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में इस शैक्षणिक सत्र से ग्रेडिंग सिस्टम को लागू किया गया है। यूपी में 52 आश्रम पद्धति विद्यालय यूपी बोर्ड के हैं और 43 सीबीएसई के। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जानी है।

सीबीएसई के 43 विद्यालयों में पिछले माह 15 अगस्त के बाद अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराए गए। परीक्षा, उपस्थिति, नवाचार समेत अन्य को लेकर ग्रेडिंग कराई गई। ग्रेडिंग में सिर्फ राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय कौशांबी और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय झांसी ही 'बी' श्रेणी में आ पाए। 'सी' श्रेणी में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बलिया, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोछाभाँवर झांसी, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सोहावल अयोध्या, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहान रोड लखनऊ, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सलोन रायबरेली, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सारनाथ वाराणसी और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पुवारका सहारनपुर रहे।

11 मानकों के आधार पर तैयार किया है 100 नंबरों का प्रारूप

ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन पहले यूनिट टेस्ट के बाद, दूसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद, चौथा मूल्यांकन तीसरे यूनिट टेस्ट के बाद होगा और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होना है। समाज कल्याण निदेशालय ने ग्रेडिंग के लिए 11 मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया है। मानकों में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के लिए दस-दस अंक, परीक्षा परिणाम के 20 अंक, नवाचार के दस अंक, यूनिट टेस्ट के दस अंक, ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों के दस अंक, क्रियाशीलता के दस अंक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, साफ-सफाई और सुरक्षा के पांच-पांच अंक तय किए गए हैं। इन सौ नंबरों में 80 से ऊपर वाले विद्यालयों को ए प्लस श्रेणी में, 80 से 70 अंक वालों को ए श्रेणी में, 70 से 60 नंबर वाले विद्यालयों को बी, 60 से 50 नंबर वालों को सी श्रेणी में और 50 से कम अंक वालों को डी श्रेणी में रखा गया है।

> ग्रेडिंग कराई गई थी परिणाम बेहतर नहीं आए हैं। परिणामों का परीक्षण किया जाएगा और सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शिक्षकों को सुधार करने के लिए चेतावनी दी जा रही है।
>
> – कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

एक नजर

पेप्सिको की गीडा यूनिट का आज उद्घाटन करेंगे योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स के ग्लोबल ब्रांड पेप्सिको की गीडा यूनिट का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री रविवार को ही मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय, गोरखनाथ में नवनिर्मित चार कक्षों और एक बहुउद्देशीय सभागार का भी लोकार्पण करेंगे। इन कक्षों का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कराया है। साथ ही रविवार को गीता वाटिका में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की 132वीं जयंती पर महोत्सव में सम्मिलित होंगे। वह भाईजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही गीता वाटिका में श्रद्धार्चन सभा को भी संबोधित करेंगे।

प्रदेश भर में अब तक 7634 कृषि सखियां प्रशिक्षित

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में एक अनूठी पहल "कृषि सखी" योजना के तहत 7,634 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कृषि सखियों का चयन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गांवों में गठित स्वयं सहायता समूहों से किया जा रहा है। बिजनौर जिले में सबसे अधिक 670 महिलाओं का प्रशिक्षण और सत्यापन पूरा हो चुका है। महिलाओं के चयन के लिए कुछ विशिष्ट मानदंड तय किए गए हैं, जिनमें उनकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उन्हें कृषि कार्यों में रुचि और अनुभव होना चाहिए।

धमकी के बाद सपा सांसद ने उठाई अपनी सुरक्षा की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव राय ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। बीते 20 सितम्बर 2024 को फोन पर पाकिस्तान के नंबर से धमकी मिली। मेरी शिकायत पर पुलिस संज्ञान नहीं ले रही है। राज्य सरकार से इस मामले की गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग करता हूं।

कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोज मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

माध्यमिक विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र में प्रोजेक्ट प्रवीण का होगा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

90 मिनट होगी प्रशिक्षण की समयावधि

अमृत विचार : युवाओं को भविष्य संवारने के लिए छात्रों में छिपी प्रतिभा को उभारा जाएगा। इसके लिए विद्यालयों में चल रहें 'प्रोजेक्ट प्रवीण' कार्यक्रम अंतर्गत इस साल एक लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना को प्रदेश के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। योजना के तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोजाना 90 मिनट कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को दी, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अंतर्गत छात्रों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कपिल देव ने बताया कि अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में 63 हजार से अधिक छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रोजेक्ट प्रवीण से युवाओं को कौशल प्रदान करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहें हैं।

कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि हर विद्यालय में अधिकतम दो अलग-अलग जॉब रोल का चयन किया जाएगा। हर बैच में 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता देते हुए बालिका विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी। महिला छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संचालित हो सके।

अवनीश अवस्थी से अमिताभ ठाकुर ने माफी मांगी

अमृत विचार, लखनऊ : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को रिटायर्ड आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी को अलग-अलग पत्र भेजकर उनके संबंध में की गई अपनी पोस्ट पर माफी मांग ली।

अवनीश अवस्थी ने अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर को भेजे अलग-अलग कानूनी नोटिस में कहा था कि उनका उस पोस्ट में अंकित प्रकरण से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उनके संबंध में गलत व भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस पर अमिताभ व उनकी पत्नी ने अपनी पुरानी 'एक्स' पोस्ट को 'डिलीट' कर दिया, साथ हीनई पोस्ट के जरिये कहा कि वह पूर्व पोस्ट से उन्हें हुई पीड़ा के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगते हैं।

सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री योगी सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एके शर्मा दूसरे व ब्रजेश पाठक तीसरे स्थान पर, संगठन नेताओं की नहीं दिखी धाक

1.5 करोड़ सदस्य बनाए उप्र ने पहले चरण में

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के पहले चरण में सिरमौर रहे। दूसरे स्थान पर उर्जा मंत्री एके शर्मा के बाद सभी मंत्रियों और संगठन नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधियों की खास धाक नहीं दिखी। 1.5 करोड़ सदस्य बनाकर संख्या के मामले में भी उप्र सबसे अव्वल रहा, मगर लक्ष्य पूर्ति 65 फीसदी ही है। ऐसे में 85 फीसदी लक्ष्य के साथ असम ने सभी प्रदेशों को पीछे छोड़ दिया है। खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल है।

देशभर में भाजपा ने दो सितंबर को प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाने के साथ अभियान का पहला चरण शुरू किया था। 25 सितंबर को यह चरण खत्म होने के बाद प्रदेश मुख्यालय आई 19 सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक 53 हजार 55 सदस्य बनाए हैं। उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 35 हजार 353, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 15 हजार 827, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने 12 हजार 208 और औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 9 हजार 198 सदस्य बनाकर क्रमशः टॉप फाइव में शामिल हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सूर्य प्रताप शाही, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, महेंद्रनाथ पांडेय और स्वतंत्र देव सिंह जैसे दिग्गज भी दो हजार का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। 28 ऐसे मंत्री हैं, जो एक हजार भी सदस्य नहीं बना पाए। तमाम विधायक और सांसद तय लक्ष्य का 20 फीसदी भी सदस्य नहीं जोड़ पाए। भाजपा ने पहले चरण के 23 दिनों में करीब 6 करोड़ सदस्य बनाए हैं, हालांकि इसे अपेक्षा से कम माना जा रहा है। तय किए गए राज्यवार लक्ष्य में असम भाजपा 85 फीसदी उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान पर है। 75 फीसदी से अधिक लक्ष्य पूरा कर मध्यप्रदेश, गुजरात और त्रिपुरा दूसरे स्थान पर हैं। खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की सूची में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों का स्थान है। सदस्यता के मामले में देश के सभी महानगरों में दिल्ली अव्वल है।

अयोध्या समेत 12 जिलों की गोचर भूमि कब्जामुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि मुक्त कराई

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व विभाग ने विशेष अभियान चलाकर अयोध्या के साथ-साथ 12 जिलों में कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को मुक्त कराया गया है।

वहीं, अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है। अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाए। इस भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाएगा।

एल्विश के मोबाइल के डाटा रिकवरी को भेजा रिमाइंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रेव पार्टी और संपत्ति से जुड़े मामले में मोबाइल का डाटा बनेगा अहम दस्तावेज

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय ने यू-ट्यूबर एल्विश यादव की जब्त हुई मोबाइल से डिलीट किए जा चुके डाटा की रिकवरी के लिए नोएडा स्थित लैब को रिमाइंडर भेजा है। ईडी अधिकारियों का मानना है कि डाटा एक अहम दस्तावेज साबित हो सकता हैं। ईडी ने जिन तीन मोबाइल के डाटा को रिकवरी के लिए भेजा है उनमें दो मोबाइल एल्विश के दोस्तों का भी है।

अधिकारियों के मुताबिक रेव पार्टी और एल्विश की संपत्ति से जुड़ी अहम जानकारी मोबाइल से मिल सकती है। एल्विश के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद सपेरे राहुल को लेकर नोएडा पुलिस जब फरीदाबाद और फाजिलपुर गांव गई तो वहां पर तलाशी के दौरान एक रजिस्टर मिला था। रजिस्टर में 60 रेव पार्टियों का ब्योरा दर्ज था। रजिस्टर में नाम की जगह पुलिस के नंबर भी मिले थे।

जाहिर सी बात है उन नंबरों से चैटिंग जरूर हुई होगी। ऐसी स्थिति में डाटा रिकवर कराना जांच एजेंसी की प्राथमिकता है। अधिकारियों के मुताबिक एल्विश की जो संपत्तियां दर्ज हुई हैं, उसका आधार भी वह रजिस्टर ही बना था।

भाजपा नहीं चाहती कोई भी चुनाव निष्पक्ष हो : अखिलेश यादव

अमृत विचार,लखनऊ: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं होने देना चाहती है। बेईमानी कर सभी पदों पर कब्जा करना चाहती है। इन दिनों गन्ना समितियों के चुनाव में भी भाजपा समर्थक अराजकता पर उतारू हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि लखीमपुर खीरी, बरेली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में सत्ता संरक्षित भाजपाई बेईमानी और गुण्डई करके अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान कर रहे है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती पर्चे खारिज करा रहे हैं। सत्ता के मद में चूर भाजपा प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनावों को प्रभावित कर रही है।

किशोरी को रातभर थाने में रोकने पर पुलिस को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

अमृत विचार: किशोरी को रातभर थाने में रोकने के मामले में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने बस्ती के लालगंज थाने के एसएचओ और विवेचक को नोटिस जारी किया है। इस संबंध में पत्र पुलिस अधीक्षक बस्ती व थाने को भी भेजा गया है।

बताते चलें कि लालगंज थाना क्षेत्र के एक अभिभावक ने अपनी नाबालिग बेटी के घर से कहीं चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रयास करते हुए बालिका को बरामद कर अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने नाबालिग को सीडब्ल्यूसी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना था, लेकिन पुलिस ने नाबालिग को थाना परिसर में ही रात भर रोके रखा। दूसरे दिन न्याय पीठ के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसका मेडिकल कराने का आदेश दिया गया। बालिका ने न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत होने के बाद मामले की पूरी जानकारी दी। न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव व मंजू त्रिपाठी ने इसे बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन मानते हुए थानाध्यक्ष व मामले के विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है।

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

2.6 से ज्यादा आगंतुक अब तक पहुंच चुके हैं यूपीआईटीसी 2024 में

90 हजार विजिटर्स ने चौथे दिन दर्ज कराई एंट्री

70 हजार से अधिक बीटूबी विजिटर पहुंचे 4 दिन में

सोशल मीडिया पर भी छाया यूपीआईटीएस

यूपी इंटरनेशनल शो की लोकप्रियता सोशल मीडिया मंचों पर भी देखने को मिल रही है। इस मेगा इवेंट को प्रचारित करने के लिए विभिन्न हैशटैग चलाए गए, जिन्होंने बीते 179 दिनों में करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई। #UPITS2024 की सोशल मीडिया रीच 179 दिन में 32 मिलियन (3.20 करोड़) तक रही। वहीं, InternationalTradeShow की सोशल मीडिया रीच 27 मिलियन (2.7 करोड़), #Upinternationaltradeshow2024 की 4.8 मिलियन (48 लाख), #UPITS की 71.9 हजार और #GlobalBizHubUP की 65.9 हजार सोशल मीडिया रीच रही है।

उप्र. कौशल विकास मिशन को मिला सर्वश्रेष्ठ स्टॉल सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उप्र. कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उप्र. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कौशल विकास मिशन की अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। कौशल विकास मिशन के पवेलियन में नई तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया गया।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे ट्रेड शो में शनिवार को विभाग के सम्मानित होने परराज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस स्टॉल को मिले सम्मान से यह सिद्ध होता है कि हमारा प्रदेश कौशल के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि इस पवेलियन के लाइव शो में मेडिकल सपोर्ट, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, वर्चुअल रियलिटी, हैंड एम्ब्रॉयडरी, फॉरेन लैंग्वेज लर्निंग, मेटल एनग्रेविंग, एनिमेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और पंचकर्म टेक्नीशियन शामिल हैं।

वेलिडिक्टरी समारोह में केंद्रीय वाणिज्य औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल को सम्मानित करते उप्र. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान।

जल जीवन मिशन को बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड

'हर घर जल गांव' मॉडल को ट्रेड शो के बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड से नवाजा गया है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने जल जीवन मिशन यूपी को बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड दिया। विभाग की तरफ से वरिष्ठ सलाहकार राधा कृष्ण त्रिपाठी ने ये पुरस्कार ग्रहण किया। स्टॉल के प्रवेश द्वार पर नल से जल की आकृति दर्शकों को सेल्फी के लिए आकर्षित कर रही है। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा जल जीवन मिशन की उपलब्धियों पर लोकगीत की प्रस्तुति दर्शकों के दिल में उतर जाती है।

आकर्षण

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जल जीवन मिशन के स्टाल पर सेल्फी लेने वालों की भीड़ जुटी।

स्वाद के शौकीनों को भा रहा प्रदेश का जायका

अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा : छुट्टी का दिन हो, एक ही छत के नीचे अलग अलग जगहों के चटपटे जायके हो तो भला स्वाद के शौकीनों के कदम रुकें भी तो कैसे।यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को अवकाश के चलते दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। विजिटर्स ने जमकर खरीदारी तो की ही, चटपटे जायके का भी लुत्फ उठाया।

नोएडा, गाजीपुर, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, बलिया, बनारस और लखनऊ के लजीज जायकों के स्टॉल पर ग्राहकों की लंबी लाइन लगी रही। खुर्जा की खुरचन और लखनऊ की बिरयानी का जलवा खुर्जा की खुरचन स्टॉल पर जायके के शौकीनों की लाइन लगी थी। दरअसल, खुरचन का स्वाद है ही ऐसा। स्टॉल संचालक ने बताया कि ट्रेड शो में इसे खूब पसंद किया जा रहा है।

बहुमुखी विकास का मॉडल प्रेरणादायक : गोयल

अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा : केंद्रीय वाणिज्य् औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस तरह बहुमुखी विकास का मॉडल बना है, वह देश को विश्वर की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में काफी सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की सफलता प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शाती है।

ट्रेड शो में आयोजित वेलिडिक्टरी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां जिस तरह बॉयर्स आ रहे हैं और उत्पीदों के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं, वह देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह कौशल विकास की तरफ फोकस कर रही है, उससे कुशल इंप्लाकयमेंट बढ़ रहा है, जिसका फायदा उद्यमियों को भी मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जिस तरह केंद्र की योजनाओं को प्रभावशाली तरीके से लागू कर रही है, वह भी अपने-आप में काफी महत्वपूर्ण है।

निवेशकों को आकर्षित कर रहा प्रदेश का माहौल : सचान

प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज, हैंडलूम एंड टैक्स्टाइल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में आज जिस तरह का माहौल है, उससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का एक्स पोर्ट होता था, आज यह एक्संपोर्ट दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। आने वाले दो वर्षों में एक्सकपोर्ट 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्ये सरकार ने रखा है। यह एक्सडपोर्ट एमएसएमई के साथ ही ओडीओपी के माध्यम से आ रहा है।

विकास के लिए मील का पत्थर है आयोजन : संजय प्रसाद

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को सूचना विभाग व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने स्टॉल्स का अवलोकन और उद्यमियों से संवाद किया। कहा कि यह आयोजन औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

भ्रमण व अवलोकन के दौरान उद्यमियों ने संजय प्रसाद को आयोजन के माध्यम से कारोबार में बढ़ोतरी, व्यापक मार्केट तक पहुंच और आय में बढ़ोत्तरी जैसे विषयों की जानकारी दी। वह व्यापार को लेकर प्रगति के लिए भी आशान्वित दिखे। प्रमुख सचिव ने स्टालों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा व सराहना भी की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण प्रथम संस्करण की भांति ही प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में सफल हो रहा है। उनके अनुसार, पिछली बार की ही तरह इस बार भी हमारे उद्यमियों को कहीं ज्यादा कारोबार मिलने का मार्ग उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रशस्त होगा।

ट्रेड शो में स्टाल का निरीक्षण करते सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद।

> यह आयोजन औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने का श्रेयस्कर माध्यम साबित हो रहा है।
>
> –**संजय प्रसाद**, सूचना विभाग व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव

इंदिरा नगर ब्लॉक बी के पास लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

डिग्री कॉलेज चौराहे के पास फैली गंदगी। अमृत विचार

तहसील रोड मस्जिद के पास भी जमा कचरे का अंबार। विचार

तीन दिन बाद काम पर लौटे सफाई कर्मी, एक को करेंगे वार्ता

सफाई न होने से शहर में हर तरफ गंदगी का अम्बार, बारिश से बिगड़े हालात

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: पिछले तीन दिन से सफाई कर्मियों का चल रहा हड़ताल दोपहर बाद समाप्त हो गया। मौके पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने समझा-बुझाकर सभी को शांत कराया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को वार्ता करने का आश्वासन दिया। सफाई कर्मियों ने कहा कि मांगें यदि नहीं मानी गई तो आंदोलन किया जाएगा।

नगर पालिका परिषद में आकस्मिक बोर्ड बैठक के बाद से माहौल बिगड़ गया। सभासद ईओ के खिलाफ तो सफाई कर्मी अध्यक्ष पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कार्य का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद सफाई को पूरी तरह से ठप कर दिया गया। इससे शहर में हर तरफ कूड़े का ढेर लग गया। आमजनमानस से लेकर व्यापारी तक परेशान होने लगे। इतना ही नहीं दो दिन की बारिश से स्थिति को बद से बदतर बना दिया। जगह-जगह कूड़ा सड़ने लगा। वहीं बेसहारा मवेशी कूड़े के ढेर के आसपास दिखाई देने लगे।

वहीं लगातार हो रही नगर पालिका की किरकिरी से अफसरों की नींद उड़ गई। अधिशासी अधिकारी ने कई बार सफाई कर्मियों से वार्ता करने की कोशिश की, लेकिन सभी अध्यक्ष के आने पर अड़े रहे। उनका आरोप है कि कर्मचारियों के बजट से चहेते ठेकेदारों को भुगतान को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि मामला नहीं सुलटने पर शनिवार को ईओ स्वर्ण सिंह एक बार फिर प्रयास किया। बताया कि आप सभी के खाते में भुगतान पहुंच चुका है। साथ ही अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करके निस्तारण करने का भरोसा दिया।इसके बाद सफाईकर्मी काम पर लौट आए हैं।

मांगें न पूरी होने पर धरना प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

> सफाईकर्मियों के आंदोलन से मेरा कोई लेना देना नहीं है। उनकी मांगों के बारे में कुछ नहीं पता है। ना ही मैं धरना स्थल पर गया। इस संबंध में ईओ ही जाने कि वह क्यों काम नहीं कर रहे हैं।
> **–शत्रोहन सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद**

> सफाई कर्मियों से वार्ता हो गई है। उनकी सभी जायज मांगों को पूरा किया जाएगा। प्राथमिक तौर पर भुगतान सभी के खातों में भेज दिया गया। मंगलवार को वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल को बुलाया गया है।
> **–स्वर्ण सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद**

नहीं निकला बीच का रास्ता, अड़े रहे अध्यक्ष

अमृत विचार: सफाईकर्मियों के कार्य बहिष्कार से सबको उम्मीद थी कि शायद ईओ और अध्यक्ष के टकराव में बीच का रास्ता निकल आएगा। यह दबाव भी काम नहीं आया। पूरे समय अध्यक्ष अड़े रहे। उनका यही कहना रहा कि यदि यही हड़ताल आकस्मिक बोर्ड बैठक के पहले होता तो कुछ कहता। इससे साफ पता चल रहा है कि दोनों पक्षों में अभी भी कड़वाहट है। शहर की सफाई नहीं होने से अफसरों की खूब किरकिरी हो रही थी। ऐसे में ईओ को आगे आकर हालात को संभालना पड़ा।

तर्पण

पिताजी ने सत्य के मार्ग पर चलने की दी थी सीख

स्व. अनिल शुक्ला।

लालगंज, रायबरेली। मेरे पिताजी स्व. अनिल कुमार शुक्ला का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उनका अखबार वितरण के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बड़ा लगाव था। वह धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। जीवन के 30 वर्ष उन्होंने लोगों को सुबह अखबार देकर खबरों की दुनिया से अवगत कराने का काम किया। वे सदैव सच्चाई के मार्ग पर चलने की सीख देते रहते थे। आज हम और हमारा परिवार उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर जीवन यापन कर रहे हैं और उनके काम को आगे बढ़ा रहे हैं।

अभिनव शुक्ला, लालगंज।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय सरौरा, वि0 क्षे0– बछरावा, (रायबरेली में जामुन के दो (02) पेड़ जिनकी नीलामी दि0–14/10/24 को विद्यालय परिसर मे समय 11:00 बजे पूर्वान्ह से की जायेगी। नियम व शर्तो की जानकारी के लिए विद्यालय अवधि में प्रधानाध्यापिका से सम्पर्क कर सकते है।

इन्द्रा वर्मा
प्र.प्रधानाध्यापिका
कम्पोजिट विद्यालय सरौरा, बछरावा, जनपद–रायबरेली

श्री अश्वनी गुप्ता
खण्ड शिक्षा अधिकारी

प्रधानाचार्या ने बच्चों और शिक्षकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता की शपथ लेते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत लालगंज के कर्मचारियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय परिषद चिकवाही लालगंज और प्राथमिक विद्यालय सूदनखेड़ा मे सभी स्वच्छ सारथी क्लब के बच्चो के साथ स्वच्छता की शपथ ली गयी। प्रधानाचार्या हेमा पांडेय द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और विद्यालय परिसर मे सभी के साथ साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। नगर के स्वच्छ भारत मिशन के प्रोजेक्ट एनालिस्ट आशीष सिंह ने कहा कि नगर की साफ-सफाई कर्मचारियों और नगर के निवासियों की साझा जिम्मेदारी है। श्री सिंह ने सभी से पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की। कार्यक्रम में मीरा गुप्ता, विनय, रश्मि, संध्या त्रिवेदी, अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश, प्रतिमा, ललिता, आशीष सिंह व रितिज मिश्रा, अभिषेक सिंह, राजकुमार, उमेश कुमार, शिवम् स्वर्णकार, ओम प्रकाश, मीतू, सनिल, चुन्नू, शंकर, अनूप आदि मौजूद रहे।

रास्ते की जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई न होने से आक्रोश

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार: क्षेत्र के जमुरवा खुर्द गांव में कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है की अवैध कब्जे के मामले में हल्का लेखपाल द्वारा उच्चाधिकारियों को मिथ्या व फर्जी आख्या रिपोर्ट प्रेषित करके गुमराह किया जा रहा है। जिसकी वजह से गांव के सार्वजनिक रास्ते से भू माफियाओं का कब्जा अभी भी बरकरार है।

क्षेत्र के जमुरवा खुर्द गांव में व 302 सरकारी अभिलेखों में सार्वजनिक रास्ता दर्ज है। जिस पर गांव के ही रहने वाले हीरा जायसवाल और धर्मवीर ने कुछ वर्ष पहले अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। अवैध कब्जेदारो ने सरकारी जमीन पर चार दीवारी का निर्माण कर उस पर टीन शेड डाल लिया है और उस पर निर्माण करके रहने लगे है। ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। ग्राम प्रधान काशी प्रसाद का कहना है कि सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध जब शिकायत दर्ज करवाई जाती है तो हल्का लेखपाल शैलेंद्र गुप्ता अवैध कब्जेदारों से सेटिंग करके उच्च अधिकारियों को गलत व झूठी आख्या रिपोर्ट प्रेषित करके गुमराह कर देते है। जिसकी वजह से आज भी सार्वजनिक रास्ते की सरकारी जमीन अवैध कब्जेदारों के चंगुल में फंसी हुई। शिकायतकर्ता आशीष सिंह, किशुन कुमार, उमेश यादव व अन्य लोगों का कहना है की अवैध कब्जेदारों ने सरकारी रास्ते की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। वहीं, हल्का लेखपाल की कार्यशैली से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लोगों के आने जाने का रास्ता बाधित है। तहसीलदार दीपिका सिंह का कहना है की मामले की जानकारी मिली है। राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेज कर मामले की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अयोध्या।

पत्रांक– 2034/ ग्रा0अ0वि0/नि0 पत्रा0 /2024–25/ दिनांक : 20.09.2024

–: मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना :–

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख) (ड्राइंग एंव बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार (जी0एस0टी0 छोड़कर)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित	अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिला अधिकारी कार्यालय का पता
3	2		4	5	6	7	8	9	10
विधायक निधि									
1	अयोध्या	कम्पोजिट विद्यालय वल्लीपुर ग्राम पंचायत पातूपुर विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0 विकास भवन अयोध्या	कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि बड़ा रमना अयोध्या	कार्यालय जिला अधिकारी, कलेक्ट्रेट, अयोध्या
2	अयोध्या	कम्पोजिट विद्यालय गुन्धौर ग्राम पंचायत गुन्धौर विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
3	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय बिलारी नगर पंचायत बीकापुर विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
4	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय रामपुर भगन ग्राम पंचायत रामपुर भगन विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
5	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय मलेथू कनक ग्राम पंचायत मलेथू कनक विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
6	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय कुड़ौली ग्राम पंचायत मजनावॉ विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
7	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय बाबा का पुरवा ग्राम पंचायत मोइया कपूरपुर विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
8	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय करेरू ग्राम पंचायत करेरू विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
9	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय मुबारकगंज ग्राम पंचायत देवराकोट विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
10	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय उसरू अमौना ग्राम पंचायत उसरू अमौना विकास खण्ड मसोधा में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
11	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय बनके गॉव ग्राम पंचायत अबनपुर विकास खण्ड मसोधा में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
12	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय लखौरी ग्राम पंचायत लखौरी विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+ 131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त

2. निविदा सूचना के कालम संख्या 8,9 एवं 10 में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/ विकय की तिथि :– 14.10.2024 से 19.10.2024 तक।
3. निविदा डाले जाने की तिथि, समय व स्थान:– 21.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–अयोध्या।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–21.10.2024 को सायं 3.00 बजे से।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या में सम्पर्क करें।

(मुनेश कुमार लोधी)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–अयोध्या

UP – 219951 दिनांक 26.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

मुरादाबाद में खड़े ट्रक में घुसी बाइक, पिता व बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बेकाबू बाइक केमिकल से भरे खड़े ट्रक से टकरा गई। थाना प्रभारी मूंढापांडे आरपी शर्मा ने बताया कि हादसे में युवक और उसकी 10 माह की बेटी की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हरदोई जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र के गांव मैलपुरवा निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह (28) नोएडा में निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह परिवार सहित नोएडा सेक्टर 62 में ही रह रहे थे। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि विश्वनाथ शनिवार तड़के पत्नी रमा (28) और 10 माह की बेटी अवंतिका को लेकर बाइक से घर के लिए निकले थे। सुबह करीब 6 बजे दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर पहुंचे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने सर्विस रोड पर खड़े केमिकल ले जाने वाले टैंकर में पीछे से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना में विश्वनाथ और बेटी अवंतिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी रमा गंभीर रूप से घायल हो गई।

स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति बालिकाओं को किया जागरूक

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण उनमें नेतृत्व एवं अभिव्यक्ति क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से सभी पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट तथा केजीबीवी में मीना मंच का गठन कराया गया है। प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को निर्धारित कैलेंडर के अनुसार मीना मंच सुगमकर्ताओ द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुरक्षा की जानकारी देकर उन्हें सजग एवं जागरूक बनाया जा रहा है।

मीना मंच रिसोर्स पर्सन बालिका शिक्षा प्रभारी एसएस पांडेय द्वारा बालिकाओं को मीना मंच का उद्देश्य एवं तीन इच्छाएं तथा मीना के कौशल और गुड टच-बैड टच, हेल्पलाइन, प्रेरणादाई स्लोगन, मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम, जीवन कौशल विकास शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के उपरांत बालिकाओं द्वारा बनाए गए मॉडल और पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह, कीर्ति सिंह, नीलम सिंह, सुगमकर्ता जागृति तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

मीना मंच की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में शामिल बच्चे। अमृत विचार

▸▸ बालिकाओं में नेतृत्व एवं अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ाने का सशक्त माध्यम है मीना मंच : प्रधानाध्यापक

विज्ञान क्विज के लिए 5 बच्चे चयनित

ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्रशस्ति पत्र व स्टेशनरी किट के साथ मौजूद प्रतिभागी।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर हाईस्कूल कंपोजिट विद्यालय में अध्यनरत छह, सात व आठ के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता जूनियर हाईस्कूल लालगंज में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पूरे ब्लॉक के 27 विद्यालयों के 81 बच्चों ने प्रतिभाग किया। राधिका यूपीएस बहरामपुर, कंचन यूपीएस सेमरपहा, शिवम चौरसिया यूपीएस कन्या बेहटा, अर्पित यादव यूपीएस अनापुर, रोहन यूपीएस लालगंज का चयन जिला प्रतियोगिता के लिए किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने चयनित बच्चों को विज्ञान से संबंधित पुस्तक व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। प्रतिभागियों को अभिवेक श्रीवास्तव डाइट मेंटर द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्टेशनरी किट प्रदान की गई। बच्चों का मूल्यांकन प्रवीण कुमार बाजपेई, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार शर्मा एआरपी लालगंज द्वारा किया गया।

भगत सिंह की मनी जयंती

उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यालय प्रबंधन, छात्र–छात्राएं।

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार: कस्बे के कुटी मोहल्ला में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी के साथ-साथ विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत माता के आंचल के स्नेहल छांव में भगत सिंह ने शहादत को आभूषण मानते हुए हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दिया है, इसलिए हम सभी उनको बारंबार नमन करते हैं। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बिजली गिरने से किशोर झुलसा

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। कुबेरी खेड़ा मजरे राजामऊ गांव निवासी दीपक (15) घर पर गोवंश को बांध रहा था। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वह गंभीर रूप से झुलस गया। एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में गलती से नीलू दर्ज हो गया है जबकि उसका नाम अन्य दस्तावेजों में श्रद्धा यादव है नीलू पुत्री अवध शरन और श्रद्धा यादव पुत्री अवध शरन दोनों एक ही व्यक्ति हैं सुमन देवी पत्नी अवध शरन निवासी पैगुवा पोस्ट टेडवा परगना व तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी

एक नजर

सर्पदंश से वृद्ध महिला की हालत गंभीर

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा मजरे राजामऊ गांव निवासी सावित्री देवी पत्नी सहदेव (60) की सर्पदंश से हालत गंभीर हो गई। घटनाक्रम के अनुसार वृद्ध महिला सावित्री देवी को शुक्रवार की सुबह घर में अपना निजी कार्य कर रही थी, तभी सर्प ने उसे डस लिया। महिला की हालत बिगड़ने परे पारिवारीजनों द्वारा उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां महिला की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सक गणनायक पांडेय ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

समाधान दिवस आयोजित

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल पांच शिकायतें आई। समाधान दिवस में एएसपी संजीव सिन्हा और एसडीएम रश्मि लता ने पीड़ितों की फरियाद सुनी और संबंधितों को शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

अधेड़ पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। पुस्तैनी विवाद में रमाकांत त्रिपाठी पर लाठी डंडों से पांच लोगों ने अचानक जानलेवा हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हमला शनिवार की सुबह क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर हुआ है। घायल ने मामले में तीन लोगों को नामजद करते हुए दो अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इसमें विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कोर्ट ने हरे पेड़ काटने वाले तीन लोगों को सुनाई सजा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। शनिवार को तहसील परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय की न्याय अधिकारी मधु गुप्ता ने यह सजा सुनाई है। क्षेत्र के गांव रम्मा का पुरवा मजरे गंगोली निवासी राकेश सिंह, जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव गंगा सिंह का पुरवा निवासी दिलीप सिंह, ऊंचाहार के जमुनापुर निवासी भानू सिंह के विरुद्ध पूर्व के वर्षों में पुलिस ने अवैध रूप से हरे पेड़ काटने का मामला दर्ज किया था। जिसमें शनिवार को न्यायालय द्वारा भानू प्रताप और राकेश सिंह को छह-छह सौ रुपये का अर्थदंड और न्यायालय उठने तक कैद की सजा सुनाई है। वहीं दिलीप पर छह सौ रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

बीआरसी में एक अक्टूबर को शिविर का आयोजन

शिवगढ़, रायबरेली। समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक अक्टूबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र शिवगढ़ में सहायक उपकरण मापन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशिष्ट आवश्यकता वाले छात्र-छात्राओं को अपने साथ जरूरी दस्तावेज लाना होगा। खंड शिक्षाधिकारी ने अनिल मिश्रा ने बताया कि शिविर में पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी 17 दिसम्बर को उपकरण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से कक्षा 8 तक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं ही शिविर में प्रतिभाग कर सकते हैं।

जवाबी कीर्तन 11 को

शिवगढ़, बछरावां। गीता फिलिंग स्टेशन के प्रबंधक राजेश पांडेय ने बताया कि 11 अक्टूबर को गीता फिलिंग स्टेशन परिसर में हर साल की तरह 20वें नव दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कानपुर के मशहूर कीर्तनकार सचदेवा शरारती और हमीरपुर की मशहूर कीर्तनकारा दुर्गेश नन्दिनी के मध्य कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों कीर्तनकार ज्ञानवर्धक कीर्तनों से कीर्तन प्रेमियों का आनंद बढ़ाएंगे।

पत्नी की गला घोंटकर हत्या, गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे दफनाया शव

पहले तालाब में फेंका, बदबू आने पर गड्ढा खोदकर गाड़ा

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र में पत्नी की शक के आधार पर युवक ने गला घोटकर हत्या करके शव को निकट तालाब में फेंक दिया। उसके बदबू आने पर शव को प्लास्टिक की बोरी में भरकर कुछ दूरी में गंगा एक्सप्रेस-वे पर गड्ढा खोदकर दबा दिया। दो सप्ताह से लापता महिला की तलाश पर जब पुलिस ने पति पर दबाव बनाया तो हकीकत का पता चला तो सभी आश्चर्यचकित हो गए। शुक्रवार की देर रात गड्ढा खोदवा कर शव को बाहर निकाला गया। वहीं, आरोपी पति को जेल भेज दिया गया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मजरे ऐहार गांव का है। उक्त गांव निवासी राम प्रकाश ने अपनी पत्नी पिंकी की 14 सितंबर की रात गला दबाकर हत्या कर दी थी और उसके बाद शव को गायब करने की इरादे से पहले पास में ही स्थित तालाब में डाल दिया था। उसके बाद हल्की बदबू आने लगी तो 21 तारीख की रात को तालाब से शव निकाल कर पास से ही निकल रहे गंगा एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था। मामले में बेटी पिंकी का कुछ पता नहीं चलने पर पिता ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने काफी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद आशंका होने पर पति राम प्रकाश से कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पिंकी (फाइल फोटो)।

शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे लालगंज पुलिस ने पिंकी देवी का शव गंगा एक्सप्रेस वे पुल के नीचे से बरामद किया। पिंकी की लाश करीब तीन फीट गहरे गड्ढे में गड़ी हुई थी। लालगंज पुलिस टीम ने पिंकी के शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पिंकी के पिता जमुआवा निवासी देवी प्रसाद की तहरीर पर दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ है। राम प्रकाश को जेल भेज दिया गया है। वहीं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पिंकी का चाल चलन ठीक नहीं था। इसके चलते पति राम प्रकाश आए दिन उसके साथ मारपीट करता था और अवैध संबंधों की बिना पर उसे मार डालने की बात दबे जुबान लोग कह रहे हैं।

तहसीलदार की मौजूदगी में खोदा गया गड्ढा

पिंकी की गुमशुदगी के बाद से ही लालगंज पुलिस परेशान थी। लगातार खोजबीन में लगी हुई थी। तहसीलदार उमेश चंद्र, फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में गड्ढा खोदकर शव को निकाला गया। पिंकी हत्याकांड के खुलासे में क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, कोतवाल संजय कुमार, उप निरीक्षक सौरभ बालियान, रविंद्र तिवारी, अमरनाथ, सुभाष कुमार, महिला उपनिरीक्षक तनु मिश्रा, अर्चना देवी, सिपाही सचिन कविराज आदि शामिल रहे।

ऑटो व पिकअप में भिड़ंत, दो लोग घायल

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार: ऑटो व पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में ऑटो सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। शनिवार की शाम महराजगंज-बछरावां रोड पर रवना गांव के पास बछरावां की ओर से आ रहे आटो और महराजगंज की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में डीह थाना क्षेत्र के रोखा मऊ निवासी हरिओम (25) पुत्र बाल गोविंद व आटों सवार उसका ही साथी गोकरन तिवारी (31) दोनों गंभीर घायल हो गए। घटना में हरिओम चालक हरिओम के गले व शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटे आई हैं। तेज टक्कर के बाद पिकअप सड़क से नीचे उतर कर खाईं में चली गई। घटना के बाद पिकअप चालक फरार है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के चितई खेड़ा मजरे दहिगवां में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव छप्पर में दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया। शव मिलने के बाद से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

शनिवार को मृतक श्यामू की मां दुलारा जानवरों को चारा देने के लिए छप्पर के पास पहुंची तो देखा 26 वर्षीय बेटे श्यामू का शव छप्पर में दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। बेटे का शव फंदे पर लटकता देख मां दुलारा दहाड़े मारकर रोने लगी। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। गांव के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृश्य मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

रस्सी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

परशदेपर, रायबरेली, अमृत विचार। डीह थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव रस्सी के फंदे पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। परशदेपुर के वार्ड नंबर पांच के पूरे काजी निवासी बबलू के माता-पिता अलग रहते हैं। युवक पत्नी अंजला(22) के साथ अलग घर में रहता है। शुक्रवार की शाम अंजला घर में अकेली थी। पति बबलू के अनुसार जब वह घर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने पड़ोसियों की सहायता से दरवाजा तोड़ा तो अंजला का शव रस्सी के सहारे लटकता मिला। चौकी प्रभारी कृष्णकांत ने बताया कि एक वर्ष पूर्व दोनों की लव मैरिज हुई थी। मृतका मध्य प्रदेश की रहने वाली है। परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना जेवरात और नकदी उड़ायी

रायबरेली, अमृत विचार: मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। आईटीआई स्थित दो मकान में एक के बाद एक घर में घुसकर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया और पुलिस को कानो कान खबर तक नहीं हुई। थाना क्षेत्र के आईटीआई कॉलोनी के आवास संख्या बी 218 में निर्मल सरदार के घर से 50 हजार नकद और ज्वैलरी एवं आवास संख्या बी 194 में नरेश के घर से तीन लाख नकद और जेवरात चोरी हुए। जानकरी के अनुसार अभी कुछ दिन पहले 20 अगस्त को आईटीआई टाइप बी मकान 25 में श्रीकांत दुबे के घर से 20 लाख रुपए का जेवरात चोरी हुई थी। इसके बावजूद पुलिस नही चौकन्ना हो रही है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

पट्टे की जमीन पर निर्माण कराने से पट्टाधारकों में आक्रोश

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार: 13 वर्ष पूर्व हुए पट्टे की जमीन पर भूमाफियों द्वारा निर्माण कार्य किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस पर रोक न लगाए जाने से पट्टाधारको ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

बताते चले कि क्षेत्र के पखनपुर गांव में 2011 में 30 ग्रामीणों का ग्राम सभा की भूमि का आवासीय पट्टा तहसील प्रशासन द्वारा किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सभी को एक बिस्वा जमीन का पट्टा हुआ था, किन्तु उस जमीन पर काबिज गांव के ही लोग कब्जा छोड़ने कों तैयार नहीं है, उल्टे पिलर देकर पट्टाधारकों की जमीन पर खुलेआम निर्माण कर रहे हैं। पट्टाधारक वृंदावन, रजोले, बाबूलाल, रामलाल, गुड्डादेवी, कालीदीन, जगन्नाथ आदि का कहना है कि विगत दिनों तहसील प्रशासन द्वारा पट्टाधारकों की जमीन पर पैमाईश भी की गयी व अतिक्रमणकर्ताओं को जमीन छोड़ने की नोटिस भी दी गयी। बावजूद अतिक्रमणकर्ता खुलेआम निर्माण कर गांव के लोगो से लड़ाई झगड़े पर आमादा है। मामले में प्रधान प्रतिनिधि भगवानदीन फौजी ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से पट्टाधारक अपनी जमीन को पाने के लिए संघर्ष कर न्याय का इन्तजार कर रहे। यदि दो दिन के अंदर तहसील प्रशासन द्वारा समस्या का निवारण नहीं किया जाता तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। मामले में तहसीलदार ध्रुवनरायण यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं राजस्व व पुलिस की टीम गठित कर अतिक्रमण को हटवा विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

पट्टे की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग करते पट्टाधारक। विचार

स्काउटिंग से मिलती है अनुशासन की सीख

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: कंपोजिट स्कूल इस्माइल मऊ दीन शाह गौरा में स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिवस में प्रशिक्षक साधना शर्मा व लक्ष्मी सिंह के दिशानिर्देशन में स्काउट व गाइड द्वारा टेंट का निर्माण किया गया। इसके अलावां विभिन्न प्रकार का भोजन बनाया गया। स्काउट द्वारा पांच व गाइड द्वारा दो टेंट बनाए गए। जिसमें जीवन जीने से संबंधित सभी आवश्यक चीजों का बच्चों द्वारा प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी दीनशाह सत्य प्रकाश सिंह रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड का प्रशिक्षण सभी विद्यार्थियों को लेना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि स्काउटिंग से अनुशासन की भावना पैदा होती है इसलिए सभी को इस संस्था से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक नरेश कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नितिन मिश्रा, पुष्पेंद्र बहादुर, प्रसून सिंह, पुष्पा यादव व अभिभावक मौजूद रहे।

कंपोजिट स्कूल इस्माइल मऊ दीन शाह गौरा में स्काउट गाइड को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

डीएम-एसपी और जिला जज ने कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ भोजन सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

अमृत विचार: जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, जिला जज तरुण सक्सेना और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कारागार के अधिकारियों के साथ बंदियों से मुलाकात की और जेल में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कारागार चिकित्सालय, बैरक, रसोई घर और सीसीटीवी कैमरों की संचालन व्यवस्था को देखा गया। उन्होंने कारागार चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का मूल्यांकन किया।

जेल प्रशासन को निर्देश की भोजन सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। भोजन निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिया जाए। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि जेल में मोबाइल का प्रयोग किसी भी हाल में न होने पाए और बंदियों से मिलने आने वालों का रिकार्ड रखा जाए।

सार-संक्षेप

सदस्य बनाने के लिए भाजपा ने लगाया कैंप

भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल कार्यकर्ता। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान के तहत शनिवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाश कौशल के नेतृत्व में नगर के कोतवाली रोड पर एक कैंप लगाया गया। भाजपा नेता ने पार्टी का कुनबा बढ़ाने के लिए आम जनमानस से अपील की। उन्होंने बताया कि अभी तक उन्होंने कुल 150 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई है। इस मौके पर गुड्डन यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मल पेडीवाल, संजय मिस्त्री, तुलसी राम, सुनील पांडेय आदि मौजूद रहे।

विजेता अभिकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित

एलआईसी में आयोजित समारोह में मंचासीन अधिकारी। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जीवन बीमा निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर में मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मान बहादुर सिंह आल इंडिया में द्वितीय स्थान हासिल करने मार्च 2024 में 100 प्रतिशत सुपरवाइज अभिकर्ताओं के कार्य के परिप्रेक्ष में शनिवार को एलआईसी मैनेजिंग डारेक्टर सतपाल भानू सहित सुशील कुमार गांधी प्रादेशिक प्रबंधक गंगासहाय वरिष्ठ मंडल फैजाबाद, मुख्य प्रबंधक शाखा अरुण कुमार चतुर्वेदी, प्रबंधक पवन कुमार मिश्रा, सहायक प्रबंधक अवधेश शर्मा, अंकुर यादव, सहायक शाखा प्रबंधक रमेश चंद्र, यज्ञ नारायण शुक्ला, ओबेद अहमद की उपस्थित में मुख्य बीमा सलाहकार मान बहादुर सिंह की यूनिट मीटिंग एवं विजेता अभिकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर सतपाल भानू ने मान बहादुर सिंह को सम्पूर्ण भारत मे 2023-24 की रैंकिंग दूसरा स्थान हासिल करने पर बधाई दी और अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया। इस मौके पर देवेंद्र बहादुर सिंह, सुरेश कुमार निषाद, सोनिया, अनुपमा त्रिवेदी, अभिषेक कुमार यादव, संगीता यादव अरबिंद सिंह, आशीष सिंह, देवेश बहादुर सिंह राम देव, मोहित कुमार मौर्य, अमरेंद्र बहादुर, संध्या सिंह इंद्रपाल, अविनाश यादव, संजय कुमार, शैलेन्द्र सिंह, आदर्श गुप्ता, श्रीकृष्ण, नीतू वर्मा आदि अभिकर्ता उपस्थित रहे।

60 ग्रामीण युवाओं को मिले रोजगार के अवसर, खिले चेहरे

एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। एनटीपीसी ऊंचाहार ने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सीपेट (सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ) के सौजन्य से संपूर्ण हुए कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद समापन समारोह के अवसर पर परियोजना के आसपास की 15 ग्राम सभाओं के 60 युवाओं को जॉब लेटर देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को कोर्स कम्पलीशन सर्टिफिकेट भी दिए गए। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि नैगम सामाजिक दायित्व के तहत प्रशिक्षण पाए हुए ये युवा केवल अपने माता-पिता व गांव ही नहीं बल्कि एनटीपीसी का नाम भी रोशन करेंगे। मानव संसाधन विभागाध्यक्ष रूमा दे शर्मा ने कहा कि इन ग्रामीण युवाओं ने कौशल सीखकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक मजबूत कदम आगे बढ़ाया है। समापन समारोह का संचालन नैगम सामाजिक दायित्व की प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने किया। साथ ही उन्होंने 6 महीने तक चले इस आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में भी उपस्थितजनों को अवगत करवाया। समारोह में रतन कुमार, राजेश कुमार, डॉ मधु सिंह, जितेन्द्र कुमार, सुदेश कुमार, आशीष गैरोला, धर्मनाथ यादव, बहेरवा प्रधान प्रतिनिधि रईस व मुरारमऊ के प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

तीन वर्षीय बच्चे के अपहरण का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीखेड़ा मजरे शिवपुरी से शुक्रवार को दोपहर बाद लगभग ढाई बजे इसी गांव के दो युवको ने एक तीन वर्षीय अबोध बच्चे के अपहरण का असफल प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पृथ्वीखेड़ा निवासी लक्ष्मी देवी ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को दोपहर बाद उसके गांव के राहुल कुरील और मलखान कुरील उसके भांजे अनीश (3) को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर कहीं ले जा रहे थे। रास्ते विद्यालय से लौट रही गांव की लड़कियों ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने भांजे अनीश को छोड़ दिया। गांव की लड़कियों ने भांजे को घर पहुंचाया तो घटना की जानकारी हुई। उसने अपनी सास भगवानदेई के साथ दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो नाराज होते हुए दोनों आरोपियों और उनके परिजनों ने गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

शिक्षकों के साथ मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार: शासन द्वारा आदेशित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज बैसवारा इण्टर कॉलेज के गोविन्द सभागार में विकसित भारत 2047 एवं लोकल फॉर वोकल के लिए भाषण, निबन्ध और कला प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

प्रतियोगिता में बैसवारा इंटा कॉलेज की छात्रा ज्योती शर्मा ने प्रथम स्थान, अंशिका ने द्वितीय स्थान एवं बीएमपीएस की छात्रा कृतिका ने तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरस्कार अर्चना को मिला। कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या ने द्वितीय स्थान परिणति ने एवं तृतीय स्थान समरीन ने प्राप्त किया, भाषण प्रतियोगिता में बीएमपीएस की छात्रा स्तुति ने प्रथम स्थान, बैसवारा कॉलेज के आयुष्मान ने द्वितीय स्थान एवं सृष्टि सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता का प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह ने बुके एवं प्रवक्ता सन्तोष सिंह एवं वीरेन्द्र शुक्ल ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। समागतों ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसडीएम ने शैक्षिक सहयोग एवं अपने अमूल्य समय के लिए भी विद्यालय को आश्वस्त किया।

हिदायत ग्राम समितियों के निष्क्रिय होने से पुलिस के सूत्र हुए कमजोर, नए सिरे से गठन की हो कवायद

ग्रामीणों का मिले सहयोग तो अपराधों पर लगे रोक

हर्षित द्विवेदी, रायबरेली

अमृत विचार: जिले में चोरी की बढ़ रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस नाकामयाब साबित हो रही है। ऐसी दशा में उसे जन सहयोग लेकर चोरी की वारदातों सहित अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करना चाहिए। पहले की तरह पुलिस को फिर ग्राम समितियों को सक्रिय कर रात्रि में अपने-अपने गांवों में पहरेदारी करवाने का प्रयास शुरू करना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर विराम लगेगा। वहीं, रात्रि में इधर-उधर आने जाने वाले अराजकतत्व को भी पकड़ने में मदद मिलेगी। पिछले कई महीनों से जनपद में आपराधिक वारदातों की बाढ़ सी आ गई है। जिले में लूट, हत्या और चोरी जैसे संगीन अपराध मामूली हो गए हैं। इसकी वजह से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास कम हो गया है। वहीं लोग डरे सहमे हुए हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में है और खुद ही लाठी-डंडो से लैस होकर अपने-अपने गांवों में पहरेदारी कर रहे हैं। ऐसे में जनपद की पुलिस के मुखिया को बीते हुए सालों से चली आ रही प्रथा को एक बार फिर बहाल कर देना चाहिए।

समितियों के गठन से अराजकतत्वों पर लग सकेगा अंकुश: ग्राम सुरक्षा समितियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त शुरू करवाने से चोरी और अन्य अपराधिक घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही रेल पटरी पर अराजकत तत्वों द्वारा अवरोध उत्पन्न कराने की घटनाओं में भी आसपास के ग्रामीणों की सतर्कता से अंकुश लग सकेगा।

ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया युवक निकला अपहरण गैंग का सदस्य : अभी हाल ही में स्वेच्छा से अपने-अपने गांवों की पहरेदारी कर रहे गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र के रजवापुर में ग्रामीणों ने चोर समझकर जिसे पकड़ा और पुलिस को सौंपा था। वह अपहरण गैंग का सदस्य निकला। इससे यह साबित होता है कि ग्रामीणों के प्रयास से चोरी की घटनाओं के साथ-साथ अन्य आपराधिक घटनाओ पर भी विराम लग सकता है।

ग्रामीणों के प्रयास चोरी की घटनाएं हुई विफल: जिले के कई थाना क्षेत्र जैसे गुरबख्शगंज, बछरावां, मिलएरिया व ऊंचाहार में कई ऐसी घटनायें हुई जहाँ पर ग्रामीणों द्वारा घुमंतू लोगों को चिन्हित कर चोरी के शक में पकड़ा गया है। इससे पुलिस को भी सहायता मिली है। चोरी की कई वारदातों का भी खुलासा किया। ऐसे में पुलिस को ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन करना चाहिए। जिससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास फिर से बहाल हो सके।

ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन जल्द : एसपी

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि इस समिति का गठन करने के लिए थानाध्यक्षों को निर्देशित कर प्रधानों के साथ मीटिंग की जाएगी। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन कराया जाएगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही घटनाओं पर अंकुश लग सके।

दुकान से उड़ाये सामान व नकदी

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव दुर्गाखेड़ा मजरे डुमटहर में शुक्रवार की रात कुछ अराजकतत्वों ने झूठी चोरी का हल्ला मचा कर एक दुकान से सामान व नकदी चुराया। पीड़ित दुकानदार ने अपने ही गांव के पांच नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। दुर्गाखेड़ा निवासी राम पियारे ने आरोप लगाया है कि गांव के किनारे उसकी दुकान है। आधा दर्जन से अधिक अज्ञात युवकों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर तीन पैकेट पान मसाला और 12 सौ रुपये नकद चुरा लिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही होगी।

अवध विश्वविद्यालय में कर्मियों ने की छात्र-छात्राओं से अभद्रता, हंगामा

एटीकेटी व्यवस्था को लेकर धरना देने पहुंचे थे छात्र

मांगे पूरी न होने पर छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को धरना देने पहुंचे छात्र-छात्राओं से कर्मियों द्वारा बदसलूकी के बाद जबरदस्त हंगामा हुआ। छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने कर्मियों पर छात्राओं से अभद्रता का आरोप लगाया है। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ और मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र ने मौके पर पहुंच कर स्थिति संभाल ली। एटीकेटी की अनुमति न मिलने पर विद्यार्थी परिषद ने एक अक्टूबर से बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार एक महीने से एटीकेटी के तहत व्यवस्था की मांग की जा रही है। कोई सुनवाई नहीं होने पर शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर पहुंच गये और विरोध- प्रदर्शन करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान कतिपय कर्मियों और तैनात सुरक्षा गार्डों द्वारा उनके साथ धक्का मुक्की की गई। कुछ कर्मियों ने छात्राओं का हाथ पकड़ उन्हें घसीट कर बाहर करने का प्रयास किया। जिस पर छात्र भड़क गए और कर्मियों से भिड़ गए। करीब आधे घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कुलपति कौटिल्य भवन में बैठक ले रही थीं। सूचना पाकर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ और मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र आरोपित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। काफी देर तक चली जद्दोजहद के बाद अधिकारियों ने विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों और छात्रों को बुला कर बातचीत की और ज्ञापन लिया तब जाकर मामला शांत हुआ। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा बैक पेपर व्यवस्था समाप्त करने के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एटीकेटी व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो एक अक्टूबर से प्रदर्शन किया जाएगा।

अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को छात्रों को धक्का देते कर्मी। अमृत विचार

हॉस्टल में बदहाली का आरोप

प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्रावास में रह रहीं छात्राओं को तमाम बदहाली झेलनी पड़ रही है। हॉस्टल में शौचालयों और मेस की बुरी दशा है। खाना भी ढंग का नहीं मिलता है। शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

क्या है एटीकेटी व्यवस्था

भारतीय शिक्षा प्रणाली में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत, अगर कोई छात्र प्री-ग्रेजुएशन या ग्रेजुएशन में एक से चार विषयों में फ़ेल हो जाता है, तो उसे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाता है। इसे एटीकेटी एलाउंड टू कीप टर्म्स कहते हैं। अगली कक्षा में प्रवेश लेने के लिए, छात्रों को उन विषयों में पास होना ज़रूरी है जिनमें वे फ़ेल हुए थे। आम तौर पर, छात्रों को पांच बार तक एटीकेटी का मौका दिया जाता है। अगर पांच बार एटीकेटी के बाद भी छात्र परीक्षा पास नहीं कर पाता, तो उसे फिर उसी कक्षा में दोबारा पढ़ना पड़ता है।

> छात्रों से वार्ता की गयी है। विश्वविद्यालय प्रशासन संबद्ध महाविद्यालयों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निर्धारण करेगा। छात्रावास में दूषित भोजन और व्यवस्थाओं के बारे में छात्रों द्वारा अवगत कराया गया है। संज्ञान में लेते हुए इसको देखा जाएगा।
> -संत शरण मिश्र, मुख्य नियंता, अवध विश्वविद्यालय।

हनुमान जी की अष्टधातु की खंडित मूर्ति बरामद, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये बताई जा रही है कीमत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जनपद के क्राइम ब्रांच की स्वॉट और रौनाही थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने हनुमान जी की एक खंडित मूर्ति के साथ बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद मूर्ति को अष्टधातु की और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 50 लाख रुपये बताई है। मूर्ति तस्कर गिरोह का सरगना अभी पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है, जिसकी पुलिस को तलाश है। प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करवा पकड़े गए तीनों लोगों का चालान किया है।

शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में नवागत एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया कि एक कीमती अष्टधातु की मूर्ति को बिक्री के लिए लखनऊ ले जाने वाले थे। इसके बाद शुक्रवार की शाम स्वॉट/ सर्विलांस प्रभारी अमरेश त्रिपाठी और रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह की टीम ने लखनऊ हाइवे पर फैजाबाद शहर से लखनऊ की ओर जा रहे एक बाइक सवार तीन लोगों को लखौरी तिराहा पर जांच के लिए रोका तो उन्होंने भागने की कोशिश की। इसी कोशिश में बाइक फिसलकर गिरी तथा पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगों कृष्णा कुमार (25) निवासी चांदपुर हरवंश थाना पूराकलन्दर, आदर्श उपाध्याय (22) निवासी जेरूवा कोतवाली बीकापुर तथा मनीष कुमार (25) निवासी बेलघरा, गदोरहवा थाना तारुन को पकड़ लिया। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि इनका सरगना गोलू पांडेय निवासी हूंसे पांडेय का पुरवा सनेथुथू थाना पूराकलंदर पहले ही मूर्ति का कुछ अंश लेकर परीक्षण कराने और सौदा तय करने लखनऊ पहुंच चुका है। उसी ने हम लोगों को मूर्ति सोने की होने की बात बताई थी और बिक्री के बाद हिस्सा देने को कहा था तथा मूर्ति लेकर लखनऊ बुलाया था। एसपी देहात ने बताया कि गोलू के खिलाफ गैंगेस्टर, मारपीट, बलवा, आयुध अधिनियम में छह तथा कृष्णा कुमार व आदर्श के खिलाफ मारपीट का एक-एक मामला दर्ज मिला है। मूर्ति कहां से चुराई गई और किसको बेंची जानी थी, इसकी जानकारी के लिए सरगना गोलू पांडेय की तलाश कराई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है।

बरामद की गई हनुमान जी की मूर्ति।

राम मंदिर में द्वितीय तल पर डाली जा रही छत

अयोध्या-राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने द्वितीय तल के निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरें जारी की हैं। द्वितीय तल पर छत डालने का कार्य किया जा रहा है।

सोनिया गांधी को चाहिए राहुल को भेज दें अस्पताल : विनय कटियार

पूर्व सांसद ने दिया विवादित बयान, कहा- राहुल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं

उत्तराखंड के पूर्व सीएम व महिला आयोग उपाध्यक्ष ने भी राहुल को घेरा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एक विवादित बयान के बाद यहां राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही है।

उन्होंने कहा है कि दोनों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, सोनिया गांधी को चाहिए राहुल गांधी को अच्छे अस्पताल भेज दें। उन्होंने कहा है कि अगर वह नहीं भेज पा रही तो हमको बताएं। हम राहुल गांधी को अस्पताल भेज देंगे। वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा मठाधीश पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि उनके पिता जी ने कुछ सिखाया नहीं है। वह भी मानसिक रूप से बीमार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि राहुल गांधी को अब राम मंदिर की याद आ रही है। 22 जनवरी को आम जनता उत्सव मना रही थी कोई मंदिर ऐसा नहीं था जहां उत्सव का माहौल न रहा हो जहां प्रसाद ना बन रहा हो। पूरा देश राममय था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उस दिन इस उत्सव को देखते तो शायद उन्हें समझ में आता, लेकिन उन्होंने मुंह मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन वह भारतीय संस्कृति को जान जाएंगे उसके बाद संस्कार वान हो जाएंगे। स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अच्छे से नहीं देखा है। उद्योगपति क्या देश का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण करने वाले लोगों पर फूलों की वर्षा किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के घर में तीन-तीन प्रधानमंत्री हुए कोई एक व्यक्ति बता दें जिन्होंने सेवकों के पाव धुले हों। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश को भड़काने वाला भाषण देकर कुछ नहीं कर पाएंगे।

भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य विनय कटियार

ईयरफोन लगाए दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत

शौच के लिए जा रहे थे दोनों युवक, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार : थाना गौरीगंज क्षेत्र ग्राम बनी स्थित प्रतापगढ़-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर दो युवक कान में ईयरफोन लगाकर शौच के लिए जा रहे थे। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रोहित उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम बेहटा थाना खमरिया जनपद लखीमपुर खीरी, व प्रमोद यादव उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र शोभरनलाल निवासी ग्राम गुरैला थाना तंबौर जनपद सीतापुर दोनों रेलवे ट्रैक पर शौच करने के लिए जा रहे थे। इस बीच प्रतापगढ़ से रायबरेली की ओर जा रही ट्रेन नं 14123 प्रतापगढ़ कानपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हो गई। उक्त घटना के संबंध में स्टेशन अधीक्षक गौरीगंज की सूचना पर थाना गौरीगंज पर शनिवार को फौती सूचना अंकित कर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस गौरीगंज भेजा गया। सूचना संकलन से ज्ञात हुआ है कि मृतक रोहित वेल्डिंग का काम करते थे, तथा प्रमोद यादव रोहित के साथ हेल्पर का काम करते थे। दोनों व्यक्ति सुनील मिश्रा का ग्राम बनी में बन रहे धान, गेहूं का गोडाउन पर वेल्डिंग का काम कर रहे थे। मृतक दोनों व्यक्ति शौच करने के लिए रेलवे ट्रैक पर कान में लीड लगाकर गए हुए थे। अचानक ट्रेन आ जाने से कट कर मौत हो गई।

बिजली गिरने से युवक की मौत

संवाददाता, पीपरपुर, अमेठी, अमृत विचार : जनपद में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जनपद में कई जगह पर आकाशीय बिजली गिरने की भी घटना सामने आई है। वहीं जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र के भदांव गांव में खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पीपरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रमाशंकर कोरी पुत्र स्व. नंदलाल कोरी उम्र लगभग 33 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत भदाव थाना पीपरपुर अमेठी शुक्रवार को अपना खेत देखने गए थे। जब वह काफी समय तक घर नहीं लौटे तो घर वालों ने खोजबीन शुरू की। जहां पर शनिवार को धान के खेत में ग्रामीणों को रमाशंकर का शरीर झुलसा मिला। जिस वजह से आकाशीय बिजली भी मौत का कारण हो सकती हैं। पोस्टमार्टम में पुलिस के जांच के बाद ही मौत का कारण साफ होगा। वहीं, सूचना पर मौके पर पहुंची पीपरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी पीपरपुर रामराज कुशवाहा ने बताया कि परिजनों की सूचना पर तत्काल पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गौरीगंज भेजा दिया है। वहीं हर पहलू पर जांच की जा रही है। अभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के साथ ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

घर के पास सियार ने पिता और पुत्र पर किया हमला

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

अमृत विचार: थाना संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम सभा चक्रधरपुर मजरे तारापुर निवासी पुत्तीलाल पुत्र बच्चू उम्र 50 वर्ष व उनके पुत्र प्रेमलाल उम्र 15 साल को शनिवार दोपहर घर के पास आकर सियार ने हमला कर दिया। पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाकर प्राथमिक उपचार वी रिव्यूज के इंजेक्शन लगवाया गया। पुत्तीलाल के अनुसार शनिवार दोपहर उनकी बकरी पर एक सियार ने आकर हमला कर दिया। फिर मेरे ऊपर भी हमला कर दिया। हमला देखते हुए मेरा बेटा प्रेमलाल डंडा लेकर दौड़ा तो उसके उंगली में भी सियार ने काट लिया।

सूचना पर संग्रामपुर वन विभाग टीम प्रभारी रणविजय सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और देखा कि सियार कुछ दूर पर मरा पड़ा है। तो टीम ने सियार को लाकर नजदीकी पशु चिकित्सालय संग्रामपुर में पोस्टमार्टम कर कर सियार का अंतिम संस्कार कर दिया। वन विभाग संग्रामपुर प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि आज फोन के माध्यम से जानकारी मिली की जरौटा चक्रधरपुर के बीच एक आवारा सियार किसी ग्रामीण को काट लिया है। इस टीम में तेज बहादुर मिश्रा, राजकुमार पांडे, अरविंद सिंह मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार : शनिवार को राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विकास परियोजना शाहगढ़ के केंद्र कोहार, लोहानपुर, गरथोलिया और सोराव में पोषण माह के अन्तर्गत किशोरियों की साइकिल रैली, मेंहदी प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की किशोरी बालिकाएं, विद्यालय के शिक्षक गढ़, आगनवाड़ी कार्यकत्री, केंद्र के बच्चे, समूह की महिलाओं और गांव की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। पोषण माह में साइकिल रैली, मेंहदी और रंगोली के माध्यम से जन जागरूक किया गया।

मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेतीं युवतियां।

त्योहारों को लेकर थानाध्यक्ष ने की पीस कमेटी की बैठक

पीस कमेटी के बैठक के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार : आगामी त्योहारों व नवरात्रि पूजन, दशहरे को लेकर थानाध्यक्ष ने सर्व समाज के साथ थाने पर बैठक आयोजित की। क्षेत्र के प्रधानों व संभ्रांत लोगों को अवगत कराया कि पुरानी परंपरा के तरह इस बार भी नवरात्रि व दशहरा मनाए। डीजे बिना अनुमति के न बजाए और किसी भी प्रकार की सड़क व यातायात बाधित न करें। वहीं, थाना अध्यक्ष ने कहा कि वहीं मूर्ति स्थापना से पहले परमीशन लेना आवश्यक हैं। वहीं, इस मौके पर क्षेत्र के प्रधान व गणमान्य लोग तथा पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

प्रमाण-पत्र देते जिला उपाध्यक्ष भवानी दीक्षित। अमृत विचार

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार : सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज में कला पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और मिशन प्रबोधन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवम् दीवार घड़ी आदि देकर सम्मानित किया गया। राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज उड़वा, राजकीय हाईस्कूल, पीढ़ी, राजकीय हाईस्कूल तेंदुआ, राजकीय इंटर कालेज जायस, मालिक मोहम्मद भारती इन्टर कालेज जायस, आदि के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निर्भय सिंह, सुनील श्रीवास्तव, बृजेन्द्र सरोज, राम आसरे वर्मा, अनुपम कुमार, राकेश कुमार, पवन कुमार, हरगोविंद, अक्षय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

विहिप की मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने की मांग

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार : करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में चर्बी मिलने का मुद्दा लगातार लोगों के आक्रोश का कारण बना हुआ है। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने अमेठी जिले के जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की और सभी मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। तिरुपति बालाजी मंदिर में कुछ दिन पहले मंदिर के प्रसाद में जांच के दौरान चर्बी और मछली का तेल मिला था जिसके बाद पूरे देश में इसे लेकर आक्रोश शुरू हो गया। शनिवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वावान पर विहिप के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता और सहसंयोजक अभिमन्यु उपाध्याय ने कहा कि यह हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है। प्रदर्शन के मौके पर जिला संयोजक भोलानाथ सोनी, जिला मंत्री राम रतन जायसवाल, विजय भान सिंह, उत्तम सिंह के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस पर सुनीं गई समस्याएं

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: थाना समाधान दिवस पर थाना संग्रामपुर में 12 शिकायत व कोतवाली अमेठी में 4 शिकायत आईं। मौके पर समाधान दिवस प्रभारी द्वारा कुछ शिकायतों का निस्तारण किया गया और बची हुई शिकायतों के लिए टीम गठित की गई।

अमेठी कोतवाली के प्रभारी व समाधान दिवस प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को थाना समाधान दिवस पर जो शिकायतें आई हैं इसमें तीन शिकायत भूमि विवाद से संबंधित थी और एक शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित थी। राजस्व निरीक्षक राजकुमार सिंह के सहयोग से भूमि विवाद का एक मामला मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के लिए टीम गठित की गई। थाना संग्रामपुर प्रभारी व समाधान दिवस प्रभारी ईश नारायण मिश्र ने बताया की 12 शिकायतें आईं। सभी भूमि विवाद से संबंधित थी। मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण के बाद की जाएगी। इस कार्यक्रम में लेखपाल ठेंगहा छोड़कर राजस्व निरीक्षक राजेश सिंह, लेखपाल आदर्श तिवारी, सहित सभी लेखपाल मौजूद रहे।

शुकुल बाजार में आईं 7 शिकायतें

शुकुल बाजार, अमेठी। अमृत विचार: थाना समाधान दिवस पर थाना शुकुल बाज़ार में 7 शिकायत राजस्व की आईं, जिसमें दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शुकुल बाज़ार के प्रभारी व कानूनगो सहित राजस्व लेखपाल समाधान दिवस प्रभारी दया शंकर मिश्र ने बताया कि शनिवार को थाना समाधान दिवस पर जो शिकायतें आई हैं। इसमें दो शिकायत भूमि विवाद से संबंधित थी। राजस्व निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह के सहयोग से भूमि विवाद का दो मामला मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के लिए टीम गठित की गई। दयाशंकर मिश्र ने बताया की सात शिकायतें आई। सभी भूमि विवाद से संबंधित थी।

लगातार बारिश से गिरे कई घर

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

अमृत विचार : थाना संग्रामपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात में कई कच्चे घर शुक्रवार की रात में गिर गए। उनमे में एक गाय भी दबाकर मर गई। पूरा मामला बीती रात कई कच्चे घर गिरे। इसमें बड़गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह का घर गिर गया, लेकिन घर में इनकी मां रेखा सिंह, भाई कुलदीप सिंह, पत्नी में केवल उनके भाई जो सीमेंट टीन सेड के नीचे सोया हुआ था। बाकी परिजन घर में नहीं मौजूद थे। घर इस प्रकार गिरा की सारा अनाज चारपाई घर गृहस्ती का सामान सभी उसी के नीचे दब गया। इसी प्रकार इसी गांव में एक दो घर और भी गिरे। सरैया बड़गांव निवासी अमरनाथ की गाय भी इसी प्रकोप में मर गई।

अमरनाथ ने बताया प्रतिदिन की बात बीती रात हमने अपने जानवरों के कच्चे सैड में बांधा था। रात्रि में हमारा कच्चा सैड गिर गया। इसके नीचे बंधी हमारी गाय दबकर मर गई। इसी प्रकार रेनू पत्नी रमेश ग्राम सभा गोरखापुर प्रियंका पत्नी संजय, कमलेश कुमारी पत्नी संतोष पूरे हरिवंश माजरे ठेंगहा का घर गिर गया, जिसके कारण इन सब का परिवार परेशान है। बड़ागांव के लेखपाल आदर्श तिवारी ने बताया ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई की हमारा घर गिर गया है। वहीं सरैया बड़गांव निवासी अमरनाथ में फोन पर बताया की हमारी एक गए बीती रात दीवाल गिरने से मर गई है। हम मौके पर पहुंच कर जानकारी लीये और अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी।

बरसात में ढह गया मकान।

निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: शिव प्रताप इंटर कॉलेज में शनिवार को निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह वोकल फार लोकल विषय पर संवाद व भाषण प्रतियोगिता और विकसित भारत 2047 पर निबंध और कला पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और कला के प्रति रूचि को प्रोत्साहित किया गया। इसमें इण्टरमीडियट के कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की शुरुआत अमेठी के उद्योग पति राजेश अग्रहरि ने दीप प्रज्जवलित करके की। इस अवसर पर शिव प्रताप इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक गिरिजा सिंह व प्रधानाचार्य नवल-किशोर सिंह ने मुख्य अतिथि व अमेठी के उद्योग पति राजेश अग्रहरि को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के गुण बताए। उन्होंने कहा कि कभी मैं अपना प्रोडेक्ट मशाला साइकिलों पर लेकर बेचता था। आज इसी मशालें की मांग अपने देश के कोने कोने से आ रही है। इसके अलावा विदेशी में भी अमेठी का बना हुआ मशाला बिक रहा है। प्रधानाचार्य एनके सिंह ने कहा कि बताया कि वोकल फार लोकल विषय पर संवाद, संभाषण, प्रतियोगिता और विकसित भारत 2047 पर निबंध एवं कला पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमेठी के उद्योग पति राजेश अग्रहरि द्वारा कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध चित्रकला, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता की गई, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

उद्योग पति राजेश अग्रहरि को सम्मानित करतीं गिरिजा सिंह।

दादरा संपर्क मार्ग ध्वस्त, लोग परेशान

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी

अमृत विचार: मुसाफिरखाना इसौली मार्ग स्थित लालगंज चौराहा से दादरा संपर्क मार्ग का हाल-बेहाल है। जिससे राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। स्थानीय विकास खंड में मुसाफिरखाना इसौली मार्ग स्थित लालगंज चौराहा से दादरा संपर्क मार्ग इन दिनों अव्यवस्था का शिकार है। सड़क पर दर्जनों जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। शुक्रवार को हल्की सी बरसात होने से सड़क पर गड्ढे में पानी भर गया है। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों से जिला प्रशासन और सरकार से सड़क का मरम्मत करने की मांग की हैं।

एक नजर

बोलेरो के धक्के से महिला घायल, भर्ती

मिर्जापुर। अहरौराडीह गांव मेंशनिवार सुबह एक बोलेरो की टक्कर सेएक महिला घायल हो गई। घायल महिलासोनी देवी, जो रोज सोनपुर प्लांट पर खाना बनानेका काम करती हैं, को अहरौरा सीएचसी मेंभर्ती करायागया।घाटमपुर पहाड़ी क्षेत्र के सोनपुर स्थित किसी प्लान्ट पर खाना बनानेका काम करती है, प्रतिदिन अपनेघरघाटमपुर पहाड़ी से सोनपुर प्लांट पर आती जाती है। वहीं का एक व्यक्ति उसको लेआता लेजाता है। सोनी शनिवार को बाइक सेसोनपुर जा रही थी, अहरौराडीह गांव के सामनेसोनभद्र सेवाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट मेंबाइक आगई और सड़क पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों नेघायल सोनी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा भेजवाया। बाइक सवार को हल्की चोट लगी, मौके से गायब हो गया।

पोस्टमार्टम हाउस के पास तीसरी जगह धंसी सड़क

प्रतापगढ़, अमृत विचार : बारिश के दौरान गायगाट गड़वारा रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास सड़क शुक्रवार को दो जगह धंस गई थी। सड़क किनारे और नीचे की मिट्टी बह जाने से सड़क पर बना गड्ढा दो पहिया सहित सभी वाहनों के लिए भी खतरनाक है। इन गड्ढों को अभी भरा भी नहीं गया था कि शनिवार को और बड़ा गड्ढा हो या। एक गड्ढे को ईंट, लकड़ी व बोरी आदि से घेर दिया गया है ताकि वह दूर से दिख सके, लेकिन अन्य गड्ढे वैसे ही पड़े हैं। आस पास के लोगों का कहना है कि यदि जल्द इनकी मरम्मत न हुई तो अनहोनी हो सकती है।

जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत

लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : सांगीपुर थाना क्षेत्र के मिश्रन का पुरवा भोजपुर गांव की विजय कुमार मिश्र की 55 वर्षीय पत्नी राज कुमारी मिश्रा शुक्रवार रात खाना खाने के बाद कमरे में सो रही थी। रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे राजकुमारी को तीन जगह पर किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। थोड़ी देर बाद जब आंख खुली तो चक्कर आ रहा था। परिजनों को जानकारी होते ही सीएचसी लालगंज ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। महिला की मौत से परिजन बिलखते रहे।

पैर फिसलने से झील में गिरा वृद्ध, डूबने से मौत

लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : नेशनल हाइवे किनारे स्थित रायपुर झील में पैर फिसलने से वृद्ध की पानी में समा जाने से मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर गांव निवासी विनई सरोज 65 पुत्र द्वारिका शनिवार को शाम करीब पांच बजे गांव के समीप झील किनारे टहलने गया था। अचानक उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने से झील में गिरा वृद्ध उठ नही सका। पानी में समा जाने से उसकी सांसे थम गयी। सूचना मिलने पर परिजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गड्ढे के पानी में उतराता मिला वृद्धा का शव

मिर्जापुर। मठना गांव में 65 वर्षीय इसरावती की गढ़डे में डूबने से मौत हो गई। वह रात में भोजन के बाद घर के पीछे गई थी, जहां पैर फिसलने से वह गड्ढे में गिर गई। सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पानी में देखा। वृद्धा का शव पानी में उतराया मिला। मौत की सूचना पर परिजन रो रो कर बेहाल हैं। वृद्धा रात्रि में भोजन करने के बाद इसरावती घर के पीछे गई थी, पैर फिसल जाने से खेत से मिट्टी निकले हुये गढ़डे में डूब गई। रात में परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद भी वृद्धा का कहीं आता पता नहीं चला, सुबह पानी में वृद्धा का शव उतराया ग्रामीणों ने देखा और आनन फानन में शव को बाहर निकाल कर पुलिस को परिजनों ने सूचना दिया।

पुलिस लाइन में करंट की चपेट में आया सिपाही, मौत

परिसर में बिजली गिरने से फुंका डायल 112 और फायर ब्रिगेड का कंट्रोल रूम

प्रतापगढ़, अमृत विचार : टूट कर गिरे बिजली के तार के करंट की चपेट में आने से पुलिस लाइन में सिपाही की मौत हो गई। एसपी समेत पुलिस अधिकारियों ने सिपाही की अर्थी को नम आंखों से कंधा दिया। वहीं आकाशीय बिजली से डायल 112 और फायर ब्रिगेड का कंट्रोल रूम फुंक गया।

शिवम कनौजिया (फाइल फोटो)।

पुलिस लाइन परिसर में शुक्रवार रात में हवा व बरसात के कारण बिजली की लाइन का एक तार टूटकर गिरा था। रात करीब 10 बजे कमरे से बाहर निकलकर 28 वर्षीय सिपाही शिवम कनौजिया कहीं जा रहे थे। इस दौरान वह महिला थाने के पास गिरे तार से छू जाने से गिर पड़े। काफी देर वहीं पड़े रहने के बाद सिपाहियों ने उसे देखा तो तत्काल राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसपी डा. अनिल कुमार भी अस्पताल पहुंचे। परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिवार के लोग आए। सिपाही 2016 बैच का था। उसके पिता लल्ला प्रसाद व मां दोनों का निधन हो चुका है। छोटा भाई घर पर नहीं था। सिपाही की अभी शादी नहीं हुई थी। एसपी कार्यालय के अकाउंट सेक्शन में तैनाती थी। शिवम के भांजे, भांजी ही पुलिस लाइन के शहीद स्मारक पहुंचे। साथियों ने पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसपी डा. अनिल कुमार समेत पुलिस अधिकारियों ने सिपाही की अर्थी को नम आंखों से कंधा दिया। दूसरी ओर उसी रात आकाशीय बिजली गिरने से पुलिस लाइन परिसर में डायल 112 और फायरब्रिगेड का कंट्रोलरूम जल गया। इससे पूरे दिन व्यवस्था बाधित रही। शनिवार देर शाम तक मरम्मत का कार्य चलता रहा।

सिपाही की अर्थी को कंधा देते एसपी डॉ. अनिल कुमार व अन्य पुलिसकर्मी। अमृत विचार

मछली पकड़ने गया ट्रक चालक नाले में डूबा

रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : मुंबई से तीन दिन पूर्व घर आया ट्रक चालक शनिवार सुबह दोस्तों के साथ नाले में मछली पकड़ने चला गया। वह नाले में उतरा और तेज बहाव के कारण डूब गया। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका।

रानीगंज थाना क्षेत्र के मैनहा (जरियारी) गांव निवासी 28 वर्षीय अरबाज अली पुत्र अंसार अली मुंबई में ट्रक चलाता था। तीन दिन पूर्व वह मुंबई से घर आया था। शनिवार सुबह करीब गांव के मो. एजाज, मो. शमशाद, मुलायम यादव, सोनू सरोज, अरबाज अली के साथ करीब की ग्राम पंचायत इमलीडांड़ के सेधौआ नाले में जाल डालकर मछली पकड़ने गया था। नाले में पानी का तेज बहाव होने के कारण मछली नहीं पकड़ सके और सभी साथी नाले के किनारे बैठ गए। इस दौरान अरबाज अली नाले के चेक डैम में नहाने के लिए कूद गया। नहाते समय नाले में तेज बहाव में वह बह गया। सभी साथी दौड़े लेकिन तब तक वह पानी में डूब चुका था।

▸▸ देर शाम तक नहीं मिली युवक की लोकेशन, परिजन बेहाल

अरबाज अली (फाइल फोटो)।

साथियों के चीखने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी जामताली हरिमोहन राजपूत के साथ रानीगंज फायर यूनिट भी पहुंची। ग्रामीण रस्सी के सहारे नाले के तेज बहाव के गहरे पानी में घुसकर सुबह से शाम तक खोजबीन करते रहे लेकिन अरबाज का पता नहीं चल सका। युवक के डूबने के बाद परिजन रो-रो कर बेहाल हैं।

समाधान दिवस पर लेखपाल नदारद, भड़के ज्वाइंट कमिश्नर

नैनी, अमृत विचार: समाधान दिवस पर संयुक्त पुलिस कमिश्नर एन कोलांची शनिवार को नैनी थाने पहुंचे। उन्होंने फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर पुलिसकर्मियों और राजस्वकर्मियों को तत्काल निस्तारण के आदेश दिए।

कई लेखपालों के अनुस्थित रहने पर जेसीपी ने नाराजगी जताई और राजस्व निरीक्षक से अगले समाधान दिवस से लेखपालों से उपस्थित पंजिका में साइन करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा समाधान दिवस को लेकर माननीय मुख्यमंत्री की तरफ से आदेश है इसमें कोई हिला हवाली नही होनी चाहिए। शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी असंतोष जताया। उन्होंने शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किए जाने और निस्तारित करने के आदेश दिए।

समाधान दिवस पर अधिकतर मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। जिसे लेकर जेसीपी ने पुलिस और राजस्व की टीम बनाकर मौके पर जाने के और उचित कार्यवाई करने का आदेश दिया।

जनसुनवाई करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

इस अवसर पर जेसीपी एन कोलांची ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को लगने वाले समाधान दिवस में रोस्टर के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी थाने पर पहुंच कर जनता की शिकायतों का निस्तारण करेंगे। लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्यवाई ले जायेगी। जानकारी के अनुसार थाने में कुल 17 प्रार्थनापत्र आए थे। जो राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित थे जिसके नितरण के लिए आदेश दिया गया है।

भाजपा सरकार में सभी परेशानः किरणपाल

जनसभा को संबोधित करते सपा नेता। अमृत विचार

मिर्जापुर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं विधान परिषद के सचेतक व लोक लेखा समिति के सदस्य एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, छात्र, व्यापारी, अध्यापक, नौजवान सभी परेशान है।

श्री कश्यप ने अघौली व मुलवां गांव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि विधानसभा उपचुनाव की जब भी घोषणा होगी जीत समाजवादी पार्टी की होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बेईमानी करके लोकसभा चुनाव जीता है। जनता आने वाले चुनाव में इनको बदलकर ही दम लेगी। कहा कि जो भी समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी होगा उसे जिताने का काम करें। सरकार के दिन लद चुके है। क्षेत्र की जनता आने वाले चुनाव में इन्हे उखाड़ फेकेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कहा कि अखिलेश यादव जी जो भी प्रत्याशी तय करेंगे उसे जिताने का काम आप लोग करेंगे।

इस सरकार में चारों तरफ हत्या, लूटपाट की घटनायें बढ़ी है। महंगाई के कारण जनता की कमर टूट गई है। इस दौरान सभा में सम्बोधित करने वालों में दामोदर प्रसाद मौर्य, रोहित शुक्ला 'लल्लू', रामगोपाल बिन्द, रामजी बिन्द, झल्लू यादव, संतोष गोयल, दीपक बिन्द, अविनाश बिन्द आदि मौजूद रहे।

106 टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित

जौनपुर : जनपद की संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के द्वारा संस्था मुख्यालय पर संस्था द्वारा गोद लिए गए टीबी रोगियों को जागरूक करके उन्हें पोषाहार वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉक्टर एमपी सिंह आरटीपीएमयू वाराणसी ने दीप प्रज्वलं कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया संस्था प्रमुख डॉक्टर अंजु सिंह के द्वारा उन्हें बुके और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया उन्होंने उपस्थित सभी मरीजों को व्यक्तिगत स्वच्छता आसपास की स्वच्छता और मन की स्वच्छता की स्वच्छता के लिए सतत प्रयास करते रहने की सलाह दी साथ ही पौष्टिक भोजन एवं नियमित जांच तथा दवा का पूरा कोर्स करना ही टीबी को दूर करने का एकमात्र तरीका है उन्होंने न केवल टीबी अपितु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी प्रकाश डाला सरकार की द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी बताया संस्था प्रमुख डॉक्टर रानी अंजू सिंह के द्वारा के किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों से मैं लगातार संस्था की कार्यों को देखते आ रहा हूं।

बिजली गिरने से महिला की मौत, बेटा गंभीर

महराजगंज, जौनपुर, अमृत विचार। महराजगंज के सवंसा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई और उसका पुत्र घायल हो गया। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए थाने पर लाया गया और घायल पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सवसा गांव के अशोक सरोज की पत्नी गीता सरोज (42) कच्ची दीवार से बने छप्पर के घर में सो रही थी। वहीं बगल में उसका बेटा भी दूसरी चारपाई पर सो रहा था। इस दौरान गरज-चमक के साथ हो रही बारिश के बीच गीता देवी के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पास में मौजूद चारपाई पर सो रहा बेटा लवकुश (20) बुरी तरह झुलस गया। मौके पर राजस्व टीम में तहसीलदार राकेश कुमार, लेखपाल अरविन्द यादव व थानाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय मयटीम पहुंचे जहां कानूनी कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे प्रशानिक टीम व प्रधानपति लवकुश सिंह ने हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बता दें कि गरीबी के चलते अशोक अपने दोनों बड़े बेटे आशीष (24) व राहुल (22) के साथ रोजी—रोटी के सिलसिले में दिल्ली कमाने गये थे। परिवार में गीता व लवकुश के साथ रह रही बेटी अंतिमा (18) घटना से हतप्रभ है।

गीता (फाइल फोटो)

बिजली गिरने से मवेशी चरा रहे वृद्ध की मौत

बरसठी के दो ग्राम पंचायतों में शनिवार की शाम तेज गरज-चमक के साथ हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 70 वर्षीय वृद्ध की झुलसकर मौत हो गई। हरद्वारी गांव निवासी सूर्यबली पाल घर से कुछ दूर बसूही नदी के किनारे मवेशी चरा रहा था। इस दौरान एकाएक मौसम बिगड़ गया और तेज गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश होने लगी। बताया जा रहा कि सूर्यबली भीगने से बचने के लिए नदी के तट स्थित एक मंदिर के पास जाकर खड़ा हो गया। इसी दौरान बिजली मंदिर पर जा गिरी जिससे मंदिर के नीचे खड़े सूर्यबली पाल बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

आयोजन बीडीओ मानधाता श्रुति शर्मा ने पर्वतपुर में अभिभावकों से की अपील, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह बबऊ ने 64 मेधावी छात्राओं को भेंट की साइकिल

बेहतर व सुनहरे भविष्य के लिए बेटियों को शिक्षित करें अभिभावक

पर्वतपुर गांव में साइकिल पाने के बाद खुशी जतातीं छात्राएं। अमृत विचार

प्रतापगढ़, अमृत विचार : मानधाता ब्लॉक के पर्वतपुर गांव में शनिवार को विभिन्न गांवों की मेधावी एवं जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ मानधाता श्रुति शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आधी आबादी को सामाजिक रूप से बराबरी का अवसर मिलना चाहिए। इससे समाज में और मजबूती आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बहुत सी बच्चियों को उच्च शिक्षा नहीं दी जाती है। माता-पिता को चाहिए कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, ताकि उनके बेहतर व सुनहरे भविष्य की स्थापना की जा सके। कहा कि बेटियों के शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अभिभावकों को भी प्रेरित करने की जरूरत है। आयोजक ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह बबऊ ने कहा कि अभाव से जूझ रही लड़कियों को अपने पैर पर खड़ा करने का अवसर मिलना चाहिए। इस बदलाव के लिए अभिभावकों को बेटियों की पढ़ाई को लेकर गंभीर रहना होगा। इसी मंशा के साथ यह कार्य विगत पांच वर्षों से कर रहा हूँ। लड़कियों को शिक्षित बनाने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। संचालक जिला सहकारी बैंक गीता सिंह, आकांक्षा सिंह एवं महिलाओं ने बीडीओ का स्वागत किया।

एडिशनल असिस्टेंट डायरेक्टर जीएसटी इंटेलिजेंस मुम्बई धनंजय सिंह एवं एआरओ खाद्य एवं रशद विभाग प्रीति सिंह ने पुष्प वर्षा कर छात्राओं का अभिनन्दन किया। संयोजन अखिलेश प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, सुभाष सिंह ने किया। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य लालता प्रसाद पांडेय एवं संचालन दिवाकर सिंह ने किया। इस दौरान सूर्यबली मिश्र, हरिकेश सिंह, हरिहर सिंह, शिव शंकर बौद्ध, ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, सतीश यादव, इमामुद्दीन, अनिल सिंह बब्बू, कमल सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

लापरवाही पर दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

मिर्जापुर। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने कार्य में लापरवाही बरतने पर एक उप निरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी और एक आरक्षी को निलंबित कर दिया। निलंबित करने के साथ विभागीय जांच का आदेश दिया। देहात कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक लल्लू राम पाल द्वारा दिये गये कार्य को समय से पूर्ण न करने और मामले की जांच के लिए भेजे जाने पर समय से वहां पर उपस्थित न होने आदि की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया। कटरा कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौकी में तैनात मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार सिंह, पुलिस चौकी नटवां मुख्य आरक्षी चंदन सिंह व आरक्षी अजय मौर्या के खिलाफ भी शिकायत पुलिस अधीक्षक को मिली। कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने इन तीन लोगों को भी निलंबित कर दिया तथा विभागीय जांच का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी नागरिक पुलिस को अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता व लापरवाही बरतने से संबंधित गंभीर आरोपों के संज्ञान में आने पर निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया है।

समाधान दिवस पर पड़े 13 मामले नहीं हुए निस्तारित

फरियादियों की समस्याओं को सुनते तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह। अमृत विचार

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज तरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुए थाना समाधान दिवस पर कुल 13 मामले पड़े मौके पर किसी भी मानले का निस्तारण नहीं हो सका मामले के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व व पुलिस टीम को प्रार्थना पत्र दे दिया गया है सुबह से ही फरियादियों की भीड़ जुटी रही तहसीलदार लगभग 1 बजे थाने पर पहुचे तब जाकर फरियादियो की समस्याओं की सुनवाई शुरू हो सही तहसीलदार लालगंज तरुण प्रताप सिंह ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें जिससे फरियादियों को अनावश्यक थाना तहसील का चक्कर ना लगाना पड़े प्रार्थना पत्र के निस्तारण मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी समन्धित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा इस दौरान राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चैबे, प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल, उप निरीक्षक शैलेश यादव, अच्छे लाल, अरविन्द कुमार, लेखपाल ध्रुव राज यादव, अमिताभ यादव, कृष्ण चंद मिश्रा, पंकज पटेल आदि मौजूद रहे।

डांडिया उत्सव के साथ ब्यूटी पार्लर कार्यशाला का समापन

सखियों ने प्रशिक्षुओं के साथ डांडिया उत्सव मनाया। अमृत विचार

जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने नगर के मरदानपुर स्थित कार्यालय पर आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फेमिना मेकअप स्टूडियो के सौजन्य से विगत माह से आरम्भ एडवांस ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजन किया, जिसमें 30 ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षित युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष सिंह, संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रियंका श्रीवास्तव (साल्वेशन हॉस्पिटल) श्रीमती निशा सिंह, प्रशिक्षिका अनामिका ठाकुर, सहकार भारती के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू, स्वयंसेवक नारायण दास, सरला महेश्वरी एवं समस्त सखी वेलफेयर टीम ने मां भगवती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया, तत्पश्चात रंगीले निषाद ने विश्व कल्याण की कामना से ध्येय गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सखी वेलफेयर फाउंडेशन टीम ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रशिक्षुओं के साथ डांडिया उत्सव का आनंद उठाया।

ग्लैमरस फेंस ऑफ इंडिया प्रतियोगिता जौनपुर में आज

जौनपुर : एकता ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले 29 सितंबर को त्रिलोचन के पास वाराणसी हाइवे रोड पर पेट्रोल पंप के बगल में अदा अबोध होटल जौनपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसके संबंध में शुक्रवार को रेड चिली रेस्टोरेंट, में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी प्रेस कॉन्फेंस के दौरान शो ऑर्गेनाइजर इंटरनेशनल मॉडलिंग मे विनर, एकता तिवारी ने बताया इस शो के माध्यम से वो सभी को एक प्लेटफार्म देना चाहती हैं। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 40 फाइनल लिस्ट हुए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने सभी मीडिया वालों का आभार व्यक्त किया और मुख्य अतिथि के तौर पर शो में माना सिंह मिस फेमिना आ रही हैं एसडीएम सर भी आएंगे। इस शो में वही जीतेगा जो मेहनत करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके पति प्रशांत तिवारी मौजूद रहे और उनकी टी मेंबर पूजा सैनी प्रियंका श्रीवास्तव आयुराज मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम कि जानकारी समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी ने दिया।

तीन दिन के अन्दर निस्तारित करें वाद : डीएम

जनशिकायतों की सुनवाई करते डीएम। अमृत विचार

जौनपुर। जनशिकायतों की सुनवाई के दौरान ग्राम सडेरी परगना रारी थाना बक्शा निवासी कृपाशंकर यादव पुत्र स्व. इन्द्रबली यादव शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के समक्ष प्रस्तुत हुये। उन्होंने बताया कि उनके पिता जी की मृत्यु 24 दिसम्बर 2019 को हुई है लेकिन चकबन्दी विभाग के अधिकारियों द्वारा वरासत में नाम दर्ज नहीं किया गया है जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा कृपाशंकर यादव का नाम वरासत में दर्ज कराते हुए जनसुनवाई कक्ष में उन्हें खतौनी प्रदान की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से विगत 12 दिनों में इससे संबंधित करीब 2500 से भी अधिक मामले पंजीकृत कराते हुए इन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने चकबन्दी अधिकारी और एसओसी चकबन्दी को निर्देशित किया कि जितने भी गांव चकबन्दी प्रक्रिया के अधीन है, उसमें जितने भी लम्बित वाद है। 3 दिन के भीतर निस्तारित करें और 3 दिन के बाद भी यदि पुराने वाद लम्बित पाये जाते हैं तो संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

मंदिरों में चढ़ने वाले प्रसाद में अपवित्रता बर्दाश्त नहीं: विहिप

जौनपुर। तिरूपति बालाजी मंदिर में वितरित होने वाले महाप्रसाद में आस्थावान हिंदुओं की बहुत श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस महाप्रसाद को बनाने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यन्त दुखद और हृदय विदारक समाचार आ रहे हैं। इस पवित्र तीर्थ का संचालन आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड द्वारा होता है। वहां केवल महाप्रसाद बनाने के मामले में ही हिन्दू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया। इस आशय से विश्व हिन्दू परिषद समस्त हिन्दू समाज के साथ शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये सरकार तक अपनी बात रखा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष उदयराज सिंह, मंत्री समर बहदुर सिंह, विभाग संयोजक बजरंग दल आशुतोष, जिलाध्यक्ष विमल सिंहसहित तमाम लोग मौजूद रहे।

एक नजर

शिवपुरी में गड्ढे के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर तीन चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम निबोदा में दोपहर में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से नीरज (8), संजय (6) और वीरु बंजारा (4) की मौत हो गई। यह बच्चे दोपहर स्कूल से पढ़कर लौट रहे थे।

बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ा, हालात चिंताजनक

पटना। बिहार में वाल्मीकि नगर एवं बीरपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट गहराने से गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा एवं अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बाढ़ से प्रदेश के 13 जिलों की 1.41 लाख आबादी प्रभावित हुई है। राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल ने बताया कि शनिवार अपराह्न दो बजे तक कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से 5.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 56 वर्षों में सबसे अधिक है।

सोशल मीडिया पोस्ट पर झड़प के बाद नौ हिरासत में

भुवनेश्वर/भद्रक। ओडिशा सरकार ने आपत्तिजनक पोस्ट पर प्रदर्शन के दौरान लोगों के समूह द्वारा पुलिस पर पथराव करने के बाद भद्रक जिले में इंटरनेट सेवा शनिवार को दो दिन के लिए बंद कर दी। लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट के आरोप में युवक की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस की कार्रवाई में देर पर शुक्रवार को रैली निकाली थी। पुलिस ने रैली रोका तो लोगों ने पथराव किया जिसमें एसपी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और भद्रक तहसीलदार का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पुलिस ने मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया।

हिमाचल में बारिश से 27 सड़कें अवरुद्ध

शिमला। हिमाचल में बारिश से 27 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कहीं कहीं बारिश हुई। नैना देवी में 84.2 मिमी, रायपुर मैदान में 51.2 मिमी, ओलिंडा में 28.6 मिमी और ऊना में 23.4 मिमी में बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार कांगड़ा में 10 सड़कें, मंडी और सिरमौर में सात-सात, कुल्लू में दो और शिमला में एक सड़क पर यातायात बंद है।

पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने से कोर्ट का इनकार

पोर्ट ब्लेयर। कलकत्ता हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने के सरकार के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कहा कि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। केंद्र ने 13 सितंबर को इसका नाम श्री विजयपुरम कर दिया था।

बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को घेरा, सवाल किया- क्या 2023-24 में बेरोज़गारी दर 10.2% नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रम बल सर्वेक्षण का डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने युवाओं में बेरोजगारी के भयावह स्तर को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी दर 10.2 प्रतिशत नहीं रही। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस के ताज़ा आंकड़ों को अगर बारीक़ी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं रही? रंगबिरंगे नारे देने और फ़ोटोबाज़ी करने के बजाय मोदी जी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया?

खरगे ने यह सवाल भी किया कि विनिर्माण क्षेत्र पर रोज़ाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले 7 वर्षों में रोज़गार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है तथा ये आंकड़ा 15.85% (2017-18) से लुढ़कर मात्र 11.4% (2023-24) कैसे रह गया? उन्होंने कहा कि मोदी, याद रखिए भारत का एक-एक युवा जिसके रोज़गार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

हरियाणा में 'दर्द के दशक' का अंत करेंगे: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार राज्य में दर्द के दशक का अंत करेगी। कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें किसानों के कल्याण के लिए आयोग के गठन, शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए 2 करोड़ रुपये, रोजगार सृजन समेत कई वादे हैं। राहुल गांधी ने एक्स कहा कि भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली। अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोज़गारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने काले कानून ला कर किसानों का हक तक छीन लेने का प्रयास किया, तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया।

वाईएसआरसीपी के नेताओं ने अनुष्ठान कर किया प्रायश्चित

लड्डू विवाद

अमरावती। वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षमायाचना अनुष्ठान किया और कहा कि इसके जरिए उन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए पाप का प्रायश्चित किया। नायडू ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में आरोप लगाया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। इन आरोपों से हिंदू भावनाएं आहत हुईं और देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं।

चुराचांदपुर व कांगपोकपी में बंदी, जिरीबाम में फिर हिंसा

इंफाल, एजेंसी

- दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक रहेगा जारी

मणिपुर के चुराचांदपुर व कांगपोकपी जिलों में कुकी-जो समूहों के बंद के आह्वान से शनिवार को जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं जिरीबाम के गांव से हिंसा की खबर भी है।

अधिकारियों ने बताया कि बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक जारी रहेगा। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के बयान के विरोध में इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन सहित कुकी-जो समूहों ने बंद का आह्वान किया है। सुरक्षा सलाहकार ने 20 सितंबर को दावा किया था कि सुरक्षा बलों ने ऐसी रिपोर्ट के मद्देनजर कई कदम उठाए हैं कि उग्रवादी इंफाल के बाहरी गांवों में हिंसा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इस दावे पर कहा था कि सशस्त्र समूहों द्वारा दुस्साहस की आशंका न्यूनतम और निराधार है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के गांव में हथियारबंद लोगों ने पहाड़ियों और आसपास के जंगलों से मोंगबुंग गांव पर गोलीबारी की, जिस स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की।

गोला-बारूद बरामद

इंफाल। तीन जिलों में सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने कांगपोकपी जिले के लोइचिंग क्षेत्र से दो .303 राइफल, एक 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन, कारतूस, चार हथगोले, दो डेटोनेटर और एक देसी मोर्टार और एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार जब्त किया है।

भाजपा ने विकास के नए आयाम किए स्थापित

फरीदाबाद, एजेंसी

- फरीदाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हरियाणा विस चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिए फरीदाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल पहले राज्य में कांग्रेस के शासन के दौरान खनन, वन और भू माफिया सक्रिय थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए।

योगी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा स्थित डबुआ मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि देश के विभाजन और आतंकवाद की जिम्मेदार कांग्रेस है। योगी ने अतीत में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में रुकावटें पैदा करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रामलला की जन्मभूमि के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाइयां लड़ी। लाखों हिंदू, सिखों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए बलिदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने विवाद खड़ा करवाकर राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस जिस विवाद का समाधान 65 साल में नहीं करवा पाई, उसे प्रधानमंत्री ने समाप्त कर दिया।

योगी ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवा पाती? उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभाजन से लेकर आतंकवाद की समस्या तक जितनी भी समस्याएं हैं, वह कांग्रेस ने ही दी है। योगी ने कांग्रेस पर योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कि भाजपा का मतलब बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करना है।

बंगाल : अस्पताल में मारपीट डॉक्टरों-नर्सों ने किया प्रदर्शन

कोलकाता। प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के सरकारी सागर दत्ता अस्पताल में मरीज के परिजनों द्वारा कर्मचारियों पर किए हमले के खिलाफ कनिष्ठ चिकित्सकों एवं नर्स ने काम बंद करो प्रदर्शन जारी रखा। कोलकाता के निकट कमरहाटी स्थित अस्पताल में मरीज की मौत पर उसके परिजनों द्वारा कर्मचारियों की पिटाई के खिलाफ कनिष्ठ चिकित्सकों एवं नर्स ने शुक्रवार देर रात काम बंद करो प्रदर्शन शुरू किया था।

कनिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि घटना में तीन जूनियर डॉक्टर, तीन नर्स और स्वास्थ्यकर्मी घायल हो गए थे। हादसे के बाद कनिष्ठ चिकित्सकों और नर्स ने सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अधेड़ उम्र की महिला को सांस लेने में समस्या थी और उसकी हालत नाजुक थी। उसे ऑक्सीजन देने की कोशिश की लेकिन देर हो चुकी थी जिससे उसकी मौत हो गयी।

रिचार्ज के पैसे न देने पर की पिता की हत्या

जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में मोबाइल रिचार्ज के लिए पैसे न देने पर पुत्र ने कुल्हाड़ी के पासा से पिता पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई सौतेली मां को भी पीटा। हमले से घायल पिता की मौत हो गई। आरोपी को हिरासत मे लिया है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के छुरीपहरी गांव में सैनाथ तिर्की बेटे रंजित और दूसरी पत्नी सुमाती के साथ रहता था। रंजित ने मजदूरी कर पैसे कमाए थे और पिता को रखने के लिए दिया था। बेटे ने रिचार्ज के लिए पिता से रुपये मांगे। पैसे न होने पर दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद घटना घटी।

एमसीडी की असंवैधानिक चुनाव के खिलाफ जाएंगे कोर्ट : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर शनिवार को लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया और दावा किया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। आतिशी ने कहा कि आप शुक्रवार को हुए चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आतिशी ने भाजपा को एमसीडी को भंग कराने और यह देखने के लिए चुनावों में आप का मुकाबला करने की चुनौती दी कि लोग नगर निगम में किस पार्टी को चाहते हैं।

न्याय प्रणाली दिव्यांग बच्चों की कमजोरियों पर दे ध्यान : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाल संरक्षण पर हितधारक परामर्श में सीजेआई ने रखे विचार

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि थानों से लेकर अदालतों तक न्याय प्रणाली दिव्यांग बच्चों की कमजोरियों को समझे और उन पर कार्रवाई करे। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दिव्यांगों के सामने आने वाली चुनौतियां भौतिक पहुंच के मुद्दों से कहीं अधिक हैं और उन्हें उन सामाजिक पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों तथा गलत धारणाओं से भी निपटना होगा जो जीवन के हर पहलू में व्याप्त हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि थानों से लेकर अदालतों तक की न्याय प्रणाली इनकी कमजोरियों को समझे और उन पर कार्रवाई करे।

झारखंड में आजसू, जदयू के साथ चुनाव लड़ेगी भाजपा : हिमंत

रांची। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को घोषणा की कि भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) और जनता दल (यूनाइटेड) के साथ मिलकर लड़ेगी। भाजपा के झारखंड चुनाव के सह-प्रभारी सरमा ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का समझौता अंतिम चरण में है।

- सरमा ने कहा- सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर बनी सहमति

उन्होंने रांची में कहा कि भाजपा, आजसू और जदयू के साथ मिलकर झारखंड चुनाव लड़ेगी। सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर सहमति बनी है। बाकी की एक या दो सीट के लिए बातचीत की जा रही है और इन पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा।

वक्फ बोर्ड समाप्त करने को लेकर रैली

हमीरपुर (हिप्र)। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में शनिवार को सैंकड़ों लोगों ने देवभूमि संघर्ष समिति के तत्वाधान में रैली निकाली तथा वक्फ बोर्ड को समाप्त करने एवं राज्य में प्रवासियों के पहचान संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन की मांग की। इस संगठन ने विभिन्न मुद्दों पर राज्यव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था। देवभूमि संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं बजरंग दल के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा की अगुवाई में जुलुस निकाला गया जिसमें कई लोगों ने हिस्सा लिया।

क्या राहुल सिद्धरमैया के साथ : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- मामले ने कांग्रेस के भ्रष्ट चेहरे को किया बेनकाब

भाजपा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार समेत कई आपराधिक आरोपों पर मामला दर्ज होने से कांग्रेस का पर्दाफाश हो गया है। प्राथमिकी अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुयी।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह विरला मामला है जब किसी मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार का आरोपी बनाया गया है और इसने कांग्रेस के भ्रष्ट चेहरे को बेनकाब कर दिया है। सिद्धरमैया मामले में आरोपी नंबर एक हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह आरोपी मुख्यमंत्री के साथ हैं।

मुडा मामला: हाईकोर्ट में याचिका

बेंगलुरु। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला में स्नेहमयी कृष्णा के अधिवक्ता वसंत कुमार ने बताया कि सीबीआई जांच की मांग को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका एक विशेष न्यायालय के उस आदेश के बाद दायर हुई है, जिसमें लोकायुक्त को सिद्धारमैया द्वारा पत्नी पार्वती को 56 करोड़ की 14 साइटों के आवंटन में शामिल अनियमितताओं की जांच करने तथा तीन महीने के रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।

कारोबार/कृषि

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	77,950
सोना रवा	77,800
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	92,100
चांदी (999)	92,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात शुल्क 490 डॉलर प्रति टन निर्धारित

2023 में निर्यात पर लगा प्रतिबंध सरकार ने हटाया, निर्यात शुल्क से दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए सफेद चावल के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

सरकार ने शनिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे पूर्ण प्रतिबंध को हटा दिया। इसके साथ इस पर 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम मूल्य तय किया और इसे निर्यात शुल्क से भी छूट दे दी है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई, 2023 से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूर्ण रूप से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) के लिए निर्यात नीति को प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है, जो अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी (न्यूनतम निर्यात मूल्य) के अधीन है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है कि जब देश में सरकारी गोदामों में चावल का पर्याप्त भंडार है और खुदरा कीमतें नियंत्रण में हैं। सरकार ने सफेद चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी है, जबकि उसना चावल पर शुल्क घटाकर 10% किया है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले राजस्व विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने ब्राउन राइस और धान पर निर्यात शुल्क घटाकर 10% किया है।

फिर से काम कर सकेंगी 500-600 मिलें : उद्योग

कोलकाता। प. बंगाल के चावल उद्योग ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। बंगाल राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में 500-600 चावल मिलों को फिर से खोलने में मदद मिलने की उम्मीद है। ये मिलें निर्यात प्रतिबंधों के बाद मांग में कमी से बंद हैं।

भारतीय सूचकांकों की समीक्षा, निवेश और जोखिम

भारतीय सूचकांक जैसे निफ्टी 50 और सेंसेक्स निवेशकों के लिए बाजार का महत्वपूर्ण संकेतक हैं। इन सूचकांकों की नियमित समीक्षा करना जरूरी है, जिससे आप बाजार की प्रवृत्तियों और मौसमी प्रभावों को समझ सकें। निवेश के लिए विभिन्न विकल्प जैसे इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ उपलब्ध हैं, जो जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, निवेश के साथ जोखिम भी आता है, जैसे मार्केट रिस्क और सेक्टर संबंधी जोखिम। इसलिए, सूचकांकों का गहन अध्ययन और समझदारी से निवेश निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। इस पर जरा गौर किया जाए...

भारतीय सूचकांक

निफ्टी 50 : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक, जिसमें 50 प्रमुख कंपनियां हैं। यह इक्विटी बाजार के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

सेंसेक्स : बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक, जिसमें 30 प्रमुख कंपनियां हैं। शेयर बाजार के प्रदर्शन को मापने के लिए यह व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करना।

निफ्टी बैंक : बैंकिंग क्षेत्र की 12 प्रमुख कंपनियों का सूचकांक। बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मापन करने में सहायक है।

निफ्टी आईटी : सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों का सूचकांक। जो आईटी क्षेत्र की स्थिति और विकास को दर्शाने में अपनी भूमिका निभाती है।

निफ्टी मिडकैप 50 : मिड कैप कंपनियों का सूचकांक, जिसमें 50 कंपनियां हैं। इसका कार्य मिड कैप क्षेत्र के प्रदर्शन को मापना।

निफ्टी नेक्स्ट 50 : निफ्टी 50 के बाद की 50 कंपनियों का सूचकांक। जो उभरती हुई कंपनियों के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करती है।

समीक्षा

विश्लेषण : सूचकांकों के पिछले प्रदर्शन का अध्ययन करें, जैसे कि वृद्धि, गिरावट, और वोलैटिलिटी। ये आपको समझने में मदद करेगा कि बाजार कहा जा रहा है।

मौसमी रुझान : कई समयावधियों में सूचकांकों का आकलन करें। इससे मौसमी प्रभावों को पहचान सकेंगे।

सामाजिक-आर्थिक कारक : आर्थिक नीतियों, वैश्विक घटनाओं, और सामाजिक कारकों का प्रभाव भी सूचकांकों पर पड़ता है।

निवेश

इंडेक्स फंड्स : इन फंड्स में निवेश करने से आप सीधे सूचकांक का हिस्सा बन जाते हैं और ये जोखिम कम करता है।

ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स) : ये फंड भी सूचकांकों का अनुसरण करते हैं, और आपको शेयर बाजार में ट्रेड करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

स्वतंत्र शेयर निवेश : यदि आप किसी विशेष कंपनी के बारे में आश्वस्त हैं, तो आप सीधे उसके शेयरों में निवेश कर सकते हैं।

जोखिम

मार्केट रिस्क : सूचकांकों के गिरने पर निवेश की कीमत भी गिरती है। यह बाजार उतार-चढ़ाव का परिणाम है।

संपत्ति वर्ग जोखिम : कई सेक्टरों (बैंकिंग, आईटी) के प्रदर्शन में भिन्नता जोखिम बढ़ता है। यदि एक में गिरावट आई तो अन्य भी प्रभावित होते हैं।

सूचना का अभाव : निवेशकों को सूचकांकों और संबंधित कंपनियों की जानकारी का अभाव हो सकता है, जिससे वे गलत निर्णय ले सकते हैं।

दिव्यांगों के लिए एमएफ, आईपीओ, बॉण्ड जैसे शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना लक्ष्य

दिव्यांगजनों तक पहुंच बेहतर बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख मौद्रिक शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया है। दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल बड़े सहयोग का हिस्सा है जिसका लक्ष्य वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है ताकि उन्हें बाजारों से जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके।

अग्रवाल ने बताया कि इन संकेतों के अनुवाद से बधिर समुदाय को वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के अवसर खुलेंगे। नये विकसित संकेतों में म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख शब्द हैं। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। आईएसएलआरटीसी के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार ने बताया कि केंद्र ने शब्दकोश के विस्तार को अन्य संगठनों से भागीदारी की है। अकादमिक शब्दावली एनसीईआरटी जबकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित चंडीगढ़ स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान की जानकारी पर बनाई गई है।

एनएलसी ने किया 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया है। कोयल मंत्रालय ने कहा कि इससे एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन रोका गया है।

मुख्य रूप से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन कंपनी एनएलसी ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। एनएलसी इंडिया (एनएलसीआईएल) ने 1,380 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों और 51 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने 10,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई अनुषंगी कंपनियों- एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) तथा एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनआईजीईएल) का गठन किया है।

लौह अयस्क उत्पादन 7.4% बढ़ा, 11.6 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लौह अयस्क उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 7.4% बढ़कर 11.6 करोड़ टन रहा। खान मंत्रालय के अनुसार 2023-24 की इसी अवधि में यह 10.8 करोड़ टन था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 15.4% बढ़कर 15 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 13 लाख टन था।

लौह अयस्क

उत्पादन : 11.6 करोड़ टन

वृद्धि : 7.4% (10.8 करोड़ टन)

प्राथमिक एल्युमीनियम

उत्पादन : 17.49 लाख टन

वृद्धि : 17.26 लाख टन

मैंगनीज अयस्क

उत्पादन : 15 लाख टन

वृद्धि : 15.4% (13 लाख टन)

परिष्कृत तांबा

उत्पादन : 2.02 लाख टन

वृद्धि : 5.8% (1.91 लाख टन)

मूल्य के संदर्भ में लौह अयस्क कुल खनिज उत्पादन का 70% है। अलौह धातु क्षेत्र में, प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन बढ़कर 17.49 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17.26 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि आलोच्य अवधि के दौरान, परिष्कृत तांबे का उत्पादन 5.8% बढ़कर 2.02 लाख टन हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.91 लाख टन था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक देश है। चालू वित्त वर्ष में लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योगों, मुख्य रूप से इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को बताती है।

एआईटीए अध्यक्ष के खिलाफ प्रदेश संघों ने वापस लिया अविश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव वापिस ले लिया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी। एआईटीए से मान्यता प्राप्त आठ प्रदेश टेनिस संघों ने जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। शनिवार को बैठक बुलाई गई थी। जैन ने इस पर रोक लगाने के लिए अदालत की शरण ली थी लेकिन उनकी याचिका स्वीकार नहीं की गई। आरोप लगाया था कि विभिन्न पदों के लिये नामांकन दाखिल करने वाले कई उम्मीदवारों ने खेल कोड का उल्लंघन किया था।

अनुबंध के अलावा हर मैच के लिए मिलेंगे 7.50 लाख

मुबंई, एजेंसी

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर मिलेंगे।

शाह ने शनिवार शाम एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीजन में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। गौरतलब है कि आईपीएल का मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर में हो सकता है जिसमें हर फ्रेंचाइजी के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प होगा।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 में आयरलैंड को दी शिकस्त

अबुधाबी। रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया।

आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जायेगा लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिये रिकेलटन ने बेहतरीन पारी खेली। हेंडरिक्स ने 31 गेंद में पचासा जड़ा लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए। रिकेलटन 48 गेंद में 76 रन बनाए।

अंतर्राष्ट्रीय मैचों की वापसी से दिग्गज खुश

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक के इंतजार के बाद नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मैच की वापसी से भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल खासे उत्साहित हैं। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 23 और 24 अक्टूबर को भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक की रजत पदक विजेता का मुकाबला करेगी। अरसे बाद हो रहे इस मैच को देखने के लिए हॉकी इंडिया ने कई पूर्व हॉकी सितारों को न्योता भेजा है। भारत ने आखिरी बार जनवरी 2014 में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग का फाइनल खेला था।

ओलंपिक में 1964 टोक्यो स्वर्ण, 1968 मेक्सिको कांस्य और 1972 म्यूनिख कांस्य के विजेता पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक खड़े होकर हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मेरा मानना है कि बहुत सारे प्रशंसक भारत और जर्मनी का उत्साह बढ़ाने के लिए भी आएंगे। आखिरकार वे एक दशक के बाद एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखेंगे।

- हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल बोले- एक दशक के बाद उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखने को मिलेगा

1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और 1982 में दिल्ली में एशियाई खेलों की रजत विजेता टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक शामिल हुए और जिन विशाल स्टेडियमों में हम खेले। जर्मनी एक कठिन टीम है। हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे मुकाबला हुआ था, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय उनसे आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

खेल डायरी

क्रिकेटर मुशीर खान सड़क हादसे में घायल

लखनऊ। ईरानी कप में भाग लेने लखनऊ आ रहे मुबंई रणजी टीम के सदस्य मुशीर खान पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे का शिकार हो गए जिन्हे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मुशीर शुक्रवार शाम अपने गृहनगर आजमगढ़ से कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए थे मगर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में क्रिकेटर की गर्दन और कंधे पर चोट लगी है। उन्हे तुरंत लखनऊ के मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे बाहर मगर स्थिर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर क्रिकेटर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि हड्डी रोग विभाग के निदेशक डा धर्मेंद्र सिंह की निगरानी में मुशीर का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। चोट के चलते मुशीर का लखनऊ के इकाना स्टेडियम में एक अक्टूबर से शुरु होने वाले ईरानी कप से बाहर रहना तय माना जा रहा है और चोट की तीव्रता से जल्द ही निर्धारित होगा कि वे रणजी ट्रॉफी में भाग ले पाएंगे कि नहीं। बताया कि इस हादसे में उनके पिता और दो अन्य को भी चोट लगी है।

फ्रांस में कट से चूकीं त्वेसा और प्रणवी

ड्यूविले (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक लचर प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां दूसरे दौर के बाद लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस टूर्नामेंट में कट से चूक गईं। पहले दौर में 72 का स्कोर बनाने वाली प्रणवी ने दूसरे दौर में 79 का बेहद खराब प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ पहले दौर में 76 का स्कोर बनाने वाली त्वेसा ने दूसरे दौर में 72 का बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन एक शॉट से कट से चूक गईं।

न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप करने के करीब श्रीलंका

गॉल (श्रीलंका)। श्रीलंका शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की श्रृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतेगा। फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है। मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया। दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़ चुके हैं। तीसरे दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 13 विकेट चटकाए जिसमें सुबह के सत्र के नौ विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (00) का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया। उन्होंने पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस (91 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (61) और कप्तान केन विलियमसन (46) ने दूसरे विकेट के लिए 97 रन

त्रिशा-गायत्री की हार, भारत का अभियान समाप्त

मकाऊ। मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और हसीह पेई शान से मिली हार के बाद भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 54वीं रैंक की चीनी ताईपे की लड़कियों ने मात्र एक घंटे के खेल में 17-21, 21-16, 10-21 से घुटनो पर बैठा दिया। पहले गेम में अच्छी शुरुआत के साथ चीनी ताइपे की जोड़ी ने 13-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, हंग और हसीह की जोड़ी ने अगले आठ में से छह अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए शानदार खेल का मुजाहिरा किया और मैच में वापसी की। दूसरे गेम को भारतीय जोड़ी ने 21-16 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के मकसद से, चीनी ताइपे की टीम ने निर्णायक गेम में एक बार फिर भारतीय शटलरों पर दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से इस गेम को अपने नाम किया।

बारिश की भेंट चढ़ा मैच का दूसरा दिन

ग्रीनपार्क में मैदान से नहीं हटे कवर्स, आज भी पूरा मैच होने के आसार कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होटल से सुबह ड्रेसिंग रूम पहुंचीं दोनों टीमें, एक घंटे में वापस लौट गईं
- आसमान पर घने बादलों के कारण स्टेडियम में दिन में छाया रहा अंधेरा

107 रन 3 विकेट के नुकसान पर अब तक बना चुकी है बांग्लादेश की टीम आकाशदीप को मिल हैं दो विकेट

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण शनिवार को पूरे दिन मैदान से कवर्स नहीं हटाए जा सके। सुबह स्टेडियम पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी एक घंटे बाद ही वापस होटल लौट गए। पहले दिन भी बारिश के कारण सिर्फ 35 ओवर का खेल संभव हो पाया था, जिसमें बांग्लादेश की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। माना जा रहा है कि अगर मौसम नहीं सुधरा तो रविवार को तीसरे दिन का खेल भी बाधित हो सकता है।

कानपुर में शुक्रवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही थी। शनिवार सुबह भी आसमान पर घने काले बादल डेरा जमाए थे। इसके चलते ग्रीन पार्क मैदान पर रोशनी काफी कम थी। बारिश के कारण कवर्स भी नहीं हटाए गए। सुबह से कवर्स के ऊपर जमा पानी हटाने का काम शुरू किया। लेकिन बीच-बीच में बारिश और बौछारें काम में व्यवधान के साथ परेशानी और बढ़ाती रहीं। दोनों टीमें तय समय पर सुबह 8.30 बजे होटल से ड्रेसिंग रूप पहुंच गईं। टीमों के कोचों ने बाउंड्री पर जाकर मैदान की स्थिति देखी और वापस ड्रेसिंग रूम में लौट गए। करीब एक घंटा तक दोनों टीमें ड्रेसिंग रूम में रुकीं। इसके बाद खिलाड़ी वापस होटल लौट गए। मैच रेफरी जेफ क्रो ने कहा कि दोपहर एक बजे तक यदि आसमान साफ हो जाता है तभी मैच के बारे में निर्णय लिया जाएगा। लेकिन दिनभर की मेहनत के बाद भी न कवर्स के ऊपर जमा पानी सुखाया जा सका और न ही बारिश बंद हुई। आखिरकार दोपहर 2.03 बजे दूसरे दिन के खेल का निरस्त करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद मायूस दर्शक दीर्घाओं से बाहर निकलना शुरू हो गए।

दिन भर मैदान पर चले तीन सुपर सॉपर

मैदान में कवर्स पर जमा बारिश का पानी निकालने के लिए शनिवार को दिन भर तीन सुपर सॉपर चलते रहे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश कितनी हुई। मैदान का एक राउंड लगाने के बाद सुपर सॉपर का टैंक खाली करना पड़ रहा था।

आईसीसी की सभी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

बेंगलुरू, एजेंसी

- 93वीं सालाना बैठक में होगा दो प्रतिनिधियों का चुनाव

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है।

महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना , उप समितियों की नियुक्ति और 2024-25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर

भारत के सामने करो या मरो मैच में लाओस की चुनौती

वियनतियाने (लाओस)। ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड में पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी।

भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा। भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद एक गोल गंवा बैठी।

चाइना ओपन : सिनर दूसरे दौर में, जैस्मीन भी जीतीं

बीजिंग, एजेंसी

शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी। सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया।

शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया। पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को हराया। विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन ने पराजित किया।

वहीं जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जैस्मीन पाओलिनी

- सबालेंका ने सवांगकेव को हराकर तीसरे दौर में किया प्रवेश

बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

बीजिंग। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी 500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा।

बॉलीवुड हलचल

देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत करते हुए भारतीय बाजार में नेट 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1 लंबे समय से सुर्खियों में रही। जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान की फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। जूनियर एनटीआर छह साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी सोलो फिल्म के जरिए एक बार फिर से छा गए हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, देवरा पार्ट 1 ने पहले दिन 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर यह कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इस फिल्म ने तेलुगु भाषा में 73 .25 करोड़, हिंदी में 7 .5 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में एक करोड़ और मलयालम भाषा में 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे दिन यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

पुरस्कार विजेता सितारों में ऐश्वर्या, मणिरत्नम और नानी शामिल

यास आइलैंड (अबू धाबी), एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आइफा) पुरस्कार-2024 के लिए आयोजित तीन दिवसीय समारोह के शुरुआती कार्यक्रम आइफा उत्सवम में ऐश्वर्या राय बच्चन, मणि रत्नम, एआर रहमान, नानी और मृणाल ठाकुर पुरस्कार पाने वाले कलाकारों में शामिल रहे।

आइफा उत्सवम में सभी चार दक्षिण फिल्म जगत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक फिल्म जगत ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन, मुख्य भूमिका (पुरुष और महिला), सहायक भूमिका (पुरुष और महिला), नकारात्मक भूमिका, संगीत निर्देशन, गीत और पार्श्व गायक (पुरुष और महिला) की श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया। तमिल सिनेमा में अभिनेता रजनीकांत अभिनीत एक्शन कॉमेडी जेलर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तमिल) घोषित किया गया। पोन्नियिन सेलवन-2 में अभिनय के लिए ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री (महिला) घोषित किया गया जबकि फिल्म के निर्माता मणिरत्नम को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। विक्रम और जयराम रवि को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सहायक भूमिका (पुरुष) का विजेता घोषित किया गया। वहीं एआर रहमान को पोन्नियिन सेलवन 2 में संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का पुरस्कार दिया गया जबकि गायक हरिचरण और शक्तिश्री गोपालन ने सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक श्रेणी में पुरस्कार जीता। वहीं तेलुगु सिनेमा में एक्शन थ्रिलर दसरा ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले नानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और शाइन टॉम चाको ने फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक कलाकार श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। मलयालम फिल्म जगत की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 2018ः एवरीवन इज ए हीरो को मिला, जो पिछले साल ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। जियो बेबी को काथलः द कोर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्रदान गया। कन्नड़ फिल्म जगत में काटेरा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि इसी फिल्म के लिए फिल्म निर्माता थरुन किशोर सुधीर ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। यहां आयोजित 24वें आइफा पुरस्कार समारोह का समापन रविवार को होगा।

आइफा उत्सवम 2024

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

हैरिस ने आव्रजन प्रणाली को सुधारने का लिया संकल्प

- उपराष्ट्रपति कमला ने अमेरिका मैक्सिको सीमा का दौरा करने के बाद की टिप्पणी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया है। हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस मुद्दे को लेकर उन पर बार-बार किए गए राजनीतिक हमलों का जवाब देते हुए यह बात कही।

अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस ने एरिजोना के डगलस में अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा

करने के बाद यह टिप्पणी की। हैरिस ने सीमा सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाने के साथ यह भी कहा कि वह अमेरिका में वर्तमान में बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के संबंध में भी कदम उठाएंगी।

नदी नहीं, मानो यहां शीशे की सतह पर चल रही नाव....

मेघालय की उमंगोट को देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का टैग, सतह तक गहरे में देख सकते हैं कंकर, पत्थर और मछलियां

शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)

शिलांग से कोई 95 किलोमीटर दूर इस उमंगोट नदी का ऐसा नजारा है, जिसे देखे बिना यकीन करना मुश्किल है। खूबसूरत पहाड़ियों और हरियाली से घिरे डौकी गांव के बीच बहती उमंगोट नदी इतनी स्वच्छ है कि उस पर चल रही नाव देख अहसास होता है जैसे वह हवा में तैर रही हो। अब जलशक्ति मंत्रालय ने इसे देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का तमगा दिया है। जब गंगा और यमुना नदी को निर्मल-अविरल बनाने के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हों और फिर भी वे प्रदूषण की मार से बेहाल हों, ऐसे में यह उमंगोट नदी सुकून देती है। यह नदी मेघालय के दरंग और शेनानंगगेडेग गांव से होकर बहती और बांग्लादेश तक जाती

है। देश-विदेश के पर्यटकों को लुभाती यह नदी कुदरत के करिश्मे से कम नहीं है। पहाड़ों के बीच से निकलती यह नदी वहीं से प्राकृतिक रूप से फ़िल्टर होकर निकलती है। इसे स्वच्छ रखने की बाकी जिम्मेदारी गांव के लोग संभालते हैं। बगल में ही डौकी गांव है तो इसे डौकी नदी भी कहते हैं। सख़्ती इतनी कि पर्यटक भी वहां कचरा फेंकने से पहले कई बार सोचते हैं, पकड़े गए तो गांव का दरबार पेशी करके तगड़ा जुर्माना वसूलता है। यहां आठ सौ रुपए देकर नाव की सवारी कर सकते हैं, जो आपको बांग्लादेश बार्डर तक की सैर कराती है। नाव पर बैठ कर सैकड़ों फुट गहरी नदी के तल तक एक-एक कंकर साफ देख सकते हैं। रंग-बिरंगी कई नस्ल की मछलियां आप को मंत्रमुग्ध कर देंगी। कुछ दूर किनारे पर लोग मछलियों को पकड़ने के लिए जाल डाले भी दिखे। कई तरह के पक्षियों की चहचाहट माहौल को और ज्यादा खुशनुमा बनाती है। नाविक शर्लिन ने बताया कि पास के गांव मॉलनयांग को एशिया का सबसे स्वच्छ गांव माना जाता है। सब पढ़े-लिखें हैं और यहां सबकी प्राथमिकता नदी को बिल्कुल स्वच्छ रखना है। सरकार के भरोसे नहीं रहते। भारत के लोगों को यहां के लोगों से नदी साफ रखना सीखना चाहिए।

होमस्टे व नदी तट पर टेंट उपलब्ध

डौकी गांव से सटे एक गांव के किनारे उमंगोट नदी तट पर टेंट-घर छह सौ रुपए में उपलब्ध है। वहां आप रात बिता सकते हैं। अक्सर नवदंपत्ति वहां ठहरते हैं। पहाड़ियों के बीच सुंदर-साफ नदी तट पर रात की चांदनी माहौल को बेहद खूबसूरत बनाता है। तट पर आपकी पसंद और मेघालय के व्यंजन भी उपलब्ध हैं, लेकिन गंदगी की अनुमति नहीं है।

नदी पर 92 साल पुराना पुल

उमंगोट नदी पर अंग्रेजों ने 1932 में बनवाया था, जो मजबूती में आज भी वैसा ही है। इसकी तुलना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला से की जाती है। चलने पर हिलता-डुलता है, जो झूले सा लगता है। इसे संसपेंशन ब्रिज कहते हैं।

एक नजर

भारत ने नेपाल को 47.4 करोड़ देने का किया वादा

काठमांडू। भारत ने नेपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और संस्कृति क्षेत्रों में 12 महत्वपूर्ण सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए 47.4 करोड़ नेपाली रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास और नेपाल सरकार के संघीय मामले एवं सामान्य प्रशासन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां इन परियोजनाओं के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 की मौत

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के एक ग्रामीण कस्बे में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर एथलेंडा मैथे ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में 15 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। एक अन्य व्यक्ति अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है।

लाहौर में मनाई गई भगत सिंह की 117वीं जयंती

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक गैर-लाभकारी संस्था ने शनिवार को भगत सिंह की 117वीं जयंती मनाई। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई और इस दौरान केक भी काटा गया। फाउंडेशन के प्रमुख इम्तियाज रशीद कुरैशी ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंग्रेजों ने 1931 में भगत सिंह को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दी थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह के साथ अन्याय हुआ था।

प्रसिद्ध लेखिका विजया भारती का निधन

हैदराबाद। जानी मानी लेखिका बी विजय भारती का शनिवार को यहां निधन हो गया। भारती कवि, लेखक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता बोज्जा थारकम की पत्नी तथा आईएएस अधिकारी बोज्जा राहुल की मां थीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सुश्री भारती के निधन पर शोक जताया है। रेड्डी ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारती ने तेलुगु अकादमी की उप निदेशक के रूप में कार्य किया और प्राचीन साहित्य कोषम और आधुनिक साहित्य कोषम का प्रकाशन किया। उनकी सेवाएं सराहनीय हैं।

कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकार

भारत ने कहा- आतंकवाद को लेकर अनिवार्य रूप से भुगतने होंगे अंजाम

- दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ रहा
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर भारत की प्रतिक्रिया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने जवाब देने के अधिकार का शुक्रवार को इस्तेमाल किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत कहा, इस महासभा ने खेदजनक रूप से एक हास्यास्पद घटना देखी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना द्वारा संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने पड़ोसियों के खिलाफ हथियार के तौर पर सीमा पार आतंकवाद का लंबे समय से इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों द्वारा भारतीय संसद पर 2001 के हमले और मुंबई के 26/11 आतंकी हमलों के संदर्भ में कहा, उसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजार तथा तीर्थस्थलों पर हमला किया है। मंगलानंदन ने कहा, सूची लंबी है। ऐसे देश का हिंसा के बारे में कहीं भी बोलना पूरी तरह पाखंड है। शरीफ ने अपने संबोधन में अपेक्षा के मुताबिक कश्मीर मुद्दा उठाया और कहा था कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को बहाल करना होगा और शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को कश्मीर पर करारा जबाव देती हुईं।

पाकिस्तान ने लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया

भारत ने जोर देकर कहा कि चुनावों में धांधली के इतिहास वाले देश के लिए एक लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना बड़ा अजीब है। उन्होंने कहा असल सच्चाई यह है कि पाकिस्तान की नजर हमारे क्षेत्र पर है और वास्तव में, उसने भारत के अविभाज्य और अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है। युवा भारतीय राजनयिक ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि एक देश जिसने 1971 में नरसंहार किया था और जो अब भी अपने अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता है, वह असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिमाकत करता है। दुनिया खुद देख सकती है कि पाकिस्तान की असलियत क्या है। इसके बाद एक पाकिस्तानी राजनयिक ने जवाब देने के अधिकार के तहत मंगलानंदन के बयान पर प्रतिक्रिया दी।

आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता

भाविका मंगलानंदन ने कहा कि भारत ने आपसी सामरिक व्यवस्था के उनके देश के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। सामरिक व्यवस्था के किसी प्रस्ताव के संदर्भ में जवाब देते हुए भारत ने कहा कि आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता। बल्कि पाकिस्तान को भी यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने पड़ेंगे। मंगलानंदन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को याद दिलाया कि यह वही देश है जिसने लंबे समय तक अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में कई आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ है। भारतीय अधिकारी ने कहा शायद इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उसके (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित सभागार में ऐसा बोलेंगे। फिर भी हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शब्द हम सभी के लिए कितने अस्वीकार्य हैं।

संरा का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है भारतः भूटान

संयुक्त राष्ट्र। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ में अपने नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। तोबगे ने भूटान के सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) की श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर से मिले समर्थन व मित्रता को लेकर हार्दिक आभार जताया। तोबगे ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा संयुक्त राष्ट्र को आज की दुनिया की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद का मौजूदा स्वरूप अतीत की निशानी है। हमें ऐसी परिषद की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान भू-राजनीतिक, आर्थिक परिदृश्य और सामाजिक वास्तविकताएं झलकती हों। उन्होंने कहा कि भूटान लंबे समय से 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद में सुधार करने की पैरवी करता रहा है ताकि इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाया जा सके। तोबगे ने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनाने का भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति, जनसंख्या तथा ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है।

इजराइल का लेबनान पर भीषण हमला

हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कमांडर व डिप्टी की मौत

हिजबुल्ला के मुख्यालय में हुए धमाके की तस्वीर।

- लेबनान के साथ तनाव बढ़ने पर इजराइली सेना ने अतिरिक्त रिजर्व सैनिक तैनात किए

बेरूत, एजेंसी

लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कमांडर मोहम्मद अली इस्माइल और उनके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल की मौत हो गई। लेबनान के एमटीवी ने यह जानकारी दी। वहीं उससे पूर्व हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला कर हिजबुल्ला चीफ को मार गिराया।

इजराइली सेना लेबनान के साथ तनाव बढ़ने के बीच अतिरिक्त रिजर्व सैनिकों को तैनात कर रही है। सेना ने कहा कि वह रिजर्व सैनिकों की तीन बटालियन को सक्रिय कर रही है। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में दो बटालियन को संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरी इजराइल भेजा गया था। हिजबुल्ला ने शनिवार को उत्तरी और मध्य इजराइल तथा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर दर्जनों रॉकेट दागे।

नेतन्याहू के पहुंचते ही हमले के बजने लगे सायरन

बेरूत। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिका की यात्रा से लौटते ही तेल अवीव अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित पूरे मध्य इजराइल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजराइली सेना ने कहा कि सायरन बजने के कुछ ही देर बाद यमन से दागी गई मिसाइल को मार गिराया गया। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण 44 लोगों की मौत

पेरी (फ्लोरिडा)। अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। इससे कई पेड़ उखड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के कारण एक मकान पर पेड़ गिर जाने के कारण वहां रह रही एक महिला, उसके एक महीने के जुड़वां बच्चे तथा एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत-बचाव अभियान के दौरान तीन अग्निशमन कर्मियों की भी मौत हो गई। हेलेन तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में कम से कम 44 लोग मारे गए हैं।

इमरान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले बढ़ाई सुरक्षा

- सैन्य शहर रावलपिंडी में विरोध प्रदर्शन का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पंजाब सरकार ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले शनिवार को सैन्य शहर रावलपिंडी में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। पीटीआई के संस्थापक खान ने शहर के ऐतिहासिक लियाकत बाग पार्क में जलसा (रैली) आयोजित करने के अपने पूर्व निर्णय को पलटते हुए शहर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा था कि सरकार इस स्थल पर रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी और इसके बजाय शहर से दूर सभा के लिए स्थान उपलब्ध कराएगी। प्रांतीय सरकार ने

विरोध प्रदर्शन से पहले सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कें बंद कर दीं। पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण राजनीतिक सार्वजनिक सभा आयोजित करेगी।

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 59 लोगों की मौत

काठमांडू। नेपाल में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। नेपाल के कई हिस्सों में गुरुवार से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नेपाल में हुई 59 लोगों की मौत 34 काठमांडू घाटी में हुई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ में 36 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 44 लोग लापता हैं जिनमें से 16 काठमांडू घाटी में लापता हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है।

बांग्लादेश में राजनीतिक दल बनाएंगे हिंदू

हिंदू समुदाय के नेता अस्थिरता व भय के माहौल में चाहते हैं स्थिरता

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नेता एक समर्पित राजनीतिक दल के गठन पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जो अस्थिरता और भय के माहौल में उनकी सुरक्षा तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत को दर्शाता है।

बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) और अन्य संगठनों के हिंदू नेता अब पृथक राजनीतिक दल के गठन या आरक्षित संसदीय सीट की मांग की संभावना पर चर्चा करने में लगे हैं। बीएचबीसीओपी के प्रेसिडियम सदस्य काजल देबनाथ ने कहा फिलहाल तीन विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पहला, 1954 से पृथक निर्वाचन प्रणाली पर लौटना। दूसरा, हिंदुओं के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी का गठन और तीसरा, अल्पसंख्यकों के लिए संसद में सीट आरक्षित करना। आवामी लीग की नेता शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय के विरुद्ध हुई हिंसा के पश्चात इन बातों पर चर्चा होने लगी है।

1971 में हिंदू 22 प्रतिशत थे, आज 8 प्रतिशत रह गए

हिंदू समुदाय के नेता राजन कर्माकर ने कहा, एक राजनीतिक दल बनाने के बारे में चर्चा एवं विचारों का आदान-प्रदान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हालांकि अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस विषय पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा प्रस्तावित राजनीतक दल बदलाव का एक महत्वपूर्ण जरिया हो सकता है और सुनिश्चित करेगा कि उनकी चिंताओं को सुना जाए तथा उनका समाधान हो। ऐतिहासिक रूप से, 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश में हिंदू कुल जनसंख्या का करीब 22 प्रतिशत थे लेकिन आज वे करीब आठ प्रतिशत रह गए हैं। हिंदुओं ने हिंदू जनसंख्या में इस गिरावट के लिए सामाजिक-राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने एवं हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, देबनाथ ने कहा कि हिंदुओं के लिए पार्टी बनाने से अल्पसंख्यकों को संभवत: फायदा नहीं होगा क्योंकि इससे धर्मनिरपेक्ष वोट बिखर सकते हैं और मकसद में कामयाबी नहीं मिल पाएगी।

बिम्सटेक से संबंध मजबूत करने को प्रतिबद्ध

- विदेश मंत्री ने सात देशों के समूह से व्यापक भागीदारी की पुष्टि की

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी पड़ोस प्रथम और एक्ट ईस्ट नीतियों के अनुरूप सात देशों के समूह बिम्सटेक के साथ व्यापक भागीदारी की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जयशंकर ने शुक्रवार को उच्च स्तरीय सत्र के इतर न्यूयॉर्क में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। यह बैठक बिम्सटेक नेताओं के शिखर सम्मेलन की तैयारी करने के लिए की गयी। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा में हमारे करीबी सहयोग का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र में भौतिक, समुद्री और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा क्षमता निर्माण, कौशल विकास और परस्पर संपर्क में सुधार लाने के अवसर तलाश किए। विदेश मंत्री ने कहा, बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र का विकास एक सामूहिक संकल्प है।

विदेश मंत्री जयशंकर सिंगापुर के अपने समकक्ष के साथ बातचीत करते हुए।

सिंगापुर व अन्य देशों के अपने समकक्षों से की मुलाकात

संयुक्त राष्ट्र। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया। जयशंकर 79वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं।

खैबर पख्तूनख्वा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को इंजन के काम नहीं करने के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा के करीब उत्तर वजीरीस्तान जिले में हुई। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में 14 लोग सवार थे। एक तेल कंपनी का विशेष हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य जख्मी हो गए। हेलीकॉप्टर मरी पेट्रोलियम कंपनी का था। आठ घायलों में से तीन रूसी पायलट शामिल हैं जिन्हें 'कम्बाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल' (सीएमएच) में भर्ती कराया गया है।

ज्ञान-विज्ञान | शोध में यह जानकारी सामने आई जो समुद्री जीवों के लिए चिंताजनक हो सकती है

कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण मछलियों के लिए बड़ा खतरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्रकाश प्रदूषण मछलियों की अगली पीढ़ी के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। नए शोध में यह जानकारी सामने आई है। इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोबायोलॉजी चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज और मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। वैज्ञानिकों ने कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर अध्ययन किया।

रात में प्रकाश प्रदूषण के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर किए गए शोध से पता चला कि प्रकाश के संपर्क मे आने से इनके व्यवहार में बड़ा परिवर्तन देखा गया, जो बेहद चिंताजनक है और इसका अधिक बूरा असर मछलियों की अगली पीढ़ी में देखने को मिल सकता है। दरअसल मछलियों का जीवन बेहद संवेदनशील होता है, जिसे प्रकाश भी प्रभावित कर सकता है और कृत्रिम प्रकाश तो और भी बुरा असर डाल सकता है। वर्तमान में कृत्रिम प्रकाश का उपयोग बड़ी मात्रा में होने लगा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खगोलीय अध्ययन में पड़ा है। जिस कारण खगोल वैज्ञानिकों का अंधेरी रातों में अध्ययन दूभर हो चला है। मगर समुद्री जीवों को भी प्रकाश प्रभावित कर सकता है, इसका खुलासा अब होने लगा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम प्रकाश के दूसरे कुप्रभाव भी हो सकते हैं। जिसका पता शोध के बाद ही चल सकता है। नए अध्ययन से पता चला है कि रात में कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली मछलियाँ न केवल चिंताजनक व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, बल्कि उनकी संतानें, जो रोशनी के संपर्क में नहीं थीं, उन्होंने भी अजीब व्यवहार प्रदर्शित किया है। कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर यह अध्ययन किया। अध्ययन में प्राकृतिक अंधेरे-प्रकाश चक्र को बाधित कर दिया और नीली रोशनी का प्रयोग किया। नीली रोशनी हमारे फोन समेत अन्य उपकरणों में उत्सर्जित होती है, जो जीवों के लिए बेहद हानिकारक है।

चिंता का विषय है कृत्रिम रोशनी

नैनीताल : रात में कृत्रिम प्रकाश जीवों के प्राकृतिक व्यवहार को प्रभावित करती है और शरीर विज्ञान और सर्कैडियन लय को बाधित कर सकती है। यह भले ही नया शोध है, लेकिन महत्वपूर्ण और व्यापक पारिस्थितिक चिंता का विषय है। वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन को साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट में प्रकाशित किया है।